3 राजधानी
नकली नोट छापने वाले गैंग का पर्दाफाश

6 अभिमत
बिहार में औद्योगीकरण की संभावनाएं

9 राष्ट्रीय
लश्कर के पांच हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

10 विदेश
श्रीलंका में आठ और मंत्रियों ने ली शपथ

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 195
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



काउंटी क्रिकेट में खेलने का फायदा मिलेगा
स्पोर्ट्स-12

# भारत समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धः मोदी

● टोक्यो में आईपीईएफ के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र के देशों से संबंधों को मजबूत करने की जताई प्रतिबद्धता




टोक्यो में इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी के शुभारंभ पर अपने समकक्ष जापानी फुमियो किशिदा, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा**/एजेंसियां। नई दिल्ली/टोक्यो

**भारत** एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है और वह निरंतर विकास, शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करना चाहता है। टोक्यो में इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (आईपीईएफ) के शुभारंभ पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि आईपीईएफ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को वैश्विक आर्थिक विकास का इंजन बनाने की सामूहिक इच्छा की घोषणा है। पीएम मोदी ने कहा कि लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की नींव 3टीज यानी ट्रस्ट (विश्वास), ट्रांसपैरेंसी (पारदर्शिता) और टाइमलाइनेस (समयबद्धता) पर आधारित होनी चाहिए।

प्रधानमंत्री की ये टिप्पणी चीन द्वारा इस क्षेत्र में आक्रामक रुख अपनाने और क्वाड संगठन की बार-बार आलोचना करने की पृष्ठभूमि में आया है। मालूम हो कि भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया क्वाड संगठन का हिस्सा हैं। क्वाड शिखर सम्मेलन से पहले, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को कहा था कि संयुक्त राज्य अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति विफल हो जाएगी, क्योंकि यह वाशिंगटन द्वारा बीजिंग को नियंत्रित करने के लिए तैयार की गई है। वांग यी ने दक्षिणी चीनी शहर ग्वांगझू में पाकिस्तान के विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के साथ अपने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडो-पैसिफिक रणनीति अंतरराष्ट्रीय समुदाय विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बहुत अधिक चिंता का कारण बन रही है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ-साथ कई अन्य देशों के नेताओं की वर्चुअल उपस्थिति में आईपीईएफ लॉन्च समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में भारत ऐतिहासिक रूप से व्यापार प्रवाह का केंद्र रहा है। गुजरात के लोथल में दुनिया का सबसे पुराना वाणिज्यिक बंदरगाह है। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए साझा और रचनात्मक समाधान खोजने की आवश्यकता पर बल दिया। (शेष पेज 8)

## मुझे पत्थर पर लकीर खींचना पसंद हैः पीएम

**टोक्या (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन उन्हें प्राप्त शिक्षा और मूल्यों ने चुनौतियों का सामना पूरे साहस के साथ करना सिखाया है।

टोक्यो की दो दिवसीय यात्रा के पहले दिन मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही भारत महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, मुझे मक्खन पर लकीर करने में मजा नहीं आता हैं, मैं पत्थर पर लकीर करता हूं। प्रधानमंत्री ने भारत में हाल में खासकर बुनियादी ढांचा, सुशासन, हरित प्रगति और डिजिटल क्रांति के क्षेत्र समेत विभिन्न आर्थिक-सामाजिक प्रगति और सुधार पहल का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय यात्रा पर जापान पहुंचे। वह यहां क्वाड नेताओं के एक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। टोक्यो में 24 मई को होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में मोदी के अलावा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस हिस्सा लेंगे।

## भारत में निवेश को विस्तार दें जापानी उद्योगपतिः प्रधानमंत्री

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोक्यो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत में कारोबारी सुगमता के लिए उठाए गए कई कदमों को रेखांकित किया तथा जापानी उद्योगपतियों को यहां पर निवेश के लिए ज्यादा अवसरों को तलाशने का आह्वान किया। भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में वैश्विक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) धीमा रहा लेकिन भारत में रिकॉर्ड 84 अरब अमेरिकी डॉलर का एफडीआई आया।

मोदी ने जापानी कंपनियों को भारत में और ज्यादा हिस्सेदारी के लिए आमंत्रित किया तथा भारत की विकास यात्रा में जापान के योगदान को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'जापान वीक' आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। टोक्यो में अग्रणी जापानी कारोबारियों से मुलाकात के दौरान राउंडटेबल की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने भारत का पक्ष पूरी मजबूती के साथ रखा। (शेष पेज 8)

# विनय कुमार सक्सेना होंगे दिल्ली के उपराज्यपाल

● राष्ट्रपति भवन ने बयान जारी कर दी 22वें उपराज्यपाल की नियुक्ति के बारे में जानकारी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**काफी** इंतजार के बाद देश की राजधानी दिल्ली को नया उपराज्यपाल मिल गया है। राष्ट्रीय खादी विकास एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना को यह जिम्मेदारी दी गई है। सक्सेना दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल होंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। सक्सेना, अनिल बैजल का स्थान लेंगे, जिन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए पिछले सप्ताह पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत के राष्ट्रपति को श्री विनय कुमार सक्सेना को उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का उपराज्यपाल नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हो रही है। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन उपराज्यपाल नजीब जंग के अचानक इस्तीफा देने के बाद 1969 बैच के आईएएस अधिकारी बैजल को दिसंबर 2016 में दिल्ली का 21वां उपराज्यपाल नियुक्त किया गया था। (शेष पेज 8)

## दिल्ली की बेहतरी के लिए देंगे पूरा सहयोगः केजरीवाल

**नए** उपराज्यपाल की नियुक्ति पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली की जनता की तरफ से नवनियुक्त उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का स्वागत करते हैं। दिल्ली की बेहतरी के लिए उन्हें मंत्रिमंडल की तरफ से पूर्ण सहयोग मिलेगा। (शेष पेज 8)

## सक्सेना ने ही खादी को बनाया वैश्विक ब्रांड

**विनय** कुमार सक्सेना भारतीय कॉर्पोरेट और सामाजिक क्षेत्र में एक जाना-माना नाम है। उनके पास तीन दशकों से अधिक का विशाल अनुभव है। उन्हें अक्टूबर 2015 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का अध्यक्ष बनाया गया था। (शेष पेज 8)

# ज्ञानवापी प्रकरणः किस मामले पर पहले हो सुनवाई, फैसला सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**वाराणसी** के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में जिला जज ए. के. विश्वेश की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए पहले किस मामले पर सुनवाई हो , इस पर अपना फैसला मंगलवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में दोनों पक्षों की ओर से कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं। किस याचिका कर पहले सुनवाई होगी, जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश की अदालत इस पर मंगलवार को फैसला सुनाएगी। उन्होंने बताया कि हिन्दू पक्ष की ओर से कहा गया है कि कमीशन की कार्रवाई पहले हुई है, इसलिए मुस्लिम पक्ष इस पर अपनी आपत्ति जताए।

शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने वाद चलेगा की नहीं इस पर सुनवाई के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर मुस्लिम पक्ष ने अदालत में आज बहस की। उन्होंने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने दावा किया कि उच्चतम न्यायालय का आदेश है, कि मुकदमा चलाने लायक है कि नहीं इस पर पहले सुनवाई की जाय। वहीं हिन्दू पक्ष ने जिला जज की अदालत में कहा कि सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत ने कमीशन की कार्यवाही पर दोनों पक्ष से आपत्ति मांगी थी। पहले जिला जज की अदालत में इस पर सुनवाई होनी चाहिए। जिला जज ए के विश्वेश की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनते हुए फैसले को सुरक्षित रख लिया। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने पिछले शुक्रवार को ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर मामले को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत से जिला जज के न्यायालय में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। (शेष पेज 8)

## यदि चीन ताइवान पर हमला करता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगाः बाइडन

**टोक्यो (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो उनका देश सैन्य हस्तक्षेप करेगा। यह पिछले कुछ दशकों में ताइवान के समर्थन में दिए गए प्रत्यक्ष एवं जोरदार बयानों में से एक है।

वहीं चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बाइडन के बयान के शीघ्र बाद यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम अमेरिकी टिप्पणी की निंदा करते हैं और उसे खारिज करते हैं। इससे पहले बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद स्वशासित द्वीप की रक्षा करने का दबाव और भी बढ़ गया है। तोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में बाइडन से सवाल किया गया कि यदि चीन ताइवान पर हमला करता है, तो क्या वह सैन्य हस्तक्षेप करके इसकी रक्षा करने के इच्छुक हैं। इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हां। उन्होंने कहा, हमने यह प्रतिबद्धता जताई है। अमेरिका ताइवान को ऐसी स्पष्ट सुरक्षा गारंटी देने से परंपरागत रूप से परहेज करता रहा है। उसकी ताइवान के साथ कोई आपसी रक्षा संधि नहीं है।

# मोदी मैसुरु में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मैसुरु में मुख्य कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। कोरोना वायरस महामारी के चलते दो साल के अंतराल के बाद कार्यक्रम का आयोजन सामान्य रूप से किया जा रहा है। आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि चूंकि, देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, ऐसे में योग दिवस देश भर में 75 ऐतिहासिक स्थलों पर मनाया जाएगा और इसका मुख्य जोर वैश्विक स्तर पर भारत की एक विशेष पहचान बनाने पर होगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत सिलसिलेवार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और इस कड़ी में हैदराबाद में 27 मई को आयोजित कार्यक्रम में 10,000 प्रतिभागी भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 25 दिन पहले से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में शिवडोल में दो मई को और यहां लाल किला में सात अप्रैल को बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से 50 दिन पहले शिवडोल में और 75 दिन पहले दिन पहले दिल्ली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस साल मैसुरु में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा, 21 जून को मुख्य आकर्षण गार्डियन रिंग होगा, जो एक रिले योग स्ट्रीमिंग (योग का सीधा प्रसारण) कार्यक्रम है और इसमें विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों को डिजिटिल माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। सोनोवाल ने कहा कि प्रस्तावित योजना में कार्यक्रम के प्रसारण की शुरूआत सूर्योदय के देश जापान से स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे होगी और इसका समापन न्यूजीलैंड से होगा। इस कार्यक्रम में करीब 70 देशों के भाग लेने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री, फिल्म और खेल जगत की हस्तियां, योग विशेषज्ञ आदि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# जाति जनगणना पर सर्वदलीय बैठक इस सप्ताह संभवः नीतीश

**भाषा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को संकेत दिया कि जातीय जनगणना को लेकर बहुप्रतीक्षित सर्वदलीय बैठक इस सप्ताह के अंत में हो सकती है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं ने मुख्यमंत्री से जातीय जनगणना से संबंधित सवाल किया। संवाददाताओं ने उन अपुष्ट खबरों के बारे में पूछा जिसमें इस मामले पर एक बैठक 27 मई को बुलाने की बात कही गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा, 27 तारीख को लेकर अनेक दलों से बातचीत हुई है। अभी सभी दलों की सहमति नहीं मिली है, सभी की सहमति आने के बाद ही बैठक होगी। उन्होंने कहा कि हमलोग शुरू से ही जातीय जनगणना कराना चाहते हैं। बिहार विधानसभा ने इसको लेकर दो बार प्रस्ताव पारित किया है। नीतीश ने कहा कि इस बार सभी पार्टियों की बैठक करके और निर्णय लेकर कैबिनेट के माध्यम से इसको मंजूरी दी जाएगी और इस पर काम शुरू किया जाएगा, यही इसका तरीका है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सभी दल के लोगों के साथ चर्चा हो रही है। एक बार बैठक हो जाएगी तो अच्छा होगा।

## जदयू के अनिल हेगड़े राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए

**पटना।** जनता दल (यूनाइटेड) नेता अनिल हेगड़े को सोमवार को बिहार से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। हेगड़े एक उपचुनाव में राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। हेगड़े ने विधानसभा परिसर से निर्वाचन का अपना प्रमाणपत्र प्राप्त किया और सीधे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे और पार्टी के वरिष्ठ नेता को धन्यवाद दिया। कुमार ने राज्यसभा टिकट के लिए हेगड़े का नाम चुनकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। पिछले साल दिसंबर में महेंद्र प्रसाद के निधन के कारण राज्यसभा सीट के लिए यह उपचुनाव कराना पड़ा था। कर्नाटक में जन्मे हेगड़े का कार्यकाल वर्ष 2024 तक होगा। हेगड़े को नीतीश कुमार से दिवंगत जॉर्ज फर्नांडीस ने मिलवाया था। इस बीच अब सभी की निगाहें राज्य से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव पर टिकी हैं जिसके लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रक्रिया शुरू होनी है।



विजय प्रमाणपत्र के साथ नीतीश कुमार से मिलते नव निर्वाचित सांसद अनिल हेगड़े

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,288 | ↓ 38 | |
| निफ्टी | 16,215 | ↓ 51 | |
| सोना | 50,980 | ↑ 151 | /10g |
| चांदी | 61,770 | ↑ 363 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आईटी मंत्रालय के वैज्ञानिक ने शास्त्री भवन से कूद दी जान

**नई दिल्ली।** शास्त्री भवन की सातवी मंजिल से कूद कर इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में कार्यरत वैज्ञानिक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पश्चिमी दिल्ली के पीरागढ़ी निवासी राकेश मलिक के रूप में हुई है। मलिक शव शास्त्री भवन के गेट नंबर दो के सामने मिला, जिसमें केंद्र सरकार के कई मंत्रालय है। पुलिस उपायुक्त अमृता गुगुलोथ के अनुसार शास्त्री भवन से एक व्यक्ति के कूदने के बारे में सूचना मिली थी। जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, तो उस व्यक्ति की पहचान राकेश मलिक के रूप में हुई। संसद मार्ग थाने के अधिकारियों की एक टीम और एम्बुलेंस के साथ अपराध शाखा की एक टीम मौके पर पहुंची।

# बारिश ने दी गर्मी से राहत, एयरपोर्ट-सड़कों पर आफत

● जगह-जगह जलभराव व पेड़ गिरने से लगा जाम, 100 से अधिक उड़ानें हुईं प्रभावित

● शहर के कई हिस्सों में मकान गिरने से आठ लोग घायल, कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित



नई दिल्ली में बरसात के बाद सड़कों पर भर गया पानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**तेज हवा** के साथ बारिश ने लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से तो काफी राहत दी, लेकिन आंधी के कारण कई जगह मकान और पेड़ गिर गिर गए। इससे करीब आठ लोग घायल हो गए। सड़कों पर पेड़ गिरने से प्रमुख सड़कों पर यातायात जाम हो गया। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। एयर पोर्ट पर 130 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं और 20 परिवर्तित की गईं। हालांकि बारिश के बाद पारा 11 डिग्री सेल्सियस तक नीचे लुढ़क गया। इससे मौसम शिमला जैसा सुहाना हो गया और लोगों ने सुकून की सांस ली।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते सोमवार सुबह तेज आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई। इससे कई जगहों पर पेड़ गिर गए जिससे सड़क किनारे खड़े आठ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौसम विभाग ने कहा कि बीते कुछ दिन से झुलसा देने वाले गर्मी का सामना कर रही राष्ट्रीय राजधानी में इस सीजन में यह पहली मध्यम तीव्रता की आंधी थी। दमकल अधिकारियों ने कहा कि शहर के ज्वालापुरी, शंकर रोड और मोती नगर इलाकों में मकान गिरने की घटनाओं में आठ लोग घायल हो गए।

निगम अधिकारियों ने कहा कि दक्षिण दिल्ली के न्यू मोतीबाग में एक पेड़ कार पर गिर गया, हालांकि उसमें सवार लोग बच गए। दिल्ली कैंट और धौला कुआं इलाकों से भी ऐसी ही घटनाएं हुई। (शेष पेज 8)

## दिल्ली में शिमला सा एहसास, पांच दिन तक नहीं चलेंगी लू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बारिश** और आंधी के चलते सोमवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान काफी कम हो गया। यह सुबह 5 बजकर 40 मिनट पर 29 डिग्री सेल्सियस था, जो गिरकर सुबह 7 बजे 18 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे मौसम काफी सुहाना हो गया और दिल्ली में शिमला जैसा एहसास हो रहा था। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिमी राजस्थान को छोड़कर देश में कहीं और लू के हालात बनने का अनुमान नहीं है। उत्तरी पाकिस्तान से आने वाली एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय मौसम प्रणाली ने बारिश वाले बादलों का निर्माण किया जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सोमवार को सुबह बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में कई जगहों पर गरज के साथ छींटे पड़े, जबकि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों और राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। आईएमडी ने कहा कि सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त 24 घंटों में, हरियाणा के फरीदाबाद में नौ सेंटीमीटर बारिश हुई, जबकि गुरुग्राम और झज्जर में सात सेमी बारिश हुई, (शेष पेज 8)

# सड़कों पर आज उतरेंगी 150 ई-बसें, तीन दिन मुफ्त यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में मंगलवार से इलेक्ट्रिक बसों की बड़ी खेप सड़कों पर उतरेगी। सड़कों पर दौड़ने वाली इलेक्ट्रिक बसों में 3 दिनों तक दिल्ली वाले मुफ्त सफर कर सकेंगे। केजरीवाल सरकार ने लोग इन बसों में यात्रा करने और इसके सुविधा का अनुभव साझा करने का अनुरोध किया है। एक साथ 150 इलेक्ट्रिक बसों को सार्वजनिक बेड़े में शामिल कर दिल्ली सबसे अधिक बसों को एक साथ सड़क पर उतारने के रिकार्ड की बराबरी करेगी। इन इलेक्ट्रिक बसों को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हरी झंडी दिखाकर आईपी डिपो से रवाना करेंगे। इसके बाद ये बसें प्रमुख रूटों रिंग रोड पर तीव्र मुद्रिका, रूट नं. 502 मोरी गेट और महरौली टर्मिनल के बीच, रूट नंबर ई-44 आईपी डिपो- कनॉट प्लेस, सफदरजंग, साउथ एक्सटेंशन, आश्रम, जंगपुरा, इंडिया गेट रूट पर चलेंगी। जीरो स्मोक, जीरो एमिशन वाली इन अत्याधुनिक बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस, 10 पैनिक बटन, दिव्यांगों के लिए रैंप आदि से लैस हैं। इन 150 बसों के रख रखाव के लिए मुंडेलकलां, राजघाट और रोहिणी सेक्टर-37 में तीन डिपो को पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बस डिपो के रूप में तैयार किया गया हैं। आने वाले महीनो में और 150 बसों को शामिल किया जाएगा। आने वाले 3 दिनों 24, 25 व 26 मई तक कोई भी व्यक्ति इन बसों में मुफ्त में यात्रा कर सकता है।

इनके अलावा दिल्ली सरकार अपनी ई-बसों को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को इसमें यात्रा, अनुभव, प्रचार और प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता की भी ऐलान करेगी। (शेष पेज 8)

# नोएडा गोल्फ कोर्स के अफसरों पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## मुख्य मार्ग को बैरियर लगाकर कर रखा है अवरुद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गोल्फ कोर्स सर्विस रोड पर बैरियर लगाकर अवरुद्ध किया गया मार्ग।

नोएडा गोल्फ कोर्स के अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ पुलिस ने एफ आईआर दर्ज की है। मिली जानकारी के मुताबिक गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट ने मुख्य मार्ग को बैरियर लगाकर अवरुद्ध कर रखा था। जिसकी वजह से लोग परेशान थे। पुलिस से शिकायत कर रहे थे। सेक्टर 37 की पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह की ओर से यह मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट ने जानबूझकर सार्वजनिक यातायात के मार्ग को बैरियर लगाकर अवरुद्ध किया। जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ने की संभावना है। एफआईआर में बताया गया है कि सेक्टर 37 पुलिस चौकी पर तैनात हेड कांस्टेबल शक्ति सिंह और कांस्टेबल सचिन कुमार गश्त कर रहे थे। जब पुलिसकर्मी गोल्फकोर्स के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि मुख्य मार्ग पर बैरियर लगाकर यातायात और आवागमन को अवरुद्ध किया गया था। जिससे लोगों को बड़ी परेशानी हो रही थी, लोगों ने पुलिस कर्मियों से शिकायत की। आम लोगों में गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट के खिलाफ रोष व्याप्त था। पुलिसकर्मियों ने गोल्फकोर्स के अधिकारियों, कर्मचारियों को बैरियर हटाने और मार्ग अवरुद्ध नहीं करने के लिए कहा था। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुलिसकर्मियों की बात नहीं सुनी।

नोएडा गोल्फ कोर्स के साथ विवादों का पुराना रिश्ता है। करीब 2 साल पहले पर्यावरणविद विक्रांत तोंगड़ ने नोएडा गोल्फ कोर्स के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में मुकदमा दायर किया था। गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट पर अवैध रूप से जल दोहन करने का आरोप लगा था। इस मामले में एनजीटी ने पहले जांच का आदेश दिया था। जांच में विक्रांत के आरोप सही पाए गए थे। एनजीटी ने नोएडा गोल्फ कोर्स पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया था। इसके अलावा गोल्फ कोर्स से गेंद बाहर आकर मुख्य मार्ग से गुजरते वाहनों पर गिरने की तमाम घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें कारों के शीशे टूटने और लोगों को चोट लगने की शिकायतें शामिल हैं।

आपको बता दें कि नोएडा गोल्फ कोर्स दिल्ली-नोएडा मेट्रो रूट और शहर के मुख्य मार्ग पर है। सेक्टर 37 से आगे बढ़ते ही जहां गोल्फकोर्स की दीवार शुरू होती है, वहां सर्विस लेन पर बैरियर लगाया गया है। गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट बैरियर के पास एक सिक्योरिटी गार्ड तैनात रखता है, जो सर्विस लेन का उपयोग करने वाले लोगों को रोकता है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट का उद्देश्य इस सड़क को बाधित करके लोगों का आवागमन रोकना है। इसकी वजह से कई सेक्टरों के लोग परेशान होते हैं।

मैनेजमेंट अपने मुख्य द्वार के सामने से लोगों का आवागमन होने देना नहीं चाहता है। इस मुद्दे को लेकर कई बार शहर के आम लोग शिकायत कर चुके हैं। गोल्फ कोर्स मैनेजमेंट को यह बैरियर हटाने के लिए पूर्व में कहा जा चुका है, लेकिन इन चेतावनी पर कोई अमल नहीं किया गया। इस बार मैनेजमेंट के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की गई है। जल्दी कार्रवाई की जाएगी। नोएडा गोल्फ कोर्स को संचालित करने वाली संस्था और कंपनी के शीर्ष पदों पर नोएडा अथॉरिटी के मौजूदा व पुराने अधिकारी हैं। यही वजह है कि नोएडा गोल्फ कोर्स का मैनेजमेंट मनमर्जी से काम करता है। शहर के सबसे व्यस्त मार्ग की सर्विस लेन को बैरियर से रोककर रखा गया है। यह पूरी तरह नोएडा विकास प्राधिकरण के नियमों का उल्लंघन है। सही मायने में इसके लिए अथॉरिटी को गोल्फ कोर्स के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

# नोएडा में बुलेट पर स्टंट करते युवक का वीडियो वायरल

## पिछले दो दिनों में चौथी वीडियो सामने आई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्धनगर शहर स्टंटबाजों का शहर बनता जा रहा है। बीते दो दिनों में 3 स्टंट की वीडियो वायरल हुई। अब ग्रेटर नोएडा में एक बुलेट राजा का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर खड़ा होकर स्टंट कर रहा है। यह युवक बिल्कुल उसी तरीके से स्टंट करने का प्रयास कर रहा है, जैसे दीवाना फि ल्म में शाहरुख खान ने किया था।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने इस मामले पर जांच शुरू कर दी है। स्टंट करने वाले युवक का नाम मोहित गुर्जर पुत्र सुदेश बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर खड़ा होकर स्टंट कर रहा है। पहले युवक स्टंट करता हुआ बॉडी दिखाता है और फिर हाथ बांधकर बाइक पर खड़ा हो जाता है। स्टंट करने वाले युवक ने ब्लू कलर की जींस और वाइट कलर की टी शर्ट पहनी हुई है।

बुलेट मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर गौतमबुद्ध नगर का ही है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दादरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ओमिक्रोन सेक्टर का है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# इमारत की 5वीं मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करते समय एक मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार को थाना क्षेत्र में स्थित गौर संस निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करते समय चंदन राय 24 वर्ष निवासी पश्चिम काशीमपुर कलियागंज उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल 5वीं मंजिल से नीचे गिर गया। अत्यंत गंभीर हालत में उसको उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित आरोग्य हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संक्षिप्त समाचार



सेक्टर 31 स्थित कमर्शियल कांप्लेक्स में लगी आग के दौरान उठता धुंआ।

### व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 31 में स्थित कमर्शियल कंपलेक्स में सोमवार की दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। इस आग की चपेट में कई दुकानें आ गई है। घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम को दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस हादसे में कई दुकानें जलकर राख हो गई हैं। दुकानों में लाखों रुपए का सामान रखा हुआ था।

### ऑपरेशन पाताल के तहत 7 दिनों में 22 आरोपी दबोचे

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने जनपद में ऑपरेशन पाताल की शुरुआत



की है। इस अभियान के तहत अभी तक 22 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ऑपरेशन पाताल के तहत अवैध हथियार की तस्करी और अवैध हथियार रखने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस अभियान में जितने भी लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन सभी पर संगीन मुकदमे भी दर्ज है। एक हफ्ते में कुल 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नोएडा के एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि शहर में संगीन अपराधों में शामिल आरोपियों की तलाश की जा रही है। शहर में अपराध को रोकने के लिए ऑपरेशन पाताल की शुरुआत की गई।

### इको वैन और रोडवेज की टक्कर में 2 की मौत

**नोएडा।** सोमवार की सुबह दादरी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 91 पर एक बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई है और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल लोगों का इलाज अस्पताल में किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों महिलाओं के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह हादसा रोडवेज बस और इको वैन के बीच में भीषण टक्कर होने से हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक इको वैन गाड़ी में सवार 8 लोग बुलंदशहर से गाजियाबाद जा रहे थे। उसी दौरान नेशनल हाईवे 91 पर दादरी कोट पुलिस चौकी के पास रोडवेज बस और इको वैन में टक्कर हो गई। इस हादसे में मौके पर ही दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर 2 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। बाकी 6 घायल लोगों का इलाज किया जा रहा है।

# तेज आंधी, बारिश से कई सेक्टरों में गिरे पेड़

## *बिजली का खंभा टूटने से रोड हुआ बंद, लोग हुए परेशान*



बीटा-1 सेक्टर पर आंधी से टूटकर बीच सड़क पर गिरा पेड़।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बीती रात से एनसीआर में मौसम में बदलाव है। बारिश के साथ तेज आंधी भी आ रही है। जिसकी वजह से ग्रेटर नोएडा में बीती रात को काफ ी पेड़ उखड़ गए। इसके अलावा कई बिजली के खंभे भी टूट कर सड़क पर गिर गए। ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों में काफी स्थानों पर बिजली के खंभे और पेड़ टूटे हुए पड़े हैं। बारिश और आंधी ने गर्मी से तो राहत दे दी है, लेकिन काफी नुकसान पहुंचाया है।

ग्रेटर नोएडा के बीटा-1 और डेल्टा सेक्टर में पेड़ टूट कर गिर गए हैं। सेक्टर बीटा 1 में रहने वाले लोगों ने बताया कि बीती रात को बारिश के साथ तेज आंधी आई थी। जिसकी वजह से एक बड़ा पेड़ टूटकर गिर गया। यह पेड़ टूटकर एक दूसरे घर पर जाकर गिरा है।

हालांकि इस हादसे में कोई भी जनहानि या माल की हानि नहीं हुई है, लेकिन पेड़ टूटने की वजह से रोड पूरी तरीके से ब्लॉक हो गया है। सेक्टर वासियों ने ग्रेनो अथॉरिटी और वन विभाग से अपील की है कि वह इस टूटे हुए पेड़ को जल्द से हटा दें। लोगों को काफ ी दिक्कतें हो रही हैं और विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## टीम ने वैशाली में कई जगह दुकानों से सामान भी किया जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

वैशाली सेक्टर चार में सोमवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार के पार्किंग स्थल पर बनाए गए दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं, फुटपाथ सहित दुकान को आगे तक बढ़ा कर लगाने वालों के सामान को जब्त कर दिया गया। भविष्य में अतिक्रमण और बाहर तक दुकान न लगाने की चेतावनी दी गई।

वैशाली सेक्टर चार में सड़क किनारे सहित बाजारों में हो रहे अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए सोमवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 से अधिक दुकानों को हटाने के साथ दुकान के बाहर तक सामान रखने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई। दुकान को आगे तक लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सामान जब्त कर लिया गया।

जोनल प्रभारी सरिता सिंह का कहना है कि वैशाली सेक्टर चार में पार्किंग स्थल पर दुकान लगाने वाले सहित अन्य दुकानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। आज मंगलवार को वसुंधरा मुख्य सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कर अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, विजय सहित अन्य अधिकारी सहित प्रवर्तन दल मौजूद रहा।

# घर से लापता छात्र दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इंदिरापुरम इलाके से दो दिन पूर्व घर से गया छात्र पुलिस को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर मिल गया है। बच्चे की सकुशल बरामदगी पर परिजनों ने राहत की सांस ली है। छात्र नौंवी कक्षा में मेहनत करने के बाद भी अच्छे अंक नहीं आने से परेशान था इसलिए उसने घर से भागने की योजना बनाई।

एसपी सिटी ट्रांस हिंडन ज्ञानेंद्र सिंह के मुताबिक दो दिन पूर्व इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा में पढने् वाला छात्र दो बजे अचानक चला गया था।

छात्र के मिलने पर यह बात सामने आई है कि वह पढ़ाई को लेकर परेशान था। छात्र दिल्ली के एक युवक के संपर्क में सोशल मीडिया के जरिए आया और जिस दिन घर से गया वह सीधा उसी मित्र के पास पहुंचा। मित्र से छात्र ने 200 रुपये लिए और मेट्रो का कार्ड रिचार्ज कराकर रविवार को दिनभर मेट्रो में घूमता रहा।

## शादी के पंडाल में दो लोगों को लगा करंट

**नोएडा।** दादरी थाना क्षेत्र के गांव घोड़ी बछेड़ा में जनरेटर के तार से करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे में एक युवक और घायल हो गया है। जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव घोड़ी बछेड़ा में एक बारात आई थी। बरात के लिए पंडाल लगा था। बीती रात को आई तेज आंधी के चलते पंडाल गिर गया। पंडाल में जरनेटर चल रहा था।

# मेडिकल डिवाइस पार्क की स्कीम लॉन्च

## प्राधिकरण सीईओ ने कहा-70 हजार को लोगों को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास और यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। मेडिकल डिवाइस पार्क में भूखंड आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को प्लॉट स्कीम लांच कर दी गई है। भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियां इस मेडिकल डिवाइस पार्क में जमीन हासिल कर सकती हैं।

यमुना अथॉरिटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क से करीब 70000 लोगों को रोजगार मिलेंगे। यह भारत का पहला ऐसा केंद्र बनेगा, जहां स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े उपकरणों का निर्माण किया जाएगा। इससे देश हेल्थ इक्विपमेंट्स के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा। सीईओ ने बताया कि इस मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास दो चरणों में किया जाएगा। सोमवार को पहले चरण के तहत 110 एकड़ क्षेत्रफ ल में भूखंड आवंटन स्कीम लॉन्च की गई है। इस योजना के तहत 85 भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यह भूखंड आवंटन योजना आज घोषित कर दी गई है। यह उत्तर भारत का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क है जिसके लिए भारत सरकार ने 100 करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि दी है। यह धनराशि यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी को मिल चुकी है। सीईओ ने बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास सेक्टर 28 में यह मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है। जिसका कुल क्षेत्रफ ल 350 एकड़ निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने पिछली बोर्ड बैठक में भूमि आवंटन प्रक्रिया पूरी तरह बदल दी है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 754/ई-निविदा/2022-23 दिनांक : 23.05.2022

**ई- निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सहसपुर की भूड्डी पेयजल योजना के अन्तर्गत निम्न विवरणानुसार ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम (तकनीकी बिड एवं कॉमर्शियल बिड) आधार पर आमंत्रित की जाती हैं :-

| निविदा क्र0 सं. | विकास खण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सहसपुर | जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सहसपुर की भूड्डी पेयजल योजना में नलकूप अधिष्ठापन, उर्ध्व जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 1519300.00 | ₹4000+GST | 12 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0स0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 25.05.2022 at 11:00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 26.05.2022 at 11:00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 31.05.2022 at 11:00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 03.06.2022 at 11:00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 09.06.2022 up to 17:00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 09.06.2022 upto 17:00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 10.06.2022 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय" अधिशासी अभियन्ता



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रोहन सहानी/ मीनाक्षी/ वेद प्रकाश/ लता/ LBDEL00004965262/ LBDEL00004961412 | प्लॉट नंबर-149, चौथी मंजिल, छत के अधिकार के साथ, ब्लॉक- ए, सेक्टर -8, द्वारका, दिल्ली 110075/ 20 मई, 2022 | नवम्बर 10, 2021 ₹ 73,55,445/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 24, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में, प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विषेश रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुण कुमार झा/ बबीता झा (9600001622 & QZDEL00005004690) | संपत्ति संख्या- ए-581, पहली मंजिल, बिना छत के, ब्लॉक-ए शास्त्री नगर दिल्ली, दिल्ली/ 20 मई, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 13,71,019/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दारएवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: मई 24, 2022
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**SBFC**
SBFC Finance Pvt. Ltd.
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनेन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक **28 मई 2022** को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, फरीदाबाद जनपद शाखा: D-2, पहली मंजिल, नजदीक 1-2 चौक फरीदाबाद हरियाणा और गुरूग्राम जनपद शाखा पहली मंजिल, प्रोपर्टी नं.342/9, सुभाश नगर, नई रेलवे रोड, गुरूग्राम 122001,गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर, वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर - 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:** AP00106631,AP00119828,AP00132422,AP00145957,AP00161488,AP00163273,AP00167955, AP00171938,AP001724 46,AP00174088,AP00175350,AP00183054,AP00187324,AP00190807, AP00194699,AP00195948,AP00198128,AP00202481,AP00256718,AP00270260,AP00282120, AP00290243,AP00305872,AP00310599,AP00311006,AP00313107,AP00313577,AP00316233, AP00328198,AP00331128,AP00334291,AP00338411,AP00340623,AP00345128,AP00351228, AP00352686,AP00357235,AP00358242,AP00358539,AP00363381,AP00363857,AP00365340, AP00366097,AP00366587,AP00369260,AP00370605,AP00372944,AP00376772,AP00378633, AP00384012,AP00385874,AP00398293,AP00401888,AP00406727 **GHAZIABAD:** Ap00329383, AP00332826,AP00336551,AP00362506,AP00377474,AP00384220,AP00401398,AP00407642 **NOIDA:** AP00333070,AP00353151,AP00368967,AP00378807,AP00392511,AP00395559,AP00406834

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,

एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है



**प्रपत्र 'जी' - अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

[दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन]

| | प्रासंगिक विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | कार्पोरेट देनदार का नाम | अंसल अर्बन कंडोमिनियम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 19-09-2008 |
| 3 | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज - दिल्ली, भारत, कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन |
| 4 | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U51909DL2008PTC183513 |
| 5 | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | 115, अंसल भवन, 16, के.जी. मार्ग नई दिल्ली-110001 |
| 6 | कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि | 10-03-2022 |
| 7 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण की तिथि | 24-05-2022 |
| 8 | संहिता की धारा 25(2)(ज) के अधीन समाधान आवेदकों की ग्राह्यता : | विस्तृत विवरण उपलब्ध है तथा cirp.ansalurban@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है । |
| 9 | धारा 29क के अधीन अग्राह्यता के मानदंड : | विस्तृत विवरण उपलब्ध है तथा cirp.ansalurban@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है । |
| 10 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि | 08-06-2022 (अप. 5.00 से पूर्व/तक) |
| 11 | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 18-06-2022 |
| 12 | अनंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 23-06-2022 |
| 13 | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 02-07-2022 |
| 14 | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा समाधान योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि | 23-06-2022 |
| 15 | समाधान योजना हेतु अनुरोध, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने की विधि | क्र. सं. 8 के अनुसार ग्राह्य संभावित समाधान आवेदक और गैर-प्रकटीकरण अनुबंध/वचनपत्र निष्पादित करने के पश्चात ई-मेल द्वारा अनुरोध पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्राप्त कर सकते हैं। |
| 16 | समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 23-07-2022 (अप. 5.00 से पूर्व/तक) |
| 17 | समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की विधि | डाक द्वारा अथवा दस्ती सीलबंद लिफाफे में और उसके बाद ई-मेल पुष्टि |
| 18 | निर्णायक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि | 22-08-2022 |
| 19 | समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | राजेश रमनानी पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00993/2020-21/13187 |
| 20 | समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है | राजेश रमनानी डी-44, द्वितीय तल, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028 ई-मेल आईडी : rajeshramnani2407@gmail.com |
| 21 | पता और ई-मेल, जो समाधान प्रोफेशनल के साथ पत्राचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | राजेश रमनानी 83, नैशनल मीडिया सेंटर, शंकर चौक, निकट एम्बियंस मॉल/डीएलएफ साइबर सिटी, गुरूग्राम, हरियाणा-122002 ई-मेल आईडी : cirp.ansalurban@gmail.com |
| 22 | अतिरिक्त विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध है | cirp.ansalurban@gmail.com पर ई-मेल भेजकर प्राप्त की जा सकती है |
| 23 | प्रपत्र "जी" के प्रकाशन की तिथि | 24-05-2022 |

राजेश रमनानी (समाधान प्रोफेशनल)
वास्ते अंसल अर्बन कंडोमिनियम्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00993/2020-21/13187
डी-44, द्वितीय तल, नारायणा विहार, नई दिल्ली-110028
तिथि : 23-05-2022, स्थान : गुरूग्राम


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## ट्रॉनिका सिटी में जाली नोटों की करते थे छपाई

- चार लाख के तैयार नोट व 30 लाख छपे नोटों की शीट बरामद

पायनिर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ट्रॉनिका सिटी में जाली नोटों की छपाई करने वाले एक फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों के पास से 500 रुपये के 4.63 लाख रुपये के नकली नोट, जबकि 30 लाख रुपये से ज्यादा के जाली नोटों की शीट बरामद किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने छपाई में इस्तेमाल किए जा रहे कंप्यूटर, प्रिंटर और मशीन को जब्त कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त अमित गोयल के अनुसार, अपराध शाखा की टीम को जानकारी मिली थी कि दिल्ली एनसीआर में एक गैंग नकली नोटों की छपाई कर रहा है। एएसआई अजय और हवलदार यशवीर को पता चला कि न्यू उस्मानपुर के पास आशीष जैन नामक एक युवक जाली नोट लेकर आएगा।

इस सूचना पर एसीपी रोहताश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राजीव कक्कड़ की टीम ने आशीष जैन को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से डेढ़ लाख रुपये के जाली नोट बरामद हुए। जैन की निशानदेही पर उसके साथी राजपाल उर्फ राजू को पकड़ा गया। उसके पास से 3.13 लाख रुपये के जाली नोट मिले। इसके अलावा नकली नोटों की शीट भी बरामद हुई जिस पर 3.75 लाख रुपये के नोट छपे हुए थे। पुलिस ने ट्रॉनिका सिटी स्थित फैक्ट्री पर छापा मारकर तीन सीपीयू जब्त किए।



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार आरोपी।

# महिला का नंबर सार्वजनिक करने वाला रेलकर्मी धरा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सेक्स चैट (अश्लील बातचीत) के लिए एक महिला का मोबाइल नंबर कथित रूप से सार्वजनिक करने के आरोप में रेलवे के 22 वर्षीय कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान पश्चिम करावल नगर निवासी अमित यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि यादव ने ऐसा महिला से बदला लेने के लिए किया था क्योंकि महिला ने अपने एक रिश्तेदार की बेटी से संबंध रखने को लेकर उसे डांटा था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामला 10 मई को तब सामने आया जब महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि उसे कई नंबरों से सेक्स चैट के लिए कई संदेश और फोन कॉल आ रहे हैं। पुलिस ने महिला के घर के आसपास गहन पूछताछ की और अन्य इलेक्ट्रॉनिक विवरण- आईपी एड्रेस समेत- और कई नंबरों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड एकत्र किए, जिनसे उसे फोन किया गया था।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) समीर शर्मा ने कहा कि जांच में उन्होंने पाया कि अमित यादव ने महिला का फोन नंबर प्रसारित करने के लिए एक व्हाट्सऐप अकाउंट बनाया था। उन्होंने बताया कि करावल नगर इलाके में छापेमारी कर यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान यादव ने खुलासा किया कि वह भारतीय रेल में कैटरिंग स्टाफ के रूप में काम करता है और जनवरी 2020 में वह एक लड़की के संपर्क में आया था जो शिकायतकर्ता की बहन थी और उसके साथ ट्रेन में यात्रा कर रही थी।



पुलिस के अनुसार, वे दोस्त बन गए और अपने फोन नंबरों का आदान-प्रदान किया। डीसीपी ने कहा, हालांकि लड़की की जल्द ही शादी होने वाली थी और उसके परिवार को जब उसके रिश्ते के बारे में पता चला, तो उसने यादव को फोन किया और उसे फटकार लगाई।

# अगले वर्ष से डीएसईयू में सीयूईटी से हो सकते हैं दाखिले

**नई दिल्ली।** दिल्ली और एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) ने सोमवार को कहा कि वह अगले अकादमिक वर्ष से स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईडी) के अंकों को निश्चित महत्व देने पर विचार करेगा। वर्ष 2020 में स्थापित डीएसईयू ने इस शैक्षणिक वर्ष में सीयूईटी को नहीं अपनाया है और पीईजी नामक परीक्षा के आधार पर छात्रों को दाखिला दे रहा है।

डीएसईयू की कुलपति निहारिका वोहरा ने मीडिया से बातचीत कहा कि विश्वविद्यालय इस शैक्षणिक वर्ष में सीयूईटी के माध्यम से छात्रों को स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं देगा। इस साल वह सीयूईटी को नहीं अपना रहे क्योंकि हमारे हिसाब से देर हो चुकी है। (यूजी पाठ्यक्रमों के लिए) प्रवेश प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। हम अगले सीयूईटी को एक निश्चित महत्व देने पर विचार करेंगे। हालांकि, विश्वविद्यालय ने अभी यह तय नहीं किया है कि सीयूईटी स्कोर को कितना वेटेज दिया जाएगा।

# महिला आयोग ने खोली एमसीडी स्कूलों की पोल

- सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी नहीं, परिसर में मिली इस्तेमाल सीरिन्ज, ड्रग्स, शराब व सिगरेट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने एमसीडी स्कूलों की पोल खोल दी है। आयोग ने हाल ही में एमसीडी स्कूल में लड़कियों के साथ यौन शोषण के गंभीर मामले के बाद स्कूलों में छात्राओं की सुरक्षा की स्थिति की जांच शुरू की थी। आयोग की एक टीम जिसमें उसकी अध्यक्ष स्वाति मालीवाल, सदस्य प्रोमिला गुप्ता, सारिका चौधरी, फिरदोस खान और वंदना सिंह शामिल ने 20, 21 मई को 4 एमसीडी स्कूलों भाई मंदीप नागपाल निगम विद्यालय, अरुणा नगर (उत्तर), निगम प्रतिभा सह शिक्षा विद्यालय, केवल पार्क (उत्तर), पूर्वी दिल्ली नगर निगम प्रतिभा विद्यालय, मुस्तफाबाद (पूर्वी), दक्षिण दिल्ली नगर निगम प्राथमिक सह बाल बालिका विद्यालय, संजय कॉलोनी, भाटी माइंस (दक्षिण) का औचक निरीक्षण किया। टीम ने स्कूल भवनों का निरीक्षण किया और साथ ही छात्रों, शिक्षकों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष्ज्ञ स्वाति मालीवाल टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि हर स्कूल के गेट खुले थे और स्कूलों में सुरक्षा गार्ड नहीं थे। अरुणा नगर के स्कूल में नशा करने वाले लोग कई बार स्कूल परिसर में घुस जाते हैं और अधिकारियों को धमकाते हैं। केवल पार्क के स्कूल में इस्तेमाल की गई सीरिंज, ड्रग्स, सिगरेट के डिब्बे, गुटखा के रैपर और यहां तक ??कि टूटी हुई शराब की बोतलें देखकर आयोग हैरान रह गया। आयोग ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है।

केवल पार्क में स्कूल की बिना प्लास्टर वाली इमारत, जिसमें लगभग 800 छात्र पढ़ते हैं। वर्ष 2018 में उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा एक बोर्ड लगाया गया था, जिसमें कहा गया था, भवन के छज्जे छतिग्रस्त है, कृपया दूरी बनाये रखें ।

# स्वदेशी सोशल मीडिया कू पर आया डीएमआरसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। दिल्ली मेट्रो पहले से ही ट्विटर, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपने आधिकारिक खातों का संचालन कर रही है।

डीएमआरसी के अनुसार, भारत में बने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू पर दिल्ली मेट्रो ने सोमवार को अपने आधिकारिक खाते की शुरूआत की। दिल्ली मेट्रो का यूजर नेम एप पर ऑफिसियल डीएमआरसी है। शहरी परिवहन कंपनी ने सोशल मीडिया पर सबसे पहले वर्ष 2018 में उपस्थिति दर्ज कराई थी।

# लूटपाट की कोशिश में युवक को मार दी गोली, घायल

- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली में एक कार के अंदर मौजूद चार अज्ञात लोगों ने रास्ते में एक व्यक्ति की सोने की चेन और कड़ा छीनने के प्रयास में उसे गोली मार दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सैलून चलाने वाले प्रदीप सिंह (35) को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि सिंह पश्चिमी दिल्ली में हरि नगर घंटाघर के पास अपने साले सिमर जीत के साथ आइसक्रीम खा रहा था तभी यह घटना हुई।

पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 11.20 बजे चार लोगों के एक गिरोह ने प्रदीप की चेन और कड़ा लूटने के प्रयास में एक कार के अंदर से उस पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने कहा कि सिंह की हालत अब स्थिर है और वह खतरे से बाहर है।

डीसपी (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने कहा, कई टीमों का गठन किया गया है और इलाके में व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। डेटा की भी जांच की जा रही है। सूत्रों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# स्कूलों में खाली पदों व सुविधाओं पर सरकार से मांगा जवाब

- उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से रुख स्पष्ट करने को कहा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है जिसमें यहां के सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे की कमी को रेखांकित करते हुए प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और अन्य कर्मियों की नियुक्ति के लिए निर्देश देने की मांग की गई है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी की अध्यक्षता वाली पीठ ने सालेक चंद जैन की याचिका पर नोटिस जारी किया और शहर की सरकार को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया जिसमें मौजूदा रिक्तियों की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ उन्हें भरने के लिए उठाए गए कदमों और उन्हें भरने की समय-सीमा बताने को कहा गया है। पीठ में न्यायमूर्ति सचिन दत्ता भी शामिल हैं।

# आरडब्ल्यूए को पार्क विकसित करने के लिए मिलेंगे एक लाख

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को अपने इलाके में पार्क विकसित करने के लिए एक लाख रुपये मिलेंगे। दिल्ली सरकार ने सोमवार को ग्रीन पार्क, ग्रीन दिल्ली मिशन की घोषणा की, जिसके तहत आरआरडब्ल्यूए को पार्क के पुनर्विकास के लिए एक लाख रुपए और विकसित पार्क के रखरखाव के लिए 2.55 लाख रुपए दिए जाएंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजधानी दिल्ली में 16 हजार पार्क में से 6,345 पार्क की पहचान की गई है जिनका वर्तमान में रख-रखाव नहीं किया जा रहा है। ऐसे आरडब्ल्यूए जिन्होंने अभी तक दिल्ली सरकार के समक्ष अपने क्षेत्र के पार्क को पंजीकृत नहीं कराया है, वे एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऐसा कर सकते हैं।

राय ने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए हर आरडब्ल्यूए को 3.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। ग्रीन पार्क, ग्रीन दिल्ली के तहत आरडब्ल्यूए के पास दिल्ली में सभी पार्क को विकसित करने की जिम्मेदारी होगी। पार्क के रखरखाव के लिए पानी की आपूर्ति भी एक मुद्दा रहा है।



# गोयल बंधुओं के प्रयास से फिर से बजी फर्रूखनगर-दिल्ली ट्रैक पर सीटी

## कहा, अब और भी बंद ट्रेनों के संचालन के किए जाएंगे प्रयास

## कोरोना में बंद हुई ट्रेनों के संचालन में डीपी गोयल के प्रयास सराहनीय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कोरोना** महामारी में बंद हुई ट्रेनों के संचालन को केंद्रीय रेल मंत्री, रेल राज्य मंत्री, सांसदों से मिलकर सिफारिश करने वाले रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डीपी गोयल लंबे समय से प्रयासरत हैं। अब से पहले कई ट्रेनों का संचालन वे करवा चुके हैं। सोमवार को फर्रूखनगर-दिल्ली (04030), दिल्ली-फर्रूखनगर (04901) के बीच ट्रेन को भी शुरू करवा दिया गया।

इस मौके पर जिला परिषद गुरुग्राम उपाध्यक्ष संजीव यादव, दैनिक रेल यात्री संघ से भीम सिंह सारवान, हरभजन सिंह बाजवा, छतर सिंह पोसवाल की ओर से डा. डीपी गोयल, नवीन गोयल को क्षेत्र की तरफ से पगड़ी पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। गुरुग्राम-रेवाड़ी-जयपुर रेल मार्ग पर बंद पड़ी ट्रेनों के संचालन में अग्रणी भूमिका निभा रहे डीपी गोयल के कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र के लोगों ने धन्यवाद किया है। इस अवसर पर डीपी गोयल के साथ पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, किसान नेता राव मान सिंह ने ट्रेन को झंडी दिखाई। इससे पूर्व स्टेशन पर एकत्रित क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए डीपी गोयल ने कहा कि रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य होने के नाते उनका यह कर्तव्य है कि वे ट्रेनों संबंधित समस्याओं को मंत्रियों, सांसदों और रेल अधिकारियों तक पहुंचाएं। डीपी गोयल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार व्यक्त किया है।



गुरुग्राम के फर्रूखनगर में रेल को झंडी दिखाते अतिथि।

### यात्रियों को अब फिर से मिली सुविधा: राव मान सिंह

**किसान** नेता राव मान सिंह ने कहा कि कोरोना ने हम सबको प्रभावित किया है। रेलवे यात्रा का सस्ता साधन है। ट्रेनें बंद होने के बाद यात्रियों को अधिक खर्च करके दूसरे वाहनों में यात्रा करनी पड़ती थी। इस ऐतिहासिक स्टेशन पर ट्रेन बंद होने से यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। डीपी गोयल, नवीन गोयल ने सकारात्मक प्रयास किए और आज इस ट्रेन का फिर से संचालन हो गया है। इस सेवा के बाधित होने से 40-45 गांवों का रेल मार्ग से संपर्क टूटा हुआ था। अब इस ट्रेन के संचालन से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

### ऐतिहासिक है फर्रूखनगर स्टेशन : नवीन गोयल

**अपने** संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि फर्रूखनगर रेलवे स्टेशन ऐतिहासिक है। देश में मुंबई के ठाणे के बाद वर्ष 1873 में दूसरी लाइन यहां डाली गई थी। इस ऐतिहासिक स्टेशन के सौंदर्यकरण के लिए वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल और रेल मंत्री से मुलाकात करेंगे।

उन्होंने कहा कि परिवहन के संसाधनों में इजाफा करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। लंबी दूरी की बसों, ट्रेनों का संचालन करके यात्रियों को लाभ दिया है। इस मौके पर सन्दीप शर्मा, रजनीश सिंह राठी, गगन गोयल, धर्मेन्द्र शर्मा, राजेश बंसल, जितेश गोगिया, लोकेश नारंग भी उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर फिर सड़क पर उतरे नप के सफाई कर्मी



नगर परिषद कार्यालय के बाहर अपनी मांगों लेकर धरना पर बैठे परिषद के सफाई कर्मी।

## सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल पर रहेंगे

**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यालय में बैठे बाबुओं ने भी कलम रोकते हुए धरना में शामिल हुए। सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर दो दिन की हड़ताल पर रहेंगे।

सोमवार को एक बार फिर अपनी लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने के इरादे से नगर परिषद के सफ ाई कर्मचारी दो दिन की कामकाज रोकों का ऐलान करते हुए सड़क पर बैठ गए। धरना की अध्यक्षता कर रहे यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि उनका साथ परिषद कार्यालय में तैनात बाबुओं ने भी अपनी कमल को रोकते हुए धरना में शामिल हो गए है। उनका यह अभियान सोमवार और मंगलवार दो दिन तक चलेगा। सफाई कर्मियों के धरना पर बैठने से शहर में सोमवार को सफाई व्यवस्था चौपट रही। मंगलवार को भी न झाड़ू चलेगा और न ही पेन चलेगा के ऐलान के बाद कर्मचारी सड़क पर उतर आए है। यूनिट प्रधान विक्रम ने बताया कि इस आंदोलन में स्थाई, अस्थाई और कौशल रोजगार के तहत लगे कर्मचारी शामिल है। उन्होंने बताया कि कौशल रोजगार की नीति को सरकार तुरन्त प्रभाव से बंद करे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। कर्मचारियों को सुरक्षा का पूरा सामान समय पर दिया जाए। कर्मचारियों को ईएसआई समेत अन्य प्रकार के सभी लाभ दिए जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### आपदा में राहत बनेगा हरियाणा सरकार का ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल आरंभ किया है। इस पोर्टल के माध्यम से किसान अब सीधे ही आपदा में फसलों को पहुंचे नुकसान की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से वंचित किसानों को इस पोर्टल का लाभ मिलेगा। डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि यह फसल नुकसान की स्थिति में आवेदन, सत्यापन और मुआवजा प्रदान करने की प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार का ऐतिहासिक कदम है। इससे पहले किसानों को फसल खराबे का मुआवजा मैनुअल दिया जाता रहा है और सालों से चली आ रही मैनुअल मुआवजा प्रणाली को बदलते हुए अब इस पोर्टल के माध्यम से यह मुआवजा भी ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया है, उन किसानों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से मुआवजा राशि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पर उपलब्ध करवाए गए काश्तकार के सत्यापित खाते में सीधे जमा करवाई जाएगी। इसके लिए किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के अलावा कही भी पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि किसानों को आग, बाढ़, ओलावृष्टि, सूखा, शीतलहर, भूकम्प, भूस्खलन, बादल फटना, जलभराव, भारी बारिश, कीट का हमला और धूल भरी आंधी के कारण होने वाले फ़सल नुकसान पर मुआवजा मिलेगा। फ़सल के मुआवजे के लिए 5 स्लैब निर्धारित किए गए है जोकि 0 से 24 प्रतिशत, 25 से 32 प्रतिशत, 33 से 49 प्रतिशत, 50 से 74 प्रतिशत और 75 से 100 प्रतिशत में दिया जाएगा।

### स्वच्छता मिशन से कूड़ा-कचरा ही नहीं राजनीति में भी होगी सफाई



सोहना में एक सामाजिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्रा।

**सोहना।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्रा ने कहा कि प्रदेश देश में जब-जब भी नंबर एक की पायदान पर आया है। उसका श्रेय प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बाद राज्य के नागरिकों को जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर जमीन पर फैलने वाला कचरा ही नहीं देश की राजनीति में भी गंदगी का सफाया हो गया है। रविवार को स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्रा सोहना में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वच्छता अभियान की सफलता के रीढ़ रहे सफाई कर्मियों ने जिस लगनता से कार्य किया। वह कार्य आज श्रेष्ठता में गिना जाता है। देश को स्वच्छ बनाने का प्रधानमंत्री ने जो संदेश दिया था। आज उसे संदेश से गांव, शहर, जिला या प्रदेशों में लगे गदंगी के ढेरों का सफाया हुआ है। नरेन्द्र मोदी ने देश की राजनीति का भी कचरा साफकर दिया। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिस साफ छवि से नेतृत्व कर रहे हैं। आज राज्य में बिना पर्ची-खर्ची का सफाया करते हुए योग्यता के आधार पर गरीब से गरीब परिवार का बच्चा नौकरी प्राप्त कर रहा है। चन्द्रा ने कहा कि भाजपा ने कभी वोटों की राजनीति नहीं की। प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने वालों के खजानों को खोलकर देखोगे तो करोड़ों रुपये जमा मिलेंगे, लेकिन मनोहर लाल मुख्यमंत्री बनने के बाद भी आज बेदाग राज्य के मुखिया रहे हैं और रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद नागरिकों को गंदगी न करने और न करने देने का संकल्प दिलाया।

# मानेसर मंडल में जन-जन तक पहुंचाई मोदी सरकार की नीतियां



मानेसर मंडल के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में भाजपा जिलाअध्यक्ष गार्गी कक्कड़ का स्वागत करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

## बीजेपी जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ मंडल प्रवास पर पहुंचीं

**गुरुग्राम।** केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत मानेसर मंडल में जन-जन तक मोदी सरकार की नीतियों को लेकर संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने मानेसर प्रवास किया। सिकंदरपुर बढ़ा गांव में सरपंच सुंदर लाल यादव के कार्यालय पर गार्गी कक्कड़ का स्वागत किया गया।

भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुंदर लाल सरपंच ने बताया कि मानेसर मंडल के प्रवास में विभिन्न गांवों में दौरान करके जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने मोदी सरकार की नीतियों से ग्रामीणों को रूबरू कराया। जिला अध्यक्ष ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल पर लोगों से राय ली, साथ ही गणमान्य लोगों से केंद्र सरकार की 8 साल की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। सरपंच सुंदर लाल ने बताया कि केंद्र की ओर से शुरू की गई स्वनिधि योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रमेव जयते योजना, अमृत योजना, स्वदेश दर्शन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री कर्म योगी मानधन योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन, नेशनल स्पोर्ट्स टैलेंट सर्च स्कीम, पीएम कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

इस बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, मंडल अध्यक्ष देविंदर यादव, जिला विस्तारक सतबीर यादव, निधि कोटिया, अजित यादव पूर्व पार्षद, मंडल महामंत्री मनोज यादव, मैपस्को कासा बेला सोसायटी के आरडब्ल्यूए प्रधान धर्मबीर यादव, प्रधान लाइफ स्टाइल अमरेश मिश्रा, रहेजा सोसायटी प्रधान प्रदीप रोहिल्ला, आरडबल्यूए प्रधान रजनीश सचदेवा, आरडब्ल्यूए प्रधान पुरन सिंह, सारिका चंद्रा पाम हिल्स की आरडब्ल्यूए प्रधान, अविनाश त्रिवेदी, कृष्ण प्रताप सिंह, स्वरूप दत्ता, डीएलएफ अल्टिमा से विवेक सिंह, डीएलएफ एनटीएच सयान देब बोस अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# संजय भसीन को मिला भारतेंदू नाट्य अवार्ड

## हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हरियाणा कला परिषद के निदेशक हुए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन को अवार्ड देते अतिथि गण।

**हरियाणा** कला परिषद और सांस्कृतिक सोसायटी फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल डेवेलपमेंट के संयुक्त सहयोग से आयोजित 5वें हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन को रंगमंच के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए भारतेंदू नाट्य अवार्ड से सम्मानित किया।

गौरतलब है कि संजय भसीन युवा अवस्था से ही रंगमंच के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। विभिन्न नाटकों में अभिनय तथा निर्देशन के कारण उन्होंने हरियाणा के रंगमंच को विस्तार देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है।

रंगमंच क्षेत्र दिए गए योगदान के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा समय-समय पर संजय भसीन को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता रहा है। इसी श्रृंख्ला में भारतेंदू नाट्य अवार्ड भी शामिल हुआ है। सम्मान मिलने पर संजय भसीन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन कला को समर्पित रहा है। हरियाणा कला परिषद् के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने बताया कि संजय भसीन को सम्मान मिलने पर निष्ठा सांस्कृतिक मंच के चेयरमैन सुभाष सिंगला, सचिव योगेश गुप्ता, उपाध्यक्ष रमेश कालड़ा, अर्पि भसीन, हरजीत सिंह, केके गांधी, जगभूषण गुप्ता, गोल्डी सिंगला, कमल यादव, रजनीश भनौट, मनीष अरोड़ा, अंकुश भसीन, रविंद्र जैन, विनोद गुप्ता, शरद गोयल, सतीश सिंगला, जगदीश यादव, महेश चतुर्वेदी, भीष्म भारद्वाज, विजय अग्रवाल, कैलाश वर्मा, नवीन गुप्ता, कमल संदूजा आदि ने बधाई दी।

# ग्राम पंचायत का पंच पद तथा समिति सदस्यों का आरक्षण ड्रा 26 को

**सोहना।** खंड की 35 ग्राम पंचायतों में होने वाले आम चुनाव को लेकर 26 मई को पंच पद तथा समिति सदस्य का आरक्षण ड्रा होगा। यह ड्रा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ओपन में किया जाएगा।

प्रदेश में नगर निगम व निकाय चुनाव घोषणा के साथ-साथ ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर भी पंचायत विभाग हरकत में आ गया है। जिसकों लेकर खंड की 35 ग्राम पंचायतों में 318 पंच पद तथा 14 समिति सदस्य पदों को लेकर आरक्षण का ड्रा निकाला जाएगा। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि आरक्षण 50 फीसदी महिला आरक्षित पदों के नियमानुसार किया जाएगा। सरपंच पद के लिए अभी किसी प्रकार का आरक्षण ड्रा निकालने के आदेश जारी नहीं हुए है।

# बिजली निगम के लिए चुनौती बनकर बरसी बारिश



सोहना के सांप की नंगली जाने वाले मार्ग की बांध कॉलोनी में तेज आधी व बरसात से ट्रांसफार्मर समेत जमीन पर गिरे पोल।



सोहना के बालूदा मार्ग पर जमा बारिश का पानी।

## आंधी और बरसात ने गिराए बिजली के खंभे, जनजीवन हुआ प्रभावित

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**बरसाती** मौसम से पहले हुई बारिश ने सरकारी विभाग नगर परिषद व मार्केट कमेटी समेत बिजली निगम के लिए चुनौती बनकर बरसी। शहर के आम रास्तों से लेकर बाजार, मुख्य मार्ग तथा अनाज मंडी परिसर में जलभराव कर समस्या खड़ी हो गई है। वहीं बिजली की लाइनों के साथ खड़े 50 से 60 फुट ऊंचाई वाले पेड़ चुनौती दे रहे हैं।

सोमवार की सुबह तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने नगर परिषद, मार्केट कमेटी और बिजली निगम को सचेत कर दिया है। नगर के बालूदा मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, तावडू मार्ग, अग्रसैन चौक, शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक, नागरिक अस्पताल मार्ग सहित अनाज मंडी परिसर में जगह-जगह हुए जलभराव से नागरिकों को पैदल निकलने में भी परेशानियां हुई।

सब्जी व फ ल विक्रेता समेत रेहड़ी पर कपड़ा बेचने वालों को जमा पानी में खड़ा होना पड़ा। जबकि बालूदा जाने वाले मार्ग पर अंबेडकर कॉलोनी व हरिनगर में सड़क किनारे बना बरसाती नाले की सफाई न होने से बारिश का पानी जमा हो गया। जमा बारिश के पानी से लोग अपने घरों में कैद हो गए। नालों की नियमित सफ ाई न होने पानी की निकासी नहीं हो रही है।

ऐसा ही माहौल गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय मार्ग 248ए के साथ बनी नालियों के ऊपर अवैध रुप से लगी रेहड़ी मालिकों ने कूड़ा-कचरा डालकर बंद कर दिया है। जिससे बारिश का पानी सड़क या सर्विस मार्ग पर जमा हो गया है।

> **बिजली** की लाइनों के ऊपर आ रही पेड़ों की शाखाओं को वन विभाग से अनुमति लेने पर जल्द ही हटाया जाएगा। ताकि बारिश के मौसम में बिजली की सप्लाई आम उपभोक्ताओं को बिना रुकावट के दी जा सके।
>
> **राहुल यादव**
> **( एसडीओ बिजली निगम )**

**कूड़े-कचरे से भरे नाले :** शहरी क्षेत्र में बालूदा मार्ग, बाईपास मार्ग, नूंह मार्ग, अस्पताल मार्ग व अनाज मंडी परिसर में बने गंदे पानी के नाले की वर्षो से सफाई नहीं हुई है। नालों में साफ -सफ ाई से लेकर बाजार में बिकने वाले फ ास्ट फू ड खाने में उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों दौने, ढक्कन, प्लेट और प्लास्टिक से बनी वस्तुओं को नालों में फेंका जा रहा है। जिससे नालों में पानी की निकासी नहीं हो रही है।

**बिजली की लाइनों पर गिरे पेड़ :** सोमवार को हुई बारिश से पहले आई तेज आंधी ने सांप की नंगली, बालूदा मोड़ समेत करीब 6 स्थानों पर बिजली की लाइनों पर पेड़ टूटकर गिर गए। जिससे शहर की 8 से 10 कॉलोनियों में सुबह 6 बजे ही बिजली सप्लाई ठप हो गई।

# बिजिलेंस छापेमारी में बिजली निगम के अधिकारी-कर्मी मिले गैर हाजिर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**एसडीएम** के नेतृत्व में गठित सीएम बिजिलेंस की टीम ने बिजली निगम कार्यालय में मारे गए छापे में एसडीओ समेत बाबू गैरहाजिर मिले। एसडीएम बिजली जमा कराने के लिए आए उपभोक्ताओं की भीड़ को देखकर उग्र हुए। एसडीएम ने एसडीओ को कारण बताओ नोटिस सौंपते हुए तीन दिन में जवाब मांगा है।

एसडीएम जितेन्द्र गर्ग के नेतृत्व में खंड स्तर पर गठित सीएम बिजिलेंस उड़नदस्ता में शामिल नगर परिषद के एमई सुशील ठाकरान व एकाउंटेंट की टीम सोमवार की सुबह 11 बजे के करीब बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में पहुंच गई। जहां पर बिल जमा होने वाले काउंटर पर उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लगी हुई थी। कैस काउंटर बंद होने पर बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की लाइन बढ़ती जा रही थी। कार्यालय में पहुंच एसडीएम और उनकी टीम में सहयोग अधिकारियों को कार्यालय में बाबू नदारद मिले। बिल जमा करने वाले बाबू भी अपनी सीट से गायब थे। उपभोक्ता सूरजीत सिंह ने बताया कि कार्यालय में बिजली न होने के कारण केस काउंटर नहीं चल रहा है। उपभोक्ता सुबह 9 बजे से लाइन में लगे है। जिनमें महिला उपभोक्ता भी शामिल थी।



सोमवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में की गई छापामारी के दौरान बिल जमा करने आए उपभोक्ताओं की समस्या को सुनते हुए।



बिजली निगम के एसडीओ कार्यालय में अपनी-अपनी सीटों से गायब निगम के बाबू।

**एसडीओ को भेजा कारण बताओ नोटिस :** एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने तुरन्त प्रभाव से एसडीओ राहुल यादव के नाम कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके कार्यालय से गैरहाजिर पाए जाने का कारण पूछा है। बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन में जवाब मांगा गया है।

> **बिजली** निगम के एसडीओ कार्यालय में की गई छापामारी से गैरहाजिर मिले कर्मचारी और अधिकारी की शिकायत उपायुक्त को तुरन्त भेज दी गई है। इसके साथ तीन दिन में दिए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब न आने पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **( एसडीएम सोहना )**

# नप चुनाव में 41 हजार मतदाता चुनेंगे चेयरमैन

**सोहना।** सोहना नगर परिषद के 21 वार्डों में आम चुनाव 19 जून तथा परिणाम 22 जून को होगा। जिसके लिए राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया जारी करने के साथ चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की धड़कनें बढ़ने लगी हैं। वहीं चुनावी कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही उम्मीदवार सक्रिय हो गए।

प्रदेश में नगर निगम और निकाय के आम चुनावों पर पिछले करीब एक साल से चल रही अटकलों पर विराम चिन्ह सोमवार को लग ही गया। सोहना नगर परिषद के 21 वार्डों में होने वाले आम चुनाव को लेकर चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही राजनीतिक दलों की निगाहें अपना-अपना भावी प्रत्याशी चुनने पर गढ़ गई हैं। इस बार चुनावी मामला अदालत में पहुंच जाने से चुनाव एक वर्ष देरी से होगा।

**41 हजार मतदाता सीधा चेयरमैन चुनेंगे :** इस बार नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव मतदाता अपनी वोट से चुनेगा। जिनकी संख्या 41 हजार के लगभग है। इस बार भी सोहना नगर परिषद चेयरमैन का पद महिला के लिए आरक्षित है। इससे पहले 2016 में पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित था। उससे पहले यह पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित था। जिसमें चार वर्ष रोशनी भारद्वाज तथा एक वर्ष के लगभग संगम गोयल रही था। 2016 में पहली बार हुआ नगर परिषद आम चुनाव के बाद वार्ड पार्षदों द्वारा विभा खटाना को चेयरमैन चुना गया था।

**चुनाव होगा 19 जून को :** नगरपरिषद का चुनाव 19 जून को होगा। जिसकी अधिसूचना चुनाव आयोग ने जारी कर दी है। उम्मीदवार 30 मई से 4 जून तक अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। जिसके लिए प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय तय किया गया है। 2 जून को अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं हो सकेंगे। 6 जून को नामांकनों की जाँच होगी। जबकि 7 जून को उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकेंगे। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह व पोलिंग बूथ अलॉट किया जाएगा। जबकि 19 जून को प्रात: 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चुनाव होगा। इसके अलावा जरूरत होने पर 21 जून को रिपोल होगा। चुनावी परिणाम 22 जून को घोषित किया जाएगा।

# गुरुग्राम विश्वविद्यालय में लगा दो दिवसीय मेगा वैक्सीनेशन कैंप

## विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी लगवाया कोरोना रोधी टीका

## शत-प्रतिशत टीकाकरण मील का पत्थर साबित होगा : कुलपति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि में मेगा वैक्सीनेशन कैंप में वैक्सीन लगवाती छात्राएं।

**गुरुग्राम** विश्वविद्यालय और यूपीएचसी तिगरा ने साथ मिलकर कोरोना महामारी से छात्रों की सुरक्षा के साथ टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में दो दिवसीय मेगा वेक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया। कैंप का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

वैक्सीनेशन कैंप के पहले दिन विवि के छात्रों और शिक्षकों, अधिकारियों ने बड़े ही उत्साह के साथ कोविड-19 का टीका लगवाया। साथ ही कोरोना महामारी को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। गुरुग्राम विवि में दो दिनों तक चलने वाले मेगा वैक्सीनेशन कैंप में छात्रों के साथ टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को कोरोना का टीका लग रहा है। जिसमें दोनों डोज के साथ बूस्टर डोज भी शामिल है। वेक्सीनेशन कैंप में छात्र-छात्राओं ने बिना किसी डर-झिझक के खुश होकर टीका लगवाया और कई विद्यार्थियों ने टीका लगवाते हुए सेल्फी ली।

इस अवसर पर यूपीएचसी तिगरा की मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज डॉ. हरदीप कौर सलूजा ने कहा कि कोरोना टीकाकरण अभियान का उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के बीच कोरोना टीके की आसान पहुंच और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस मौके पर कुलपति दिनेश कुमार ने सिविल अस्पताल गुरुग्राम की चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में शत-प्रतिशत टीकाकरण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने छात्रों से कोविड वैक्सीन के महत्व को बताते हुए कहा कि महामारी की इस लड़ाई में युवाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर डॉ. वंदना हांडा, पृथु गर्ग, दीपक कौशिक एवं सिविल अस्पताल गुरुग्राम की चिकित्सा टीम में शामिल मनीषा, महिंद्री, उर्मिला और सुमन ने मेगा वैक्सीनेशन कैंप के सफल आयोजन में विशेष सहयोग किया।

# आईएमटी पुल बंद होने से लाखों लोग हो रहे परेशान

कविता। फरीदाबाद

## बीपीटीपी चौक पर जाम की वजह से बड़ौली व अन्य गांवों के लोग देरी से पहुंच रहे घर

**ग्रेटर** फरीदाबाद और शहर को जोड़ने वाले आईएमटी पुल को बंद करने से सेक्टर वासियों व ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। आईएमटी पुल के बंद होने से तिगांव और चंदावली और बीपीटीपी पुल पर जाम लग रहा है। भौर में गाय चराने निकले चरवाहे तक आईएमटी पुल अचानक बंद होने से परेशान हो गए। पुल के अवरोधकों के बीच से वह अपने पशुओं को यहां से वहां ले जाते नजर आए।

**यहां लग रहा जाम :** दिल्ली बड़ोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे निर्माण के चलते ही बीपीटीपी चौक से कोर्ट मोड़ तक बाइपास रोड बंद है। लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था न होने से प्रतिदिन हज़ारों वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पहले निकलने के चक्कर में आए दिन लोगों में झगड़े हो रहे हैं।

बडौली निवासी शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट व अन्य ग्रामीण ने कहा कि जब तक एलिवेटेड पुल का निर्माण पूरा ना हो जाए तब तक यातायात पुलिसकर्मी का संख्या बढ़ाई जाए। आगरा और गुरूग्राम नहर पर बने बीपीटीपी पुल पर लंबा जाम कई कई घंटे लगा रहता है। मौके पर न तो कंस्ट्रक्शन कंपनी का कोई कर्मचारी होता है और ना ही यातायात पुलिस कर्मी। ऐसे में पहले निकलने के चक्कर में वाहन चालक मनमर्जी और गलत तरीके से वाहनों को इधर उधर निकालने में लगते हैं। जिस वजह से यहां ज्यादा जाम लग रहा है।



आईएमटी पुल को ऐसे बंद करने के कारण परेशान हो रहे लोग।

**इसलिए लग रहा जाम:** बीपीटीपी चौक से बड़ौली के पुल तक बाइपास पर एलिवेटेड पुल का निर्माण हो रहा है पिलर खड़े कर दिए गए हैं। ऊपर गार्टर रखने का काम जारी है। इस वजह से कंस्ट्रक्शन कंपनी ने प्रथम चरण में बीपीटीपी चौक से कोर्ट मोड़ तक बाइपास की दोनों लेन बंद कर दी है। यहां आने वाले वाहन चालक बीपीटीपी पुल का प्रयोग कर रहे हैं। नहरपार सेक्टरों के निवासी और चौरासी पाल गांवों के लोगों द्वारा इसी पुल का इस्तेमाल करने से भारी जाम रहने लगा है। कई बार तो ग्रामवासियो को जाम खुलवाने में कई कई घंटे मशक्कत करनी पड़ती हैं।



शिवदत्त वशिष्ठ।

**आईएमटी भी बंद :** सोमवार की सुबह जहां बरसात से लोग जगह-जगह लगे जाम के कारण परेशान थे। वहीं आईएमटी पुल बंद होने से लोगों को अपने दफ्तरों व बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए दो से तीन किलोमीटर का लम्बा रास्ता पार कर तिगांव और चंदावली पुल से जाने को मजबूर होना पड़ा। आइएमटी पुल बंद होने से चंदावली, मच्छगर, सुनपेड़, दयालपुर, नरियाला, हीरापुर, पन्हैड़ा, नवादा समेत कई सेक्टरवासियों समेत आईएमटी निवासियों का रास्ता बंद हो गया।

# ऐप की मदद से लूटपाट करने वाले गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## आरोपियों ने एक व्यक्ति को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 2.95 लाख रुपये लूटे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच बॉर्डर प्रभारी सेठी मलिक की टीम ने लूट करने वाले एक गैंग का पर्दाफाश कर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी नीतीश अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विशाल, करण और पुनीत उर्फ पोनी शामिल हैं। तीनों गांधी कालोनी के रहने वाले हैं।

आरोपियों ने लूटपाट करने के लिए एक ऐसा तरीका अपनाया हुआ था, जिसमें पीड़ित इसके बारे में किसी को बताने में कतराते हैं। दरअसल आरोपी एक ग्राइंडर नाम की ऐप का उपयोग करते हैं। जिसमें एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी के सदस्य कनेक्ट कर सकते हैं। इसी का फायदा उठाकर आरोपी इस ऐप के माध्यम से व्यक्ति को अपने ठिकाने पर बुलाकर उसका अश्लील वीडियो बनाकर हथियार के दम पर उसे लूट लेते हैं। आरोपियों ने 11 मई को एनआईटी निवासी एक व्यक्ति को लूटा था। आरोपियों ने व्यक्ति को अपने कमरे पर बुलाकर उसका वीडियो बनाया और उसके पश्चात कट्टे तथा पिस्टल की नोंक पर उसके पर्स से 20 हजार रुपये, डेबिट कार्ड से एक लाख और क्रेडिट कार्ड से पेट्रोल पंप से 01.75 लाख रुपये का स्वाइप करवा लिया। आरोपियों ने यह बात किसी को बताने पर पीड़ित को वीडियो वायरल करने की धमकी दी थी।



ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार युवक विशाल, करण और पुनीत।

बदनामी के डर से पीड़ित ने शुरू में किसी को नहीं बताया। परंतु 22 मई को उसने हिम्मत करके थाना एसजीएम नगर में इसकी शिकायत दी। जिसके आधार पर आरोपियों के खिलाफ लूटपाट, धमकी देने तथा अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के अंदर गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपियों को गांधी कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया।

प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि यह आरोपी गांधी कॉलोनी गैंग के सदस्य हैं और यह काम वह गैंग के मुख्य आरोपी राकेश उर्फ बीड़ी तथा जयबीर उर्फ विक्की चंदेला के कहने पर करते हैं। आरोपी इस ऐप का उपयोग करके लूटपाट की वारदात को अंजाम देते हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले एक साल से इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आरोपी पुनीत इससे पहले लड़ाई झगड़े के एक मामले में जेल की सजा काट चुका है। गहनता से पूछताछ करने के लिए आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मांगों को लेकर निगम कर्मियों ने की हड़ताल




जुलूस निकाल कर विरोध प्रकट करते कर्मचारी।

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम के सफाई व सीवर कर्मियों सहित माली, बेलदार, इलेक्ट्रिशियन, आउटसोर्सिंग पे लगे क्लर्क एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मी सैनिटेशन स्टॉप ड्राइवर फायरमैन एवं फायर ड्राइवर चौकीदारों सहित 4000 से अधिक निगम कर्मचारी रहे हड़ताल पर सफाई, सीवर, बागवानी मेंटेनेंस आदि कार्य पूर्ण रूप से ठप रहा।

वही कार्यालयों का काम भी पूर्ण रूप से प्रभावित रहा प शहर में जोरदार वर्षा तेज हवाएं एवं ओलावृष्टि से जहां चारों को जलभराव की स्थिति थी वही नालों में छुपी गंदगी सड़कों पर बाहर आ गई निगम के कर्मचारियों ने बर्षात के बावजूद हड़ताल पर डटे रहे वही शहर में प्रदर्शन भी किया निगम के कर्मचारी कल भी हड़ताल पर रहेंगे हड़ताली कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की 60 साल से सबक लें सरकार ने जल्द मांगों का समाधान नहीं किया तो अनिश्चित कालीन हड़ताल होगी प्रदेश का मुखौटा कहीं जाने वाले शहरों में गंदगी के लगेंगे अंबार। पेन डाउन टूल डाउन हड़ताल की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कार्यकारी प्रधान रघुवीर चौटाला ने की तथा मंच का संचालन नानक चंद ख्यालिया ने किया। हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन करने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के विभिन्न विभागों के कर्मचारी सर्व कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान सुभाष लांबा संघ के के नेतृत्व में नारेबाजी की।

# बरसात के बाद निगमायुक्त ने किया शहर का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारी** बारिश के कारण जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिये निगमायुक्त यशपाल यादव ने एनआईटी क्षेत्र का दौरा किया और सैक्टर 21ए, 21सी और मुजेसर डिस्पोजल का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उनके साथ मुख्य अभियंता, अधिक्षण अभियंता व कार्यकारी अभियंता भी थे।

निगमायुक्त ने बताया कि आज भारी वर्षा के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिसके चलते कुछ स्थानों का निरीक्षण किया तथा सेक्टर 21ए, 21सी और मुजेसर के डिस्पोजल का भी निरीक्षण किया और पाया कि सभी डिस्पोजल चल रहे थे जिसके फलस्वरूप लगभग 2-3 घंटे के अन्दर ही सभी जगहों से पानी की निकासी हो गई। जिन डिस्पोजलों पर कुछ कमी पाई गई उसको दुरूस्त करने के लिए निगमायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। निगमायुक्त ने आगे बताया कि आने वाले मानसून में पानी की निकासी के लिए निगम ने पूरे प्रबन्ध किए हुये है और किसी भी स्थिति को निपटने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।



डिस्पोजल का निरीक्षण करते नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव।

# गोपाल शास्त्री बने युवा सेवा संगठन के अध्यक्ष

**बल्लभगढ़।** युवा सेवा संगठन की समस्त शाखाओं ने गोपाल शास्त्री को अध्यक्ष नियुक्त किया। शास्त्री ने अपनी नियुक्ति पर समस्त शाखा प्रधानों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया। संगठन के संरक्षण मण्डल सदस्य बीरेंद्र गौड़, श्याम लाल अजरौंदा, रघुवीर भारद्वाज, नरेश कुमार, विष्णु शर्मा, जय प्रकाश और मुकेश कुमार की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न किया गया।

युवा सेवा संगठन 1980 से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लगातार स्वास्थ्य जांच शिविर, गरीब कन्याओं की शादी, आंखों का ऑपरेशन, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, जरूरतमंद लोगों की मदद, विद्यालयों में खेल प्रतियोगिता व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आदि सामाजिक कार्यों को कर रहा है। कोरोना काल में संगठन ने प्रशासन के सहयोग से जरूरतमंद लोगों की मदद कर घर-घर जाकर राशन व दवाईयां वितरित की। इस कार्य के लिए उपायुक्त फरीदाबाद के द्वारा संगठन को सम्मानित किया गया।

# किसी क्षेत्र में नहीं रहेगी बिजली-सड़क की दिक्कत: नागर



रोशन नगर गणपति कालोनी में आयोजित बैठक में लोगों का अभिवादन करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर का यहां रोशन नगर गणपति कॉलोनी में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोगों ने विधायक को फूलमालाओं से लाद दिया।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि अब सीएम मनोहर लाल की घोषणा के बाद किसी भी क्षेत्र में बिजली और सड़क की दिक्कत नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि अब कोरोना काल को हम पीछे धकेल चुके हैं और हरियाणा विकास की नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम नरेन्द्र मोदी और हरियाणा में सीएम मनोहर लाल के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में कितनी ही सरकारें आई और गईं लेकिन देश हित और समाजहित में निर्णय लेने की क्षमता केवल भाजपा में है।

विधायक राजेश नागर ने कहा कि चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा हो लेकिन विकास करवाने में भाजपा ही सबसे आगे है। इसलिए जब कोई भी चुनाव आए तो भाजपा के कमल निशान को ही चुनना है।

# रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** बामणी खेड़ा स्थित यश हॉस्पिटल में अपना ब्लड बैंक पलवल और यश हॉस्पिटल बमनीखेड़ा के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में करीब 21 लोगों ने रक्तदान कर पुनीत कार्य में अपनी आहुति दर्ज की।

यश हॉस्पिटल के संचालक देव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अपना ब्लड बैंक थैलेसीमिया बच्चों की मदद के लिए पिछले लंबे समय से कार्य कर रहा है। उसी कड़ी में आज यस अस्पताल में भी थैलेसीमिया बच्चों की मदद करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने अपील करते हुए लोगों को समय-समय पर रक्तदान करने की सलाह दी। वहीं अपना ब्लड बैंक के संचालक डॉ प्रशांत गुप्ता ने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके द्वारा रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य की सराहना की।

# बीके: हड्डी रोग विशेषज्ञ के कक्ष का लेंटर गिरा

## अस्पताल में मरीजों और चिकित्सकों को हुई भारी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल द्वारा करोड़ों रुपये मैंटेनेंस पर खर्च किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ सोमवार को हुई बरसात के बाद यहां अनेक परेशानियां देखने को मिलीं। ओपीडी में सुबह लाइट गुल थी। जगह-जगह पानी भरने से यहां इलाज करवाने आए मरीज परेशान रहे।

सबसे बड़ी समस्या यहां कमरा नम्बर-19 में देखने को मिली। जहां कमरे का लेंटर, सिलिंग उखड़कर नीचे गिर गया। जिससे चिकित्सक को एक्स-रे तक बाहर खड़े होकर देखने पड़े। हालांकि कुछ समय बाद चिकित्सक दूसरे कक्ष में बैठ गए। लेकिन मरीजों के कार्ड पर कमरा नम्बर-19 लिखा होने के कारण मरीज वहां पूरे दिन पहुंचकर कमरे की हालात देखकर यहां से वहां घुमते नजर आए। अस्पताल की लिफ्ट बंद भी बंद होने से मरीजों को मजबूरन सीढ़ियों से जाना पड़ा। क्योंकि रैम्प के रास्ते में भी पानी भरने से फिसलने का खतरा था।





कमरे के बाहर पड़ी कुर्सियां सीलिंग गिरने के बाद कमरे में पड़ा मलवा।



मोबाइल की लाइट से एक्सरे देखते डॉ. रवि शंकर गौड़।

### चारों ओर फिसलन

**बीके** सिविल अस्पताल में बरसात के कारण पानी भर गया। ओपीडी के कमरों के भीतर व बाहर हर जगह पानी भरा हुआ था। पानी को साफ करने के लिए हालांकि कर्मचारी लगे हुए थे। लेकिन वह पानी को शौचालयों के रास्ते से बाहर कर रहे थे। जिस कारण शौचालयों में गंदगी हो गई। ऐसे में पानी फैला होने के कारण मरीज शौचालयों का इस्तेमाल नहीं कर सके। वहीं चारों तरफ पानी भरने से फिसलने का खतरा साफ बना हुआ था।

### बंद रही लिफ्ट

**अस्पताल** के वार्डों में जाने के लिए लिफ्ट, रैम्प और सीढ़ी है। लेकिन लिफ्ट बंद थी। बरसात के कारण जगह-जगह पानी भरा था। वहीं रैम्प पर जाने वाले रास्ते पर भी पानी था। जिस कारण मरीजों को तीमारदारों को लिफ्ट न खुलने पर पकड़कर या गोद में उठाकर सीढ़ियों से ले जाते हुए देखा गया।

### मरीज रहे परेशान

**कमरा** नम्बर-19 की सीलिंग गिरने के बाद कमरे में कचरा हो गया। कुर्सी, टेबल बाहर कर दी गई। चिकित्सक दूसरे कक्ष के बैठ गए।

ऐसे में एक कक्ष में दो चिकित्सक होने से कक्ष के बाहर लम्बी लाइन लग गई। लेकिन बाद में पहुंचे मरीज कार्ड पर कमरा नम्बर 19 लिखे होने के कारण वहां के हालात देखकर यहां से वहां चिकित्सक के बारे में पुछते नजर आए, क्योंकि कमरे के बाहर उन्हें कोई बताने वाला नहीं था।

# उप वन संरक्षक ने चौथे दिन के धरने के दौरान मांग मानी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उप** वन संरक्षक फरीदाबाद ने पुराने मजदूरों को काम पर लगाने की मांग मानी। हटाए गए सभी मजदूरों को काम पर लगाया। डीएफओ फरीदाबाद ने धरना स्थल पर आकर की सभी मांगों को लागू करने की बात। यूनियन के साथ लिखित में हुआ समझौता। लिखित समझौते के बाद धरना हुआ समाप्त। डीएफओ ने यूनियन के द्वारा लिखित प्रस्ताव को सभी वन राजिक अधिकारियों को लागू करने के लिए लिखित में आदेश किए।

इस समझौते के वक्त सीटू के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह डंगवाल, वन मजदूरों के रेवाड़ी के नेता जगदीश चंद्र, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान देवी राम, जिला सचिव दिनेश पाली, वन मजदूर यूनियन के गुड़गांव के प्रधान आजाद सिंह भमला जिला प्रधान विजय कुमार,सचिव सोनिया,रेशम कोषाध्यक्ष भी उपस्थित रहे थे। जबकि प्रशासन की तरफ से फरीदाबाद रेंज के अधिकारी रमेश चपराना और सुपरिटेंडेंट सुरजीत सिंह भी उपस्थित थे। डंगवाल ने डीएफओ के उस प्रस्ताव को ठुकराया जिसमें सभी मांगों को पहले ही लागू करने का आश्वासन दे दिया गया है। जब यूनियन इस बात पर अड़ गई की जब तक लिखित में फैसला नहीं होगा धरना नहीं उठाया जाएगा। तभी डीएफओ धरना स्थल पर पहुंचकर यूनियन शिष्टमंडल को बातचीत करने के लिए अपने कार्यालय में ले गए। इसके बाद न्यूनतम वेतन का भुगतान करने, काम करने के लिए औजार देने, वर्दी और ईएसआई पीएफ का हिसाब देने, ठेकेदारों पर अंकुश लगाने, सहित किसी भी मजदूर को काम से नहीं हटाने पर भी सहमत बन गई। उन्होंने बताया की पीसीसीएफ पंचकूला के साथ हुए समझौते को डीएफओ का कार्यालय लागू नहीं कर रहा था। इसलिए यूनियन ने 19 मई से डीएफओ के कार्यालय के सम्मुख धरना दिया। धरना लगातार जारी रहा। आज भारी बारिश के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों से वन मजदूर बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचे।

# संक्षिप्त समाचार

## केंद्रीय मंत्री से मिले लोग



**फरीदाबाद।** वार्ड-14 के अंतर्गत आने वाले एसी नगर, संत नगर आरडब्लूए के लोग और सरपंच कालोनी, अजरौंदा के गणमान्य लोग आज केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर से उनके सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पर मिले। इस मौके पर दोनों आरडब्लूए और सरपंच कालोनी अजरौंदा के लोगों ने संयुक्त रूप से एक ज्ञापन मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने वार्ड-14 से दिनेश बंसवाल को आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा का उम्मीदवार बनाए जाने का आग्रह किया, क्योंकि वे एक ईमानदार, कर्मठ और निष्ठावान व्यक्ति है। जो समाज के हर तबके के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमेशा उनके साथ खड़ा रहता है। सभी ने एक सुर में कहा कि वे तन, मन, धन से दिनेश बंसवाल के साथ हैं। गणमान्य लोगों की बात सुनने के बाद मंत्री ने कहा कि समाज के अच्छे लोग चुनकर आए यही भाजपा की सोच है। उम्मीदवार तय करना पार्टी का काम है और जनमानस में लोकप्रिय और अपनी अच्छी पैठ रखने व्यक्ति को ही पार्टी टिकट देने में सर्वोपरि रखती है।

## स्टोर कर्मियों को बंधक बनाकर साढ़े चार लाख लूटे

**फरीदाबाद।** आनलाइन शापिग कंपनी के सेक्टर-37 स्थित स्टोर में रविवार रात दो बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने पिस्टल के बल पर पांच कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके बाद लाकर में रखे करीब साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए। बदमाश कर्मचारियों को टायलेट में बंद करके फरार हो गए। सराय ख्वाजा थाना पुलिस ने स्टोर के प्रबंधक सोनू की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टोर प्रबंधक सोनू ने बताया कि आनलाइन शापिग कंपनी से मिलने वाले आर्डर की उनके स्टोर से डिलीवरी की जाती है। स्टोर देर रात तक खुलता है। रात करीब 12 बजे स्टोर में पांच कर्मचारी मौजूद थे। इसी दौरान दो बदमाश स्टोर में आ गए। उनमें एक के हाथ में पिस्टल थी। आते ही उन्होंने सभी कर्मचारियों को पिस्टल दिखाकर एक तरफ कर दिया। उनके मोबाइल टेबल पर रखवा लिए। इसके बाद कैश लाकर की चाबी मांगी। बदमाशों ने लाकर में रखे करीब साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद सभी कर्मचारियों को टायलेट में बंद कर दिया। जाते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। उनके जाने के बाद कर्मचारी किसी तरह टायलेट से बाहर आए और स्टोर प्रबंधक को काल की। प्रबंधक ने रात में ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस के साथ ही क्राइम ब्रांच भी मौके पर पहुंची। पुलिस आयुक्त ने मामले की जांच क्राइम ब्रांच की जांच सेक्टर.30 को सौंपी है।

## घर से पैसे चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने करीब 20 दिन पहले पुलिस थाना सूरजकुंड एरिया से आरोपियों द्वारा घर में घुसकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरिंद्र तथा बच्चू सिंह का नाम शामिल है। आरोपी हरिंद्र फरीदाबाद के खेड़ी कला तथा आरोपी बच्चू सिंह एसजीएम नगर का निवासी है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित सयुष ने बताया कि 26 अप्रैल को वह अपना घर पर ताला लगाकर ग्वालियर किसी काम से गया था जब वह वापस आया तो देखा कि उसका सामान बिखरा पड़ा है और उसके घर से रुपये 15000 चोरी हो चुके हैं। पीड़ित ने घर के सीसीटीवी कैमरे चेक किए परंतु उसमें उसे कोई फुटेज नहीं मिली। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सूरजकुंड में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपियों को चिमनी बाई चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने पाया कि घर पर ताला लगा हुआ है तो मौका देखकर घर में घुस गए घर से नकदी चोरी कर ली। आरोपियों के कब्जे से क्राइम ब्रांच द्वारा रुपये 5200 बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने बताया कि बाकी के पैसे उन्होंने नशे में उड़ा दिए। पुलिस पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी हरिंद्र लड़ाई झगड़ा तथा चोली के मुकदमों में दो बार जेल जा चुका है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## बरसाती पानी में उतरे करंट से झुलस कर युवती की मौत



शोकाकुल मृतक युवती के परिजन।

**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 स्थित ब्यूटी पार्लर में काम के लिए आई युवती को सोमवार सुबह बरसात के दौरान रोड पर करंट लग गया। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को बीके अस्पताल में रखवाने के बाद परिजनों को फोन कर सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक मूलरूप से मोतिहारी बिहार और हाल भगत सिंह कॉलोनी निवासी राकेश की 22 साल की साली पिंकी उनके पास रहती है। पिंकी यहां बहन-जीजा के पास रहकर सेक्टर-10 स्थित ब्यूटी पार्लर में काम करने जाती है। अन्य दिनों की तरह सोमवार सुबह भी वह पार्लर जा रही थी। तभी ब्यूटी पार्लर के सामने रोड पर पहुंच गई। बताया जाता है कि रोड पर बरसाती पानी भरा हुआ था। पिंकी उस पानी से बचकर निकल रही थी, तभी अचानक वह गिरकर बेहोश हो गई। रोड से गुजर रहे लोगों पिंकी को गिरा देख उसे उठाने का प्रयास किया। इसी बीच ब्यूटी पार्लर संचालक जोगा सिंह भी वहां पर आ गए और पिंकी को तुरंत अस्पताल लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ब्यूटी पार्लर संचालक जोगा सिंह का कहना है कि पिंकी की मौत करंट लगने से हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिव्यांग एवं बुजुर्गों के उपकरण वितरण को लेकर हुई बैठक

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव दिशानिर्देश अनुसार दिव्यांग मुक्त फरीदाबाद के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं राजस्थान एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-12 रेडक्रॉस भवन में सोमवार को मीटिंग का आयोजन किया गया। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में उपायुक्त जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आगामी 24 से 29 मई तक फरीदाबाद जिला को दिव्यांग मुक्त बनाने की ओर प्रशासन जांच माप शिविरों का आयोजन किया जाएगा। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि मीटिंग का उद्देश्य जनता के बीच में जांच माप शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार हो सके। सरकार के द्वारा 10,000 उपकरण दिव्यांगों एवं वृद्ध लोगों के बीच में ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध करा सके। इन सब को ध्यान में रखते हुए शहर के सामाजिक संगठनों के साथ सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक, घरों में पंपलेट डलवाए गए। सभी सामाजिक संगठनों से अपील भी की गई है कि इसका प्रचार ज्यादा से ज्यादा किया जाए। जिसका जनता को लाभ प्राप्त हो सके। राजस्थान एसोसिएशन के कार्यक्रम संयोजक विमल खण्डेलवाल ने बताया कि 24 मई को अग्रसेन भवन बल्लभगढ़, 25 मई को महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 21डी 26 मई को वृंदावन गार्डन गांव तिगांव में 27 मई को भोजपुरी अवधी समाज डबुआ कालोनी में 28 मई व 29 मई को, राजस्थान भवन सेक्टर-10 में शिविरों का आयोजन प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक होगा। ये सभी नि:शुल्क सहायक उपकरण की सुविधा भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत उपलब्ध करवाई जाएगी। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 मई, 2022



# सेना में भर्ती

## टूर आन ड्यूटी

**सेना** जवानों की चार वर्ष के लिए 'टूर आन ड्यूटी' पर भर्ती के लिए विचार कर रही है। भारतीय सशस्त्र बल अब जवानों की स्थाई भर्ती नहीं करेंगे। अल्पकालीन 'टूर आफ ड्यूटी'-टीओडी योजना पर विचार हो रहा है। भर्ती नौजवानों को 6 महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा और वे साढ़े तीन साल सिपाही की ड्यूटी करेंगे। उनको चार साल का कार्यकाल समाप्त होने पर अच्छे पैकेज के साथ छुट्टी दे दी जाएगी तथा टीओडी स्थिति का एक प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। सरकार को लगता है कि यह कमियों से निपटने तथा सैनिक बलों में थोड़े अंतराल पर नए लोगों को लाने का माध्यम बन सकता है। अल्पकालीन सेवा से सरकार को पेंशन व चिकित्सा लाभों पर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा, जबकि इन पर सबसे ज्यादा खर्च होता है। टीओडी से सेवानिवृत्त होने वाले कुछ सैनिकों को लंबी या स्थाई सेवा में लिया जा सकता है। इस योजना से पैसा बचाने तथा कर्मियों की कमी से निपटने में सहायता मिलेगी। सशस्त्र बलों में वर्तमान समय में सैनिकों की कमी है क्योंकि वैश्विक महामारी के कारण पिछले दो साल में भर्ती रैलियां नहीं हुईं। औसतन हर साल 50,000-60,000 सैनिक रिटायर होते हैं। भर्ती प्रक्रिया स्थगित होने के कारण एक लाख से अधिक सैनिकों की कमी हो गई है। वर्तमान प्रक्रिया शुरू होने, नौजवानों के चयन तथा उनके प्रशिक्षण में एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। उस समय तक सैनिक बलों में कमी और गंभीर हो जाएगी। इस प्रकार यदि टीओडी प्रक्रिया फौरन लागू कर दी जाए तो भी इससे समस्या रातोंरात हल नहीं होगी। यदि चयन प्रक्रिया वर्तमान समय की तरह चले तो इसमें 6 महीने तथा सैन्य प्रशिक्षण में और 6 महीने लगेगे। इस प्रकार नए सैनिक एक साल में तैयार होंगे। इसके बाद प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी।



यह देखना अभी बाकी है कि नौजवान टीओडी के प्रति क्या प्रतिक्रिया करते हैं। सरसरी तौर से देखने पर उनके पास इस आकर्षक चुनौती के अस्वीकार का कोई कारण नहीं है। इसमें उन लोगों को लक्षित किया गया है जो कम से कम हाईस्कूल पास हैं। जब उनको प्रशिक्षण देकर सेवा में लिया जाएगा तथा केवल चार साल बाद रिटायर किया जाएगा तो वे अपनी आयु के बीसवें दशक मध्य में होंगे। उनके पास अच्छी बचत तथा आगे काम के लिए अच्छा प्रमाणपत्र होगा। इस अवसर से उनको भूख की समस्या से मुक्ति मिलेगी, उनको नौकरी मिलेगी तथा अंत में वे बेहतर रोजगारों के लिए प्रशिक्षित हो जाएंगे। महत्वपूर्ण बात है कि इससे उनको सड़कों पर उन परिस्थितियों से मुक्ति मिलेगी जो उनमें से अनेक को संदिग्ध गतिविधियों की ओर ले जा सकती है। इस खास योजना के बारे में कुछ विचार तत्काल दिमाग में आते हैं। यदि युद्ध शुरू हो जाए और सैन्य बलों को सीमाओं पर भेजना पड़े तो क्या होगा? क्या 6 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त टीओडी जवान सीमा पर समस्या से निपटने में सक्षम होगा? कहा जाता है कि युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार होने तथा युद्ध में सहायता व युद्धक सेवा सहायता योग्य कौशल प्राप्त करने के लिए कम से कम तीन साल का प्रशिक्षण जरूरी है। जब भर्ती नौजवान युद्ध के लिए तैयार होंगे तो उनके रिटायर होने का समय आ जाएगा। क्या सभी टीओडी भर्ती नौजवानों को केवल युद्ध सैनिक के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा? अथवा उनको सेना के भीतर अन्य कॅरियर के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा? टीओडी भर्ती नौजवानों में से अधिकांश शायद सेना में स्थाई भूमिका के लिए वापस न आएं। चार साल का कार्यकाल उनको ऐसे कौशल प्राप्त करने में सहायक होगा जिससे सैनिक के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद वे दूसरे कामों में जा सकेंगे।

# बिहार में औद्योगीकरण की संभावनायें

उद्योग राज्य मंत्री शाहनवाज़ हुसेन के अनुसार अब इस दृष्टिकोण का कोई औचित्य नहीं कि बिहार में औद्योगीकरण नहीं हो सकता है।



धनंजय कुमार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

दिल्ली में 12 मई को हुए बिहार निवेश सम्मेलन में अनेक प्रख्यात लोग शामिल हुए जिनमें अडानी, आईटीसी, एचयूएल, कोका कोला, अमेजन, फ्लिपकार्ट, सैमसंग, अमूल, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़, उषा मार्टिन, होंडा, एलएंडटी, अरविंद मिल्स, टाटा ब्लूस्कोप, श्री सीमेंट, अंबुजा सीमेंट, आदि शामिल थे। इनमें सर्वाधिक उल्लेखनीय लूलू ग्रुप इंटरनेशनल के चेयरमैन एम.ए. यूसुफ अली की उपस्थिति थी जो दुबई से पधारे थे। आईटीसी चेयरमैन संजीव पुरी तथा अनेक अन्य उल्लेखनीय बड़े उद्योगपति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वाधिक उल्लेखनीय व्यक्ति बिहार के उद्योग मंत्री शाहनवाज़ हुसेन ने कई ऐसी बातें कहीं जिनको हजम करना किसी कट्टर बिहारी के लिए भी कठिन होता। उन्होंने घोषणा की कि बिहार अब देश में औद्योगिक निवेश के लिए सर्वाधिक पसंदीदा स्थान है। मंत्री ने जोर देकर बताया, अब यह धारणा बदल गई है कि बिहार औद्योगीकरण के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने खासकर इस बात पर जोर दिया कि उनके दायित्व संभालने के बाद इस स्थिति में खासकर परिवर्तन आया है। जो लोग कहा करते थे कि बिहार में तो सुई बनाने का उद्योग नहीं लग सकता है, वे आज आश्चर्य से अपनी आंखें भींच रहे हैं कि इस निवेशक बैठक में इतने महत्वपूर्ण लोग एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पटना समेत देश के अन्य शहरों, जैसे मुंबई व सूरत में रोडशों करने के साथ दुबई भी जाऊंगा। निवेशक सम्मेलन की भारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि यह दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया है कि राज्य का औद्योगीकरण उसकी किस्मत पर है। इसकी शुरुआत सबसे पहले एथनाल प्लांट व पेप्सी के बाटलिंग प्लांट से हो चुकी है।'




शाहनवाज़ हुसेन ने वादा किया कि मेगा फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, मेगा लेदर पार्क व आईटी पार्क स्थापना के बाद सारे भारत के नौजवान रोजगार के लिए बिहार आएंगे। हालांकि, उनकी योजनायें बहुत काल्पनिक लगती हैं, पर उनको सपने देखने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है और कोई भी ऐसा नहीं करेगा। भले ही लोग उनके सपनों में पूरी तरह विश्वास न करें, पर वे उनके प्रयासों से प्रसन्न हैं और उम्मीद करते हैं कि इसके शानदार नतीजे सामने आएंगे। कहा जाता है कि यदि आप सपने देंखेंगे तो उनको पूरा करने के प्रयास भी करेंगे। इस कहावत के अनुसार सभी लोग उनसे सर्वोत्तम की आशा कर रहे हैं। राजनीतिक स्थायित्व को औद्योगीकरण की पूर्व शर्त माना जाता है। इसे देखते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार में 2025 तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में राजग सरकार के स्थायित्व पर कोई संदेह नहीं है। उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा, 'मेरे पूर्वानुमान पर गौर करें। वह दिन आने वाला है जब दूसरे राज्यों के नौजवान रोजगारों के लिए बिहार आएंगे।' हालांकि, इस कठिन रास्ते पर शाहनवाज़ हुसेन की प्रतिबद्धता व साहस की प्रशंसा करनी चाहिए, लेकिन संदेही लोग इसे 'जुमलों' के सिवा कुछ और नहीं कह रहे हैं। बिहार में निवेश के बारे में दृष्टिकोण बदलने का उनका दावा चाहे जो हो, बहुत से लोग इसका दोषी मीडिया को बताते हैं। मंत्री ने इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब भी नहीं दिए। तथ्य यह है कि बिहार में पिछले 30 साल में उद्योगों का कोई खास अस्तित्व नहीं रहा है और उनका निर्यात एक प्रतिशत से भी कम है। दूसरों की बात अलग है, बिहार में भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के राज्य अध्यक्ष नीरज कुमार तथा एशियन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एमडी भी हुसेन के आशावाद पर विश्वास नहीं करते हैं। इस लेखक से बात करते हुए कुमार ने कहा कि राज्य में एक सड़क बनाने में कम से कम 10 साल लगते हैं, ऐसे में औद्योगीकरण ज्यादा से ज्यादा कल्पना की उड़ान ही हो सकती है। छोटे-छोटे टुकड़ों में बंटी जमीन का अधिग्रहण भी सबसे बड़ी बाधा है।

पुराने युग के उल्लेखनीय किसान नेता स्वामी सहजानंद सरस्वती और सर गणेश दत्ता ने जमीनों को समेकित करने का प्रयास किया, लेकिन पूर्व सरकारों ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया। उन्होंने जमीन के बड़े टुकड़ों को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ कर उनको जातीय आधार पर लोगों में बांटा। आज एक उद्योग के लिए हजारों किसानों को एकत्र करना पड़ता है। ऐसे में कानून-व्यवस्था का सवाल हमेशा के लिए परेशान करने वाला बन जाता है। लेकिन हुसेन को एक समर्थक मिल गए हैं। वे पटना के प्रख्यात यूरोलोजिस्ट तथा भारतीय चिकित्सा असोसियेशन-आईएमए के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार हैं। उनका कहना है कि हुसेन अपने इरादों के प्रति गंभीर हैं और उन्होंने बिहार में औद्योगीकरण के प्रति उम्मीद जगाई है। उन्होंने अपनी ऊर्जा दवा उद्योगपतियों को एकजुट करने तथा उनके द्वारा बिहार में निवेश करने में की है। यदि केवल राज्य से बाहर दवा उत्पादन करने वाले बिहार के उद्योगपति राज्य में निवेश करने लगें तो राज्य को दवा उत्पादन का केन्द्र बनने में देर नहीं लगेगी। 120 से अधिक बिहारी दवा उत्पादक राज्य से बाहर दवाओं का उत्पादन करते हैं जिनमें से कुछ बड़े उत्पादक है। विडंबना है कि बिहारी दवाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता हैं, पर आश्चर्यजनक रूप से निवेशक सम्मेलन में एक भी दवा कंपनी का प्रतिनिधि उपस्थित नहीं था। हालांकि, शाहनवाज़ हुसेन ने दवा उद्योग प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में भी उनसे निवेश का अनुरोध किया। अनजाने ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तरह शाहनवाज़ ने राज्य के औद्योगीकरण को असंभव बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि पार्टी उनको हमेशा असंभव काम देती है और वे उसमें कभी विफल नहीं हुए हैं। कुछ साल पहले तक नीतीश कुमार कहते थे कि चारों ओर भूमि से घिरा होने के कारण बिहार औद्योगीकरण के अनुपयुक्त है। हुसेन ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बिहार में उद्योगों को सभी रियायतें देने तथा उनका पूर्ण सहयोग लेने का आदेश दिया था। एथेनाल प्लांट मोदी का सपना था और बिहार उसे स्थापित करने वाला पहला राज्य बना है। कपड़ा व चमड़ा उद्योग संबंधी नीतियां बनाई जा रही हैं और उनके बन जाने के बाद इन क्षेत्रों में भी निवेश के प्रस्ताव आने लगेंगे। इस दृष्टिकोण से फूड पार्क, मेगा टेक्सटाइल पार्क, लाजिस्टिक पार्क, चमड़ा पार्क, आदि पर काम चल रहा है। किसी निवेश बैठक में एमओयू को उसकी सफलता का पर्याय बताया जाता है, पर इसमें उनका लगभग अभाव रहा। हुसेन ने इसे तार्किक रूप प्रदान करते हुए कहा कि यह सम्मेलन केवल उद्योगपतियों की दिलचस्पी जानने के लिए आयोजित किया गया था। उनके द्वारा दिखाई गई दिलचस्पी बहुत महत्वपूर्ण है। हुसेन ने कहा कि मीडिया द्वारा दिखाई गई सद्भावना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है जिसने अनेक मामलों में उनकी आलोचना से परहेज किया। हालांकि, निवेश सम्मेलन में आई अनेक कमियों को सावधानी से हाशिये पर डाल दिया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछे जाने वाले सवाल तीखे हो सकते थे, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुपस्थिति अपने आप में एक विवादास्पद मुद्दा है। लेकिन इसके बावजूद शाहनवाज़ हुसेन को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि इस मुद्दे पर उन्होंने लोगों का ध्यान आकर्षित किया जिसे हमेशा बिहार में अनदेखा किया जाता रहा है। सम्मेलन में 30 बड़ी कंपनियों समेत 170 कंपनियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना मामूली उपलब्धि नहीं है।

इससे निश्चित रूप से आयोजन करने में हुसेन की क्षमता प्रदर्शित होती है और इससे भाजपा नेताओं में उनका कद बढ़ा होगा। लेकिन इससे उनको उन नेताओं को भी नियंत्रण में रखना होगा जो पार्टी में उनके खिलाफ सक्रिय हो सकते हैं। उनको इस बात का श्रेय भी दिया जाना चाहिए कि उनसे शराबबंदी पर सवाल नहीं पूछे गए। हुसेन ने कहा था कि प्रकाश झा की विख्यात 'गंगाजल' का युग अब समाप्त हो गया है और अब इनविट्रो गर्भाधान-आईवीएफ तकनीक पर हालिया हिट फिल्म 'गुड न्यूज़' का समय आ गया है। संदेश यह है कि निवेशक सम्मेलन औद्योगिक रूप से वंध्य बिहार को विनिर्माण का केन्द्र बना देगा, लेकिन सवाल है कि आखिरकार सम्मेलन को बिहार के बाहर दिल्ली में क्यों आयोजित किया गया।

# धार्मिक अर्थव्यवस्था की अपार संभावनायें



शिवाजी सरकार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में तीर्थयात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों से यात्रा करने के मुकाबले तीर्थ यात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं। मंदिर की अर्थव्यवस्था भारतीय बजट जितनी बड़ी है और देश का पालन-पोषण कर रही है। धार्मिक संप्रदायों - हिंदू, मुस्लिम और ईसाई - में इसकी रूपरेखा अपेक्षा से कहीं अधिक व्यापक है। यह समाज और उसके वित्तीय मानकों को बदल रहा है। एनएसएसओ सर्व का अनुमान है कि मंदिर अर्थव्यवस्था 3.02 लाख करोड़ या लगभग 40 अरब डालर तथा जीडीपी का 2.32 फीसदी है। वास्तविकता में यह उससे भी अधिक हो सकती है। इसमें फूल, तेल दीए, सुगंधें, चूड़ियां, सिंदूर, छवियां एवं पूजा के वस्त्र शामिल हैं। यह अनौपचारिक असुरक्षित श्रम की विशाल आबादी द्वारा संचालित है।

साल 2022-23 का केन्द्रीय सरकारी राजस्व 19,34,706 करोड़ है और नगदी में 24हजार करोड़ सिर्फ छह मंदिरों से एकत्रित होता है। इस देश में 5 लाख मंदिर, 7 लाख मस्जिदें और 35हजार चर्च हैं। भक्तों के रूप में उच्च पदाधिकारियों का इसमें बड़ा योगदान होता है।

साल 2021 में अयोध्या में राम मंदिर से एकत्रित किया गया चंदा 5450 करोड़ रूपए है, जो 5000 करोड़ के रक्षा बजट के लगभग बराबर है। पहले चरण में चंदा इससे अधिक हुआ था।

अन्य मंदिर हैं, त्रिमुला तिरुपति, 3023 करोड़ रूपए, वैष्णो देवी- 2000 करोड़ रूपए, अंबाजी -4134 करोड़ रूपए(साल 2019-2020 में यह राशि 5163 करोड़ थी), द्वारिकाधीश- 1172 करोड़, सोमनाथ- 1205 करोड़, स्वर्ण मंदिर-690 करोड़। गौहाटी में कामाख्या मंदिर, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि,

वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर, पद्मनाभा मंदिर, सिद्धिविनायक मंदिर एवं काशी विश्वनाथ मंदिर की भी इसी तरह भारी आमदनी है। विभिन्न मंदिरों में किया जाने वाला सोने का दान विविध रूप में तिरूपति में 130 किलो से शिरडी में 380 किलो के बीच है।

प्यू ग्लोबल एटीट्यूड सर्वेक्षण से पता चलता है कि पिछले चार-पांच वर्षों में 25 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने अधिक धार्मिक होने की सूचना दी है। 2007 और 2015 के बीच, भारत में धर्म को बहुत महत्वपूर्ण मानने वाले उत्तरदाताओं का हिस्सा अब 11 प्रतिशत बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है।

राम मंदिर आंदोलन और अदालत का फैसला गेम चेंजर बना है। इसने एक ऐसे क्षेत्र में भारी धन डाला है जो सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक था। इसने मस्जिदों और इस्लामिक धर्मस्थलों के लिए भी फंडिंग को बढ़ावा दिया। महामारी के दौरान अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल, मिर्जापुर और मथुरा में मूक अचल संपत्ति में उछाल आया। सबसे पिछड़े इलाकों में जमीन की कीमतें बढ़ीं। भूमि पर प्रीमियम अभूतपूर्व है। ऐसे स्थलों पर धार्मिक गतिविधियां बनी रह सकती हैं कि नहीं, इसे देखना दिलचस्प होगा। उत्साह जबरदस्त है लेकिन क्या यह अगले औद्योगिक उत्थान को पीछे छोड़ेगा?



घरेलू धार्मिक पर्यटन विदेशी पर्यटकों की संख्या को पीछे छोड़ रहा है। नए गंतव्यों के लिए 100 करोड़ से अधिक घरेलू यात्राएं बताती हैं कि दिल्ली-आगरा-जयपुर गोल्डेन ट्रेंगल से परे मंथन हो रहा है।

एनएसएसओ के आंकड़े बताते हैं कि 55 प्रतिशत हिंदू मध्यम व छोटे आकार के होटलों को संरक्षण देते हुए धार्मिक तीर्थयात्राएं करते हैं। धार्मिक यात्रा पर खर्च 2,717 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, सामाजिक यात्रा पर खर्च 1,068 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति, शैक्षिक यात्रा पर खर्च, 2,286 रुपये प्रति दिन/व्यक्ति है। यानी धार्मिक यात्रा पर प्रतिदिन 1316 करोड़ रुपये एवं सालाना 4.74 लाख करोड़ रुपये का खर्च आता है।

एनएसएसओ का डाटा कहता है कि भारतीय व्यापार यात्राओं की तुलना में धार्मिक यात्राएं अधिक करते हैं और शैक्षिक उद्देश्यों की यात्रा के मुकाबले तीर्थयात्राओं पर अधिक खर्च करते हैं।

सरकार ने धार्मिक परिक्रमा पर्यटन की रूपरेखा तैयार की है। रामायण परिक्रमा भगवान राम के जीवन दर्शन पर आधारित है। इसके साथ ही चार धाम सड़क परियोजना भी तैयार की गई है। सरकार ने बुद्ध परिक्रमा को भी मजबूत किया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी कॉरिडोर, केदारधाम और बद्रीधाम को फिर से लॉन्च किया। सरकार जम्मू-कश्मीर में करीब 50 हजार मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रही है। किसी अन्य प्रधान मंत्री ने धार्मिक स्थलों की यात्रा को एक कार्यक्रम नहीं बनाया है। चिश्ती, औलिया, चरार-ए-शरीफ भोपाल, दिल्ली की जामा मस्जिद और अन्य तीर्थस्थलों की दरगाहों से नकदी और अन्य प्रकार की बड़ी आय होती है। इसी तरह विभिन्न चर्चों की भी अच्छी आय होती है। अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन ने अधिकांश हिंदू और मुस्लिम मंदिरों की आय में वृद्धि कर दी है। हिंदू मंदिरों की कमाई कुछ हद तक पता चलती है लेकिन अजमेर दरगाह हो या अन्य मुस्लिम तीर्थस्थल, वे अनुमानित आंकड़े बताने से कतराते हैं।

पवित्र कोष राजनीति, अस्पताल प्रशासन, यहां तक कि विश्वविद्यालय के पोर्टल आदि को बदल रहा है। डिग्री हासिल करना मुश्किल नहीं है और वह पैसा घुमाने वाला कारक बन जाता है। नोटबंदी के दौरान, कुछ मठाधीश अपने व्यापक संबंधों और प्रभावी वितरण के लिए चर्चा में थे। उनकी सेवाएं भारत तक सीमित नहीं थीं। वे दुबई, कनाडा, इंग्लैंड या अन्य गंतव्यों में प्रीमियम मूल्य पर डॉलर में भी आसानी से नयी करेंसी के नोट वितरित कर सकते थे। हवाला लिंकेज मदद करते हैं।

वे बैलेंस शीट में हेरफेर करने में अच्छे हैं यहां तक कि रद्द किए गए नोटों को नयों के साथ बदल दिया गया था। हां, ये नकली धन को समायोजित करने के लिए किये जाते हैं।

## आप की बात

### सार्वजनिक परिवहन की दशा

**यह** खुशी की बात है कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने सड़कों से कब्जे हटाने तथा अवैध टेंपो, आटो आदि के खिलाफ अभियान चला रखा है। इससे अनेक स्थानों पर ट्रैफिक का आवागमन सहज जरूर हुआ है, पर आम लोगों को सार्वजनिक वाहन की दिक्कतें भी सामने आ रही हैं। हालांकि, अनेक आटो, टेंपो, आदि कुछ गुंडा तत्वों और भ्रष्ट अधिकारियों की वसूली का साधन जरूर बनते हैं, लेकिन सरकारी सिटी बसें अथवा अन्य छोटे सार्वजनिक वाहनों की अनुपस्थिति में आम जनता को मजबूरी में इनका ही सहारा लेना पड़ता है। लखनऊ में मेट्रो रूट पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित करने की बात भी हो रही है। ऐसी स्थिति में आम जनता की तकलीफें और बढ़ सकती हैं। विडंबना है कि बड़े सरकारी अधिकारी और मंत्री की बात छोड़ें, छोटे-छोटे कर्मचारी तक आजकल बढ़ते वेतन-भत्तों के चलते चौपहिया वाहनों से चलने लगे हैं। इसलिए वे वाहनहीन गरीब लोगों तथा शहर में बाहर से काम के लिए आए लोगों व छात्रों की समस्यायें समझ ही नहीं सकते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार वर्तमान तकनीकी युग में ट्रैफिक का घनत्व देखते हुए उपयुक्त सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था करेगी।

\- **अकबर अली**, लखनऊ

### दबंग नेताओं की सांसत

**उत्तर** प्रदेश में भाजपा की सरकार दूसरी बार बन जाने के बाद दबंग नेताओं, खासकर विपक्षी नेताओं की जिंदगी सांसत में फंस गई है। कहा जाता है कि एक विपक्षी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को दबंगई करना ही सिखाया है और उसके आधार पर पार्टी में उनकी पदोन्नति होती रही है। लेकिन आजकल ऐसे दबंग नेता बहुत परेशान हैं क्योंकि पुलिस अब उनके खिलाफ छोटी-मोटी शिकायत पर कार्रवाई कर देती है और सत्ता चले जाने के बाद उनके बड़े नेता भी उनकी मदद नहीं कर पाते हैं। हालांकि, अनेक दबंग स्थानीय स्तर पर थाने, चौकी के भ्रष्ट पुलिसजनों से सांठगांठ बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन मोबाइल फोन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की अनेक घटनाओं के बाद चुपचाप गठजोड़ करना और कठिन हो गया है। वैसे कुछ अपवादों को छोड़ दें तो प्रदेश सरकार, प्रशासन व पुलिस मोटेतौर से निष्पक्ष ढंग से काम करती है। धर्मस्थलों से तेज आवाज करने वाले लाउडस्पीकर उतारने में सफलता सरकार की निष्पक्ष कार्रवाई का एक उदाहरण है। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि भ्रष्ट पुलिसजनों के खिलाफ कार्रवाई की समुचित व्यवस्था बनाई जाए।

\- **राम कुमार मिश्र**, कानपुर


### मुफ्त राशन का दुरुपयोग

**केन्द्र** व प्रदेश सरकार ने कोरानावायरस वैश्विक महामारी के समय रोजगार समाप्त होने के कारण आर्थिक परेशानी से निपटने के लिए गरीब लोगों को मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की थी। गरीब परिवारों को पहले से ही खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सस्ता खाद्यान्न मिल रहा था। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने मुफ्त राशन की योजना का विस्तार किया है। जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली इस सुविधा के लाभ से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन इस कटु तथ्य पर भी ध्यान देना चाहिए कि अनेक परिवार मुफ्त व सस्ते दामों में मिला सरकारी राशन छोटे दूकानदारों को बेच देते हैं। भले ही ऐसे लोगों की संख्या अधिक न हो, पर इससे करदाताओं पर अनावश्यक बोझ पड़ता है तथा सरकार का राजकोषीय घाटा भी बढ़ता है। यदि गरीबों को सीधे उनके खाते में प्रत्यक्ष सब्सिडी हस्तांतरण-डीबीटी से पैसा दिया जाए तो इससे सरकार पर बोझ भी कम होगा तथा गरीब परिवार इस धन का उपयोग आजादी से व निर्भय होकर दूसरे जरूरी कामों में कर सकेंगे। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए।

\- **विमला देवी,** प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**देश** की हर क्षेत्रीय भाषा पूजनीय है।
\- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**जम्मू-कश्मीर** से अनुच्छेद 370 हटाने जैसी कार्रवाई से भारत से बात करना हमारे लिए कठिन हो गया है।
\- **बिलावल भुट्टो जरदारी**
पाक विदेश मंत्री



**भाजपा** कांग्रेस नेताओं व उसके कार्यकर्ताओं के बारे में बात करती है क्योंकि वह जानती है कि क्षेत्रीय पार्टियां उसे हरा नहीं सकती हैं।
\- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# सदन चर्चा का बेहतरीन मंच होना चाहिए

## मुख्यमंत्री ने विधान भवन परिसर में विधान सभा सत्र के पहले मीडिया को सम्बोधित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ आज यहां विधान भवन परिसर में विधान सभा सत्र के पहले मीडिया को सम्बोधित किया। उन्होंने विधानसभा के सभी निर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि सदन चर्चा का बेहतरीन मंच होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विधान सभा के प्रथम सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होती है। उन्होंने कहा कि विगत लगभग तीन वर्ष से राज्यपाल का मार्गदर्शन प्रदेश के विकास एवं लोक कल्याण के लिए मिला है। उन्हों आशा व्यक्त की कि सदन के सभी सदस्यगण देश की सबसे बड़ी विधानसभा की गौरव और गरिमा में वृद्धि करने में अपना योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सत्र में प्रदेश का वर्ष 2022-23 का बजट भी प्रस्तुत किया जाएगा। 26 मई, 2022 को प्रदेश सरकार अपना बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। यह बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विकास, गरीबों के कल्याण, समाज के प्रत्येक नागरिकों के हितों के अनुकूल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए गरीबों, किसानों, नौजवानों के साथ आधी आबादी के हितों के लिए किसी भी प्रकार की चर्चा-परिचर्चा के लिए सदैव तैयार है। इस अवसर पर सभी सदस्यों को सदन में अपनी बात को रखने का मौका भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदस्य गण अपनी बात को तभी सदन में रख पाएंगे जब विपक्ष सदन का माहौल सकारात्मक बनाने में अपना योगदान देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी सार्थक और सारगर्भित मुद्दों पर चर्चा के साथ ही उसका उत्तर देने के लिए भी पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सदन के सदस्य अपनी रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग प्रदेश के विकास को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने में अपना योगदान देंगे। देश की सबसे बड़ी विधानसभा होने के नाते जो भी कार्य सदन में होंगे, उसकी चर्चा देश के अन्य राज्यों में भी होगी। सदस्य आज सदन में कोई भी ऐसा आचरण न करें जो सदस्यों की गरिमा के विरुद्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत पांच वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लोक कल्याण हेतु अवसंरचना विकास, गरीब कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए जो कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किये गये हैं, उन सब पर चर्चा के साथ ही, भावी योजनाओं पर भी चर्चा का मंच सदन होता है।

# सरकार ने प्रदेश में कानून का राज स्थापित किया: राज्यपाल

● 2471 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** ने कहा कि कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर प्रदेश में अपराधमुक्त, भयमुक्त व अन्यायमुक्त वातावरण तथा कानून का राज स्थापित किया गया है। मेरी सरकार के कार्यकाल में सभी पर्व एवं त्योहार शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुए। अपराध पर प्रभावी अंकुश लगने से प्रदेश में आपराधिक मामलों में निरन्तर कमी आ रही है।

वर्ष 2016 के सापेक्ष वर्ष 2021 में डकैती के मामलों में 73.94 प्रतिशत, लूट की घटनाओं में 65.88 प्रतिशत, हत्या के मामलों में 33.95 प्रतिशत तथा बलात्कार के अपराध में 50.66 प्रतिशत की कमी आयी। चुस्त-दुरुस्त कानून-व्यवस्था से नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई। प्रदेश में विकास का माहौल बना तथा राज्य निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य के तौर पर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के चिन्हित माफिया व उनके गैंग के सदस्यों सहित विभिन्न प्रकार के माफियाओं तथा अपराधियों द्वारा अवैध कृत्य से अर्जित की गयी सम्पत्तियों के जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण व अवैध कब्जे से 2 हजार 81 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सम्पत्तियां अवमुक्त कराई गईं। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में सार्वजनिक सम्पत्तियों पर हुए अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कराए जाने के लिए एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स का गठन तथा अवैध कब्जे से सम्बन्धित शिकायतों को ऑनलाइन दर्ज करने एवं कृत कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण किये जाने के लिए एण्टी भू-माफिया पोर्टल का विकास किया गया है। एण्टी भू-माफिया अभियान के अन्तर्गत कुल 64 हजार 398 हेक्टेयर क्षेत्रफल अवैध अतिक्रमण से अवमुक्त कराया गया है। 2471 अतिक्रमणकर्ताओं को भू-माफिया के रूप में चिन्हित किया गया है। वर्तमान में 186 भू-माफिया जेल में निरुद्ध हैं। 4274 अतिक्रमणकर्ताओं के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गई है।

## अलग-थलग नजर आए शिवपाल व अब्दुल्ला आजम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सोमवार** से यूपी विधान सभा के बजट सत्र का आगाज हो गया। सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण से हुई। अभिभाषण के दौरान सपा विधायक नारेबाजी करते रहे। इस दौरान सपाई किसानों को सस्ती बिजली देने, विपक्ष के लोगों पर झूठे मुकदमे न लगाने, शिक्षा और सिंचाई सस्ती करने की मांग लिखी तख्तियां लिए हुए नजर आए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी पहले दिन सदन में पहुंचे और सपा नेताओं से मुलाकात की। उनकी मौजूदगी से सपा कार्यकर्ता जोश में नजर आए।

सपा के चिह्न पर चुनाव जीतने वाले प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव भी अखिलेश से कुछ दूर निर्धारित अपनी सीट पर बैठे रहे लेकिन उन्होंने भी राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध नहीं किया। सपा के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश सिंह भी अपनी सीट पर ही बैठे देखे गए। जबकि पार्टी के लगभग सभी सदस्य अपनी सीट छोड़कर लगातार नारेबाजी करते रहे। वहीं आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम भी नारेबाजी में शामिल नहीं हुए और अपनी सीट पर बैठे नजर आए। सदन में सपा नेताओं की लाल टोपी के विरोध में भाजपा विधायक भगवा टोपी में नजर आए। विपक्षी दल सुभासपा भी हंगामें के बीच वेल में नहीं आई। सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पहली बात तो यह है कि राज्यपाल महोदया महिला हैं। दूसरी बात यह है कि जो पुरानी परंपरा है, सब बदल रही है तो राज्यपाल के विरोध की यह पुरानी परंपरा भी बदलनी चाहिए, हमारी पार्टी विरोध जरूरी नहीं समझती, इसलिए विरोध नहीं किया। सपा द्वारा विरोध का औचित्य पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सबकी पार्टी के हम मालिक तो हैं नहीं, हम तो अपनी पार्टी के मालिक हैं। उत्तर प्रदेश में सपा के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली सुभासपा के नेता से जब सवाल किया गया कि कहीं आप दोनों के रास्ते जुदा तो नहीं हो रहे हैं तो उन्होंने दावा किया कि इसका सवाल ही नहीं पैदा होता है।

# महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को जवाब देना होगा: अखिलेश

● विधानसभा में सपा ने जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर विपक्ष की ताकत का कराया अहसास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को प्रदेश के सबसे बड़े विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने जोरदार तरीके से प्रदर्शन कर सत्तारूढ़ दल का विपक्ष की ताकत का अहसास कराने में कोई कोर-कसर नही छोड़ी। राज्यपाल के अभिभाषण से पहले विधानमण्डप के बाहर गलियारे में सपा विधायकों ने विभिन्न मुद्दों पर तख्तियां लेकर 'गो बैक' के नारे के साथ योगी सरकार पर हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बालते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी पर सरकार को जवाब देना होगा और जवाब देना भी चाहिए भी। सदन के दौरान एक निश्चित रणनीति के तहत सपा विधायकों ने वेल में आकर बेरोजगारी, मंहगाई बढ़ते अपराध सहीत कइ विभिन्न मुद्दों पर तख्तियां दिखाते हुए नारेबाजी की।

सपा अखिलेश यादव ने कहा कि आज राज्य विधानमण्डल के समक्ष राज्यपाल ने जो अभिभाषण पढ़ा उसमें न तो कुछ नयापन है और नहीं उसमें प्रदेश के विकास की कोई सुनियोजित मंशा ही दिखाई देती है। सरकार कुछ कहे पर जनता को सब सच्चाई मालूम है कि भाजपा सरकार ने पिछले पांच साल नाम और पत्थर बदलने में लगा दिए जबकि आज भी वह जनहित की ठोस योजनाओं की प्रस्तुति से वंचित है। उन्होंने कहा कि नामों में कुछ हेरफेर के साथ राज्य सरकार ने जो योजनाएं पेश की है वे सामान्यतया वही है जिनका प्रारम्भ समाजवादी सरकार में हुआ था।

# आजम खां व अब्दुल्ला आजम ने ली विधान सभा सदस्यता की शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** के वरिष्ठ सदस्य आजम खां शुक्रवार को एक मामले में उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने पर करीब 27 माह बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए और सोमवार को उन्होंने अपने विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम खां के साथ विधानसभा सदस्यता की शपथ ली। हालांकि वह सत्र में शामिल नहीं हुए। आजम खां की सीट सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के बगल में निर्धारित की गई है। वह दसवीं बार विधानसभा सदस्य चुने गए हैं। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बजट सत्र के दिन विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में रामपुर से निर्वाचित विधायक मोहम्मद आजम खां व अब्दुल्ला आजम को विधान सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। मोहम्मद आजम खां व अब्दुल्ला आजम ने विधान सभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की।

### तल्ख दिखे आजम के तेवर, बोले मैं तो माफिया नम्बर वन हूं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान सोमवार को विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन सदन में शामिल तो नहीं हुए लेकिन विधानसभा की सदस्यता की शपथ लेने के उपरान्त अपने तल्ख तेवर से अपनी उपस्थिति का अहसास जरूर करा दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने जब विधानभवन स्थित अपने कार्यालय में रामपुर से सपा विधायक आजम खान व उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को शपथ दिलाने के उपरान्त आजम खां को बैठने के लिए कहा तो आजम तत्काल ही अपने तल्खी तेवर में आ गए। आजम ने कहा कि मैं तो माफिया नंबर वन हूं यहां कैसे बैठ सकता हूं।

# भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय विधेयक 2022 विधानसभा में पेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में संगीत और कला के विकास के साथ ही संगीत में विशेष रूचि रखने वाले छात्रों को इसे व्यावसायिक रूप में अपनाने तथा सांस्कृति क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में स्थित भातखण्डे संगीत सम विश्वविद्यालय लखनऊ का उच्चीकरण, पुनर्निर्माण, अध्यापन, अनुसंधान तथा विस्तारण विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पूर्व में प्रख्यापित अध्यादेश की जगह भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय विधेयक 2022 सोमवार को विधानसभा में पेश किया गया।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य विधानमण्डल का सत्र नहीं था और इस निर्णय को अमली जामा पहनाने के लिए तुरन्त विधायी कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता थी। इसको दृष्टिगत रखते हुए राज्यपाल ने 6 जनवरी 2022 को भातखण्डे राज्य संस्कृति विश्वविद्यालय अध्यादेश 2022 प्रख्यापित किया था। अब इसे अधिनियम का रूप देने के लिए सोमवार को विधानसभा में पेश किया गया। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संगीत और कला के विकास की अपार सम्भावनायें हैं। शास्त्रीय संगीत और कला में विशेष अभिरूचि रखने वाले छात्र इसे व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहते हैं उनके लिए संस्कृति विश्वविद्यालय एक उपयोगी शिक्षण संस्थान साबित होगा। उन्होंने बताया कि कला, संगीत और सांस्कृतिक क्रियाकलापों के विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही इसे व्यवसाय के रूप में चयन करने का विद्यार्थियों को विकल्प भी प्राप्त होता है।

## विधानभवन में पौन घंटा फंसी लिफ्ट, होगी जांच

**लखनऊ।** विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन आज बडा हादसा होने से बच गया। विधान भवन के गलियारें में स्थित तीन नम्बर लिफ्ट के अचानक बंद हो जाने से लिफ्टमैन और एक न्यूज चैनल के कैमरामैन व दो पत्रकार फंस गये। काफी समय तक लिफ्ट में फंसे रहने से एक पत्रकार को ब्लड पेशर की समस्या होने से उसकी हालत खराब हो गई। करीब पौन घंटे बाद जैसे-तैसे इन्हे लिफ्ट से बाहर निकाला जा सका। जिस समय यह घटना घटित हुई उस वक्त विधानसभा के अन्दर राज्यपाल का अभिभाशण चल रहा था और मुख्यमंत्री सहित अनेक दिगग्ज हस्तियां मौजूद थी। प्रमुख सचिव विधानसभा ने घटना की जांच के निर्देश दे दिये है। विधान भवन में सोमवार को घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 12 बजे विधानभवन स्थित तीन नम्बर लिफ्ट के अचानक बंद हो जाने से उसमें लिफ्टमैन जगन्नाथ सहित दो पत्रकार व एक न्यूज चैनल का कैमरा मैन करीब पौन घंटे तक फंसा रहे।

## लता मंगेशकर, अहमद हसन सहित कई पूर्व विधायकों के निधन पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वर** कोकिला एवं भारत रत्न लता मंगेशकर और नेता प्रतिपक्ष रहे सपा के अहमद हसन सहित कई पूर्व विधायकों के निधन पर लाये गये शोक प्रस्ताव पर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। स्वर कोकिला को जहां देश और प्रदेश की अपूर्णीय क्षति बताया गया वही अहमद हसन को परे सदन ने दलगति राजनीति से ऊपर उठकर राजनीति की पाठशाला बताया।

राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शुरू हुई विधान परिषद की कार्रवाई में सबसे पहले सदन के सदस्य रहे दाऊ जी गुप्ता, मीना गुप्ता चन्द्रपाल सिंह तथा स्वर कोकिला एवं भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन की सूचना दी गई। दिवंगत आत्माओं के लिये सदन के सभी सदस्यों ने दो-दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। निधन की सूचना के बाद नेता सदन स्वतन्त्र देव सिंह ने नेता प्रतिपक्ष रहे अहमद हसन के निधन की सूचना देते हुये कहा कि वह कर्मठ और तजुर्बेकार नेता होने के साथ-साथ अनुभली प्रशासनिक अधिकारी भी रहे। चाहे उनका राजनीतिक जीवन हो या सरकारी सेवाकाल का, दोनों में ही उनका कामकाज पूरी तरह बेदाग रहा। प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी के सदस्य और परिषद में नेता प्रतिपक्ष संजय लाटर ने कहा कि विगत 19 फरवरी को उनका और उनकी पत्नी का निधन हुआ था। वह 14 जनवरी 1997 को पहली बार विधान परिषद सदस्य बने और उसके बाद लगातार इस सदन के सदस्य रहे।

इस दौरान सपा सरकार में मंत्री रहने के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष और सदन के नेता भी रहे। उनके राजनीतिक अनुभव को लाभ समाजवादी पार्टी तथा सदन को समय-समय पर मिलता रहा। उन्होने कहा कि वह सबसे लम्बे समय तक सदन के सदस्य रहे।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निस्तारण: केशव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से लोगों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही उसका निस्तारण भी किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फरियादियों के पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनका नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण करायें, जिससे किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ होए जिससे किसी प्रकार की कोई पुन: शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण की समय-समय पर समीक्षा की जायेए जिससे यदि कहीं निस्तारण में विलम्ब होता है, तो यह सुनिश्चित हो सके कि किस स्तर पर लापरवाही, उदासीनता बरती जा रही है, तो संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही की जायेगी।

# उन्नाव जेल में मुलाकात के नाम पर वसूली करने का आरोपी हवलदार निलंबित

● डीजी ने दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उन्नाव** की जिला जेल में हवलदार द्वारा मुलाकात के नाम पर अवैध वसूली करने के मामले का संज्ञान लेते हुए डीजी कारागार आनंद कुमार ने जांच के आदेश दिए हैं। डीजी ने इस मामले में उन्नाव के जेल अधीक्षक से आख्या तलब की है। कारागार मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के कारण आरोपी हवलदार श्रीपाल सिंह को निलंबित कर दिया गया है। श्रीपाल सिंह को उन्नाव जेल से हटा दिया गया है। डीजी जेल ने जांचोपरान्त दोषी पाए जाने वाले जेल कर्मियों के खिलाफ कठोरत्म कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

मुलाकात के नाम पर जेल में चल रहे खेल का शनिवार को पर्दाफाश हो गया। शहर की एक युवती की हत्या में बंद आरोपियों और अन्य बंदियों से मुलाकात करने पहुंचे लोगों से सुविधा शुल्क लेते हवलदार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सुविधा शुल्क में हुई बढ़ोत्तरी पर मुलाकातियों ने जमकर हंगामा किया। मामला संज्ञान में आते ही प्रभारी जेल अधीक्षक ने हवलदार की ड्यूटी मुलाकात से हटा दी और स्पष्टीकरण मांगा है। अवैध वसूली के इस मामले का खुलासा बीते रविवार को हुआ था। सपा सरकार में राज्यमंत्री रहे एक नेता का बेटा रजोल सिंह युवती के अपहरण और हत्या के मामले में उन्नाव जेल में निरुद्ध है। इसके अलावा पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह, प्रधान संजय सिंह भी इसी मामले में बंद हैं। रविवार को इनके परिजन मुलाकात करने जेल पहुंचे थे। मुलाकात ड्यूटी में तैनात हवलदार ने सुविधा शुल्क के नाम पर 300-300 रुपए वसूलने शुरू कर दिए। कई लोगों से रुपए लेकर उन्हें मुलाकात के लिए जेल के अंदर भेज भी भेज दिया।

# जैविक खेती और वनीकरण से स्वच्छ होगी गंगा

## अगले छह महीने में गंगा के किनारे 6759 हेक्टेयर में वनीकरण का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** परंपरा में पतित पावनी, मोक्षदायिनी मानी जाने वाली गंगा को अविरल, निर्मल और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए योगी सरकार इसके अधिग्रहण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर जैविक खेती और वनीकरण को बढ़ावा देगी।

सरकार की योजना है कि प्रदेश में गंगा जिन 27 जिलों से गुजरती है उनके दोनों किनारों पर 10 किलोमीटर के दायरे में जैविक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। ऐसी खेती जिसमें रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग हो ताकि लीचिंग रिसाव के जरिए रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का जहर गंगा में न घुल सके। योगी सरकार-1 से ही यह सिलसिला शुरू हो चुका है। जिन 4784 क्लस्टर्स में 175000 किसान 95680 हेक्टेयर में जैविक खेती कर रहे हैं उनमें नमामि गंगा योजना के तहत 3309 क्लस्टर्स में 63080 हैक्टेयर में जैविक खेती हो रही है। इस खेती से जुड़े किसानों की संख्या 103442 है। इस तरह देखा जाय तो जैविक खेती का सर्वाधिक रकबा गया गंगा के मैदानी इलाके का ही है। इंडो-गंगेटिक मैदान का यह इलाका दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार होता है। इसी नाते ऑर्गेनिक फार्मिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से नवम्बर 2017 में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित जैविक कृषि कुंभ में विशेषज्ञों ने यह संस्तुति की थी गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित किया जाय। चूंकि हर साल आने वाली बाढ़ के कारण इस क्षेत्र की मिट्टी बदलकर उर्वर हो जाती है, इस नाते पूरे क्षेत्र में जैविक खेती की बहुत संभावना है। इसी क्रम में योगी सरकार-2 ने अगले छह महीने में गंगा के किनारे 6759 हेक्टेयर में वनीकरण का लक्ष्य रखा है। इसके लिए जिन जिलों से गंगा गुजरती है उनमें से 503 जगहों का चयन किया गया है। गंगा के अधिग्रहण क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार पहले से ही गंगा वन, गंगा तालाब और सिर्फ गंगा ही नहीं, गंगा की सहायक नदियों और अपेक्षाकृत प्रदूषित नदियों के किनारों पर भी सरकार की योजना सघन पौधरोपण की है। मालूम हो कि गंगा के मैदानी इलाके का अधिकांश इलाका उत्तर प्रदेश में ही है। गंगा की कुल लंबाई बांग्लादेश को शामिल करते हुए 2525 किलोमीटर है। इसमें से भारत और उत्तर प्रदेश के क्रमश: 2971 एवं 1140 किलोमीटर का सफर गंगा नदी तय करती है।

गंगा के किनारे के सभी जिलों में गंगा वन लगाए जाने हैं। कासगंज जैसी कुछ जगहों पर इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। प्रयास यह है कि ये वन बहुपयोगी हों और इनमें संबंधित जिले के कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार परंपरागत से लेकर दुर्लभ और औषधीय प्रजाति के पौधे लगाए जाएं। कुछ ऐसी ही परिकल्पना गंगा सहित अन्य नदियों के किनारे बनने वाले बहुउद्देश्यीय तालाबों के किनारे भी होने वाले पौधरोपण के बारे में की गई है। मकसद एक है पर्यावरण संरक्षण।

# जन-जन तक पहुंचाएंगे केंद्र सरकार की उपलब्धियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक पहुंचाएंगे

**केंद्र** सरकार के आठ साल पूरे होने पर सरकार व संगठन पूरे प्रदेश में मोदी-योगी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के घर-घर जाएगी। साथ ही संगठन जुलाई से प्रदेश में बूथ स्तर पर विस्तृत अभियान को धार देगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल व अमरपाल मौर्य ने सोमवार को संयुक्त रूप से मीडिया को बताया कि 2014 में, भारत के लोगों ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए में अपना विश्वास व्यक्त किया है। 30 वर्षों के बाद भारत के लोंगों ने किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत देकर अपना आशीर्वाद दिया। 2019 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और भी बड़े जनादेश के साथ सरकार में लौटी और भाजपा की सीटों की संख्या 282 से बढ़कर 303 हो गई। किसी प्रधानमंत्री का अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद, उन्हीं के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली सरकार की वापसी होना करीब 6 दशकों के बाद हुआ है।

उन्होंने कहा कि 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने पदभार ग्रहण किया, तो उन्हें पहले दिन से ही भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। 2014 का चुनावी जनादेश यूपीए सरकार के पॉलिसी, पैरालिसिस, भ्रष्टाचार और जबरदस्त वंशवादी राजनीति के बाद था। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 1985 के बाद से 37 साल बाद ऐसा हुआ है कि एक सरकार लगातार दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई, वह भी दो-तिहाई बहुमत से। साथ ही पहली बार उत्तर प्रदेश में किसी मुख्यमंत्री ने पूर्ण बहुमत के साथ लगातार दूसरी बार वापसी की है। प्रदेश के 19 जिलों में भाजपा को छोड़ बाकी सभी पार्टियों का खाता भी नहीं खुला। यूपी में पहली बार लगातार चार चुनाव- 2014 के लोकसभा चुनाव, 2017 के विधानसभा चुनाव, 2019 के लोकसभा चुनाव और अब 2022 के विधानसभा चुनाव के परिणाम में भाजपा को प्रदेश की जनता ने अपना पूरा आशीर्वाद दिया है। इतना ही नहीं, भाजपा का वोट शेयर भी 39 प्रतिशत से बढ़ कर 42 प्रतिशत हुआ है। समाज के सभी वर्गों का पूरा सहयोग भाजपा को मिला है। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने आगामी 30 मई को केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर पार्टी द्वारा 8 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम 1 या 2 जून को प्रदेश मुख्यालय में किया जाएगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों की पुस्तक का विमोचन जिलाप्रभारी/जिलाध्यक्ष/सांसद के द्वारा किया जाएगा। साथ ही सरकार के कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी दिया जाएगा। साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार के चयनित लाभार्थी (10 योजनाओं के) उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, सौभाग्य योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, आयुष्मान योजना, गरीब कल्याण योजना, घर-घर नल योजना के लाभार्थी को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत बूथ के कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क करना एवं केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक जन-जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही युवाओं एवं महिलाओं द्वारा प्रभात फेरी निकालना व शहीद परिवार के घर जाकर उनका सम्मान भी किया जाएगा। केन्द्र व राज्य सरकार की भाजपा सरकार लाभार्थीयों के घर जाकर उन्हे पौधा भेंट कर वृक्षारोपण करवाने के कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा व सुशासन और गरीब कल्याण के नाम पर 75 घंटे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की भी योजना तय की गई है।

# समय रहते काम निपटाएं कार्यदायी संस्थाएं: डीएम

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की सभी परियोजनाओं की एक-एक करके समीक्षा की एवं निर्देश दिये कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी निर्माणाधीन योजनाओं की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें एवं स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता भी देखें। जिलाधिकारी ने यूपीसिडकों, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, आर0ई0एस0, सी0एन0डी0एस0, पैकफेड आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के कार्यों को 15 जून के पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही ड्रगवेयर हाउस के कार्य को भी



पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण कार्य में लापरवाही पर अधिशासी अभियन्ता को चेतावनी देते हुये शेष कार्य 14 दिन के भीतर पूर्ण कराकर हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं को तत्काल जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में अवगत करायें, जिससे समन्वय स्थापित करते हुये अग्रिम कार्यवाही शीघ्रता के साथ की जा सके। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत लाईनों का सर्वे करके आंधी, तूफान के दौरान विद्युत लाइनों को क्षति पहुंचानें की सम्भावना वाली टहनियों को चिन्हित कर वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये हटवाये जाने की कार्यवाही करें। उन्होंने एम0एस0डी0पी0 के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा भी की। गौआश्रय स्थल के निर्माण से संबंधित कार्यों को तत्परतापूर्वक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। यू0पी0 सिडको के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नैमिषारण्य मिश्रिख क्षेत्र में साईनेज लगाये जाने का कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुये उसका निरीक्षण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### तिरंगा हाथ में लेकर डीएम आफिस पहुंचा पीड़ित देशराज!

**सीतापुर।** सीतापुर की तहसील लहरपुर के नेरिया-परिसिया गांव का रहने वाला पीड़ित देशराज पैदल ही मुख्यमंत्री से अपनी समस्या को लेकर उस समय घर से निकल पड़ा जब कहीं भी उसकी सुनवाई होती नहीं दिखी, फिर क्या अधिकारियों की इसकी सूचना मिलते ही उसको सिधौली में रोंक लिया गया उसके बाद सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय लाया गया, जहां पर उसने डीएम अनुज सिंह से अपनी समस्या बताई। आपको बता दें कि पीड़ित देशराज का कहना है कि लहरपुर ब्लाक के ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार उसका आवास सूची से नाम काट दिया है और जो पात्र नहीं थे उनको आवास सूची में शामिल करके आवास दिलाने का काम किया जा रहा है। पीड़ित देशराज का कहना है कि पूरे मामले की जांच कराई जाए व जो दोषी हो उस पर कार्रवाई हो।

### निर्माणाधीन नवीन मण्डी का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने निर्माणाधीन नवीन मण्डी स्थल का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मण्डी निर्माण कार्य की जानकारी ली, इस दौरान ज्ञात हुआ कि प्रशासनिक भवन, बी-टाइप दुकानें, छायादार गल्ला चबुतरा, सी-टाइप दुकाने जिसमें 10 सब्जी की, 10 फल की, ओवर हेड टैंक, पम्प हाउस, चेक पोस्ट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन एवं मेन गेट का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जबकि रोड निर्माणाधीन पाया गया है। जिलाधिकारी ने डी0डी0सी0 (मण्डी) एस0के0 वर्मा को निर्देश दिया है कि कार्य में तेजी लाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से तत्काल निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि मण्डी का संचालन प्रारम्भ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अब किसानों को अनाज बेचने के लिए बहराइच मंडी नहीं जाना होगा। जिले में ही मंडी निर्माण पूरा हो जाने से जिले के किसान अपना अनाज एवं सब्जी इसी मण्डी में पारदर्शिता के साथ बेच सकेंगे, और उन्हें वाजिब मूल्य भी हासिल होगा। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, अवर अभियंता मण्डी प्रेम कुमार चौधरी एवं अवर अभियंता अतुल मिश्रा सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### दो अलग-अलग सड़क हादसों मे 1 की मौत, 29 घायल

**श्रावस्ती।** इकौना - बौद्ध परिपथ पर दो अलग अलग स?क हादसों मे 1जायरीन की मौत हो गयी जबकि 28 जायरीन घायल हो गये। घायलों को मेडिकल कालेज बहराइच के लिये रेफर किय गया है। पहली घटना बौद्ध परिपथ पर स्थित खरगौरा बस्ती के निकट रात लगभग 1 बजकर 30 मिनट पर हुई जब जायरीनों को लेकर एक पिकप वाहन बहराइच में चलरहे दरगाह मेले से वापस संतकबीरनगर के लिए जा रही थी इसी बीच वाहन चालक को झपकी आ जाने से पिकप असंतुलित होकर स?क किनारे खाई मे पलट गयी। इस दुर्घटना मे अलाउद्दीन निवासी केथोलिया जिला संतकबीरनगर की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि शगीरा, ननकनी, साजिया, रूकसाना, इमरत,साइनी मुमताज, विद्यावती,नेहा, रामावती, दशरथ, शहजाद, सोनमती, अशोक, इंद्रावती, कंधई, जुबैदा,मंजू,कौशल्या, संवारे,काशीराम, सरस्वती, रामरथ, प्रेमनरायन सहित 23 जायरीन गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी व श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी इकौना पहुंचाया जहां घायलों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया। जिस समय दुर्घटना घटी उस वक्त पिक अप वाहन मे लगभग 30 लोग सवार थे। दूसरी घटना अड़आपुर के पास रात लगभग 3 बजे हुई.जहां दरगाह मेले से ही जायरीनों को लेकर जा रही टैम्पो को अज्ञात तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दिया .जिससे टैम्पो सड़क किनारे खाई मे पलट गयी टैम्पो मे सवार नारमुन्निशा, सबरुन्निशा, सगीर, निजामुद्दीन व जनातुन्निशा शाहरुन्निशा गंभीर रूप से घायल हो गये.सभी घायल जनपद बस्ती के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव के निवासी है जो बस्ती से टेम्पो बुक कराकर बहराईच के दरगाह मेले मे जियारत करने आये थे दुर्घटना होते ही बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

परिषदीय विद्यालयों में 15 जून तक है छुट्टी

# बिना अनुमति के शिक्षक नहीं छोड़ेंगे जिला मुख्यालय: बीएसए

● **बीएसए ने हर समय फोन ऑन रखने के दिए निर्देश**

संवाददाता। सीतापुर

**परिषदीय विद्यालयों** में भले में गर्मी की छुट्टियां हो गई हो, लेकिन कोई भी शिक्षक बिना एबीएसए के अनुमति के बगैर जिला मुख्यालय छोड़कर बाहर नहीं जाएगा। ऐसा निर्देश जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार ने आई इंडिया से बात करते हुए कही है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन की छुट्टिया शुरू हो गई है, लेकिन बिना बीईओ के अनुमति के बिना शिक्षक मुख्यालय नहीं छोड़ेगा और अगर जरूरत पड़ी तो फोन करके विद्यालय बुलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हफ्ते में एक दिन शिक्षक अपने विद्यालय जाएं और वहां की व्यवस्थाओं को भी सही कराएं। इसको लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार ने जिले के सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश भी दे चुके है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन में विद्यालय में कायाकल्प योजना के तहत तमाम विकास कार्य कराएं जाएंगे, पेयजल, भवन मरम्मत, शौचालय सहित तमाम कार्य कराएं जाएंगे।

## सेवरा लाला में पहुंची जांच टीम

**विक्रमजोत/बस्ती।** विक्रमजोत ब्लॉक के सेवरा लाला गांव में सोमवार को प्रिंस शुक्ला के शिकायत पर सीडीओ के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार, सहायक अभियंता डीआरडीए प्रदीप कुमार व आर के शुक्ला की संयुक्त टीम पहुंची। प्राथमिक विद्यालय पर पहुंच टीम ग्रामीणों की शिकायतें सुनी व उनका भौतिक सत्यापन किया। जांच टीम के पहुंचने से पहले इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने अपनी शिकायतों को दर्ज कराया। शिकायतकर्ता पूर्व प्रधान डा. घनश्याम सिंह ने वर्तमान प्रधान की कारगुजारी व किए गए कार्यों का लेखा-जोखा देना जैसे शुरू किया वैसे ही वर्तमान प्रधान दिनेश गोसाई ने अपनी सफाई देनी शुरु कर दी। कुछ अंत्योदय कार्ड धारकों जिनका कार्ड वर्तमान प्रधान ने वोट की राजनीति के चक्कर में कटवा दिया था उन लोगो ने भी अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराया। स्कूल में लगाए गए टाइल्स तथा पंचायत भवन का कार्य अधूरा देखकर अधिकारियों ने नाराजगी दिखाई। जांच अधिकारी उपनिदेशक कृषि अनिल कुमार ने बताया कि शिकायत के क्रम में जांच की गयी है और लोगो की शिकायतों को सुना गया है। मामले में जल्द ही सम्बन्धित अधिकारियों को रिपोर्ट प्रेषित की जायेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी अवधेश जायसवाल, दुर्गेश सिंह, जगदीश सिंह,जोखू सिंह, अजय सिंह, जय प्रकाश शुक्ला, दाऊद अली, श्याम नारायण सिंह, चंपा देवी, कर्मा देवी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं से संवाद कर सपा की बताईं नीतियां

# युवाओं को रोजगार न मिलना बड़ी समस्या: राकेश राठौर

● **राकेश राठौर ने कहा सपा की नीतियों से प्रभावित है जनमानस**

संवाददाता सीतापुर



**आज का छात्र** कल के देश का भविष्य है, उसे समाज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, कोई कमी हो उसका आगे बढ़कर विरोध भी करना चाहिए तभी सामाजिक सद्भाव बना रहेगा और युवाओं का भविष्य चमकता रहेगाद्य यह बात सपा कार्यालय पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नगर राकेश राठौर ने छात्र-छात्राओं से युवा कार्यकर्ता संवाद को संबोधित करते हुए कहींद्य उन्होंने कहा कि जब तक हम अपनी शक्ति को नहीं पहचानेंगे तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते, जो खराब चीजें हैं उनका खुलकर विरोध करना होगा तभी हमारा भविष्य क्या समरेगा, संवाद कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली को भी पूर्व विधायक ने सराहा और छात्राओं को सम्मानित भी कियाद्य पूर्व विधायक ने कहा वर्तमान सरकार में युवाओं को नौकरी नहीं है बेरोजगारी चरम सीमा पर है, कार्यक्रम का संचालन आकाश राजवंशी ने कियाद्य इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव मसूद आलम जय सिंह यादव रत्नम राठौर आशीष वर्मा अंकित भार्गव राम किशोर गौतम, आशुतोष यादव सहित सैकड़ों छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# पोषण सामग्री देने बच्चे के घर पहुंचे सीएमओ

**लखीमपुर-खीरी।** टीबी के मरीजों में पोषण युक्त आहार की कोई कमी न हो इसके लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सीएमओ सहित तमाम अन्य अधिकारियों के द्वारा भी गरीब मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री व अन्य सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। शासन के निर्देश पर इस कार्यक्रम को वृहद रूप से चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमओ डॉण् शैलेंद्र भटनागर ने भी शहर के मोहल्ला हिदायत नगर निवासी एक बच्चे को गोद लिया है। वह छह माह तक इसके पोषण का दायित्व उठाएंगे। इसी कड़ी में उस बच्चे का हालचाल जानने और पोषण सामग्री देने वह स्वयं सोमवार को पहुंचे। जब उन्हें सकरी गलियों में घर होने की जानकारी हुई तो वह बाइक पर बैठकर इस बच्चे के घर पहुंच गए हैं। जहां उन्होंने बच्चे का हालचाल लिया। पोषण सामग्री दी और साथ ही अपना मोबाइल नंबर देते हुए परिवार से किसी भी अन्य जरूरत के लिए संपर्क करने को भी कहा। साथ ही संक्रमित बच्चे के साथ रहने वाले दो अन्य बच्चों को जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा. राकेश कुमार के पास टीबी की जांच के लिए रेफर किया।

# छात्र-छात्राओं को दी गई याातयात नियमों और सावधानियां बरतने की सारी जानकारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**उप्र सरकार** एवं क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारीए लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत युवराज दत महाविद्यालय सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डा. सुभाष चंद्रा ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों एवं सावधानियों के बारे में जानकारी देकर एनएसएस स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं के साथ महाविद्यालय आये अभिभावकों को भी जागरूक किया। महाविद्यालय में इस समय वार्षिक परीक्षाएं चल रही है जिसके चलते बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के अभिभावक भी उनके साथ आते हैं। डा. सुभाष चंद्रा ने एनएसएस स्वयंसेवकों छात्र.छात्राओं और अभिभावकों को सुरक्षित यातायात के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों के चलाते समय ध्यान देने वाली सावधानियां जैसे हेलमेट सीट बेल्ट के साथ साथ सड़क यातायात के सूचनात्मक, आदेशात्मक एवं चेतावनी चिन्हों के बारे में विस्तार से बताया। इसी क्रम में विधार्थियों व अविभावकों को सड़क दुर्घटना की स्थिति में तात्कालिक प्राथमिक उपचार व टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में डा. सुभाष चंद्रा ने उपस्थित सभी को यातायात नियम जागरुकता शपथ दिलाई और छात्र छात्राओं से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों और सावधानियों के बारे में सजग रहकर अपने संबंधियों को जानकारी देकर जागरूक करें।

# एसपी ने थाने का किया निरीक्षण



**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा थाना गोला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक व कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्सध्अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमानुसार माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। जनसुनवाई से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए एवं प्रत्येक जनशिकायत का फीडबैक स्वयं प्रभारी निरीक्षक को करने के लिए निर्देशित किया गया।

## पेज एक का शेष

### भारत समावेशी हिंद-प्रशांत...

उन्होंने आईपीईएफ के लिए क्षेत्र के सभी देशों के साथ काम करने की भारत की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्ध है और मानता है कि निरंतर विकास, शांति और समृद्धि के लिए भागीदारों के बीच आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत आईपीईएफ के तहत भागीदार देशों के साथ सहयोग करने और क्षेत्रीय आर्थिक संपर्क, एकीकरण और क्षेत्र के भीतर व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने का इच्छुक है। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम आदि भागीदार देशों के नेताओं ने वर्चुअली भाग लिया। इससे पहले बाइडेन ने टोक्यो में संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि 13 देश आईपीईएफ की लॉन्चिंग का हिस्सा होंगे। आईपीईएफ 21वीं सदी में आर्थिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों पर इस क्षेत्र में हमारे करीबी दोस्तों और भागीदारों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता है। आईपीईएफ टैरिफ अथवा बाजार पहुंच को आसान बनाने पर कोई समझौता नहीं करेगा।

आईपीईएफ का उद्देश्य चार प्रमुख क्षेत्रों- डिजिटल अर्थव्यवस्था, आपूर्ति श्रृंखला, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं एवं स्वच्छ ऊर्जा, कर और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों में स्वीकृत मानकों के माध्यम से भागीदार देशों को जोड़ना है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को क्वाड शिखर सम्मेलन में बाइडेन, किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ भाग लेंगे। दूसरी इन-पर्सन समिट में चारों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए तंत्र विकसित करेंगे। इस तरह का पहला आयोजन पिछले साल वाशिंगटन में हुआ था।यह क्वाड शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब चीन और क्वाड के सदस्य देशों के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में तनावपूर्ण हो गए हैं, क्योंकि बीजिंग तेजी से लोकतांत्रिक मूल्यों को चुनौती दे रहा है और व्यापार का सहारा ले रहा है।

### भारत में निवेश को विस्तार...

कार्यक्रम में 34 जापानी कंपनियों के शीर्ष कार्यकारी और सीईओ ने भाग लिया। इनमें से अधिकांश कंपनियों ने भारत में निवेश किया है और अपने कारोबार का संचालन कर रही हैं। इनमें विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, स्टील, टेक्नोलॉजी, ट्रेडिंग, बैंकिंग और फाइनेंस जैसी कंपनियां शामिल हैं। कार्यक्रम में भारत और जापान की मुख्य कारोबारी संस्थाएं और संगठन जैसे केइडानरेन, जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जेईटीआरओ), जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी (जीआईसीए), जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कॉरपोरेशन (जेबीआईसी), जापान-इंडिया बिजनेस कंसल्टेटिव कमेटी (जेएलबीसीसी) तथा इन्वेस्ट इंडिया ने भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि भारत और जापान स्वाभाविक सहयोगी हैं। उन्होंने कारोबारी समुदाय की सराहना करते हुए उन्हें भारत-जापान संबंधों की जबरदस्त संभावनाओं का ब्रांड एंबेसडर करार दिया। मोदी ने कहा कि मार्च 2022 मे प्रधानमंत्री किशिदा की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अगले पांच सालों में पांच खरब जापानी येन के निवेश का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। प्रधानमंत्री ने आर्थिक संबंधों में हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख किया, जिसमे अन्य के साथ भारत-जापान इंडस्ट्रियल कंपेटेटिवनेस पार्टनरशिप (आईजेआईसीपी) तथा क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप शामिल थे। प्रधानमंत्री ने कुछ शीर्ष कारोबारियों से भी मुलाकात की जिसमें सॉफ्ट बैंक के माशायोशी सन, सुजुकी मोटर कॉर्प के ओसामू सुजुकी शामिल थे। उन्होंने भारत में टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल, उभरती तकनीक तथा स्टार्टअप आदि में संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने सबसे पहले इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र के अग्रणी एनईसी कॉरपोरेशन के चेयरमैन नोबूहिरो से मुलाकात की। इसके बाद जापान के क्लोथिंग ब्रांड यूनिक्लो के सीईओ तादाशी यानाई से मिले। इसके पश्चात उन्होंने सन और सुजुकी से निवेश संभावनाओं पर चर्चा की।

### विनय कुमार सक्सेना...

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के विदेश यात्रा के कारण दिल्ली के नए उपराज्यपाल की घोषणा करने में देर हो रही थी। राष्ट्रपति रविवार को ही विदेश दौरे से वापस आए और सोमवार को सक्सेना के एलजी बनने की घोषणा कर दी गई। अनिल बैजल के इस्तीफे के बाद शहर में प्रफुल्ल खोड़ा पटेल, राकेश मेहता, राजीव महर्षि, सुनील अरोड़ा और राकेश अस्थाना में से किसी एक के उपराज्यपाल बनाए जाने की चर्चा जोरों पर थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो ट्वीट कर प्रफुल्ल पटेल के बारे में कहा भी था कि केंद्र इन्हें राजधानी का उपराज्यपाल बना सकता है। मालूम हो कि राज्यपाल या उपराज्यपाल की नियुक्ति पर केंद्र सरकार की सलाह पर राष्ट्रपति मुहर लगाते हैं। राजनिवास सूत्रों के मुताबिक एलजी का शपथ ग्रहण समारोह उपराज्यपाल निवास में चारों तरफ से पूरी तरह बंद पंडाल में होगा। आमंत्रित अतिथियों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी कैबिनेट के सभी सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव, दिल्ली के सभी सांसद और राज्यसभा सदस्यों सहित प्रमुख नौकरशाह भी मौजूद रहेंगे।

### दिल्ली की बेहतरी के लिए...

केजरीवाल ने यह भी कहा कि उपराज्यपाल रहे अनिल बैजल के साथ मिलकर दिल्ली में कई काम किए गए और कई समस्याओं को ठीक करने की कोशिश की। वह बेहद अच्छे इंसान हैं। मैं उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। उपराज्यपाल पद पर अनिल बैजल का कार्यालय दिल्ली सरकार के साथ काफी विवादों से जुड़ा रहा। खास तौर पर उनके व दिल्ली सरकार के बीच अधिकारों को लेकर निरंतर टकराव देखने को मिला और यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच गया था।

### सक्सेना ने ही खादी को...

सक्सेना वह व्यक्ति थे जिन्होंने खादी को वैश्विक ब्रांड बनाया। उनके कार्यकाल के दौरान केवीआईसी ने 2021-22 में 1.15 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया, जो देश की किसी भी एफएमसीजी कंपनी की तुलना में बहुत अधिक है। वर्ष 2014-15 की तुलना में 2021-22 में खादी और ग्रामोद्योग में कुल उत्पादन में 172 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इस अवधि के दौरान सकल बिक्री में 248 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई, जिसमें बड़े पैमाने पर 40 लाख नए रोजगार सृजित हुए हैं। खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्रों में उन्होंने पहली बार हनी मिशन, कुम्हार सशक्तिकरण योजना और चमड़ा कारीगर जैसी कई नवीन रोजगार-सृजन योजनाओं को लागू किया। उत्तर प्रदेश के एक शिक्षित और प्रतिष्ठित कायस्थ परिवार में जन्मे सक्सेना ने 1981 में कानपुर विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और पायलट लाइसेंस प्राप्त किया। सक्सेना ने अपने करियर की शुरुआत 1984 में जेके ग्रुप के साथ राजस्थान में सहायक अधिकारी के रूप में की थी। व्हाइट सीमेंट प्लांट के साथ विभिन्न स्तरों पर 11 वर्षों तक काम करने के बाद उन्हें 1995 में गुजरात में प्रस्तावित बंदरगाह परियोजना की देखरेख के लिए महाप्रबंधक के रूप में पदोन्नत किया गया। इसके बाद वह तेजी से सीईओ बने और बाद में धोलेरा पोर्ट प्रोजेक्ट के निदेशक के रूप में चुने गए। उन्होंने 1991 में अहमदाबाद में मुख्यालय के साथ एक व्यापक रूप से प्रशंसित एनजीओ, नेशनल काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज (एनसीसीएल) की स्थापना की।

### ज्ञानवापी प्रकरण में किस...

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मामले की संवेदनशीलता और जटिलता को देखते हुए यह बेहतर है कि कोई अनुभवी न्यायिक अधिकारी इस मामले की सुनवाई करे। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता मोहम्मद तौहीद खान ने कहा कि मुस्लिम पक्ष ने अदालत में याचिका दायर करके कहा है कि यह मुकदमा चलाने लायक नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाए। इसके अलावा ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के नियमित पूजन-अर्चन के लिए अदालत में काशी विश्वनाथ मंदिर के महंत डॉक्टर कुलपति तिवारी ने सोमवार को याचिका दायर की है। तिवारी ने कहा, मैं बाबा विश्वनाथ की तरफ से आया हूं। मैंने आज एक याचिका दाखिल कर अदालत से बाबा के नियमित दर्शन पूजन की मांग की है। मुझे बाबा के राग, भोग, सेवा और भक्तों को दर्शन की अनुमति दी जाय। वहीं, जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडे की ओर से परिसर में स्थित मानव निर्मित तालाब के पानी में से मछलियों को हटाने और वजूखाने की पाइप लाइन को स्थानांतरित करने की मांग को लेकर एक याचिका गत मंगलवार को दाखिल की गई थी, जिस पर अदालत द्वारा सुनवाई होनी है।

### बारिश ने दी गर्मी से...

इनमें कोई हताहत नहीं हुआ। पेड़ गिरने से कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति की लाइन क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके चलते बिजली गुल हो गई। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, आंधी के साथ रुक-रुक कर हुई भारी बारिश के कारण बिजली नेटवर्क को नुकसान पहुंचा और बार-बार आपूर्ति प्रभावित हुई, जिसके चलते आज सुबह नरेला, बवाना, बादली, मंगोलपुरी, किराड़ी, शालीमार बाग, केशव पुरम और मोती नगर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति को बहाल किया गया। जलभराव के कारण आईटीओ, डीएनडी, नरसिंहपुर-जयपुर रोड और ए स के पास विभिन्न हिस्सों पर ट्रैफिक जाम हो गया। पुल प्रह्लादपुर अंडरपास, एनएच-48 पर नरसिंहपुर, वसंत विहार में राव तुला राम लाईओवर और अन्य क्षेत्रों में भी पानी जमा रहा। पुलिस ने बताया कि आंधी के बाद पेड़ों के उखड़ने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को 62 कॉल आईं। बारिश और आंधी के चलते लगभग 130 उड़ानों में देरी हुई है। इनमें प्रस्थान टर्मिनल पर 90 और आगमन पर 44 जबकि 20 अन्य हवाई अड्डों पर सुबह 6 बजे से 10 बजे के बीच डायवर्ट की गईं, क्योंकि हवा की गति 75 किमी प्रति घंटे थी और ऐसे में परिचालन संभव नहीं था। मौसम विभाग के अनुसार आईजीआई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी।

### दिल्ली में शिमला सा...

दिल्ली में पांच सेमी और मसूरी में चार सेमी बारिश हुई। मौसम कार्यालय ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर आंधी व ओलावृष्टि और जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा पश्चिम मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) चलने का अनुमान जताया है।

### सड़कों पर आज उतरेंगी...

जिसमें मुफ्त सवारी के साथ-साथ ई-बसों की सवारी करने के दौरान एक सेल्फी लेकर इसे अपने इंस्टाग्राम, ट्विटर और फेसबुक हैंडल पर पोस्ट करने का भी आग्रह किया है। इसमें शामिल टॉप तीन प्रतियोगियों के पास आईपैड जीतने का मौका होगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा अपने लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही है। ई वाहना शून्य प्रदूषण, शून्य शोर, अधिकतम आराम का पर्याय हैं।

# स्वस्थ भारत सुनिश्चित करने के प्रयासों में आशा कार्यकर्ता अग्रणी : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**विश्व स्वास्थ्य** संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड से सम्मानित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इन कार्यकर्ताओं की सराहना की और कहा कि वे एक स्वस्थ भारत का निर्माण सुनिश्चित करने के प्रयासों में अग्रणी हैं। डब्ल्यूएचओ ने रविवार को भारत की 10 लाख महिला आशा स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। आशा स्वयंसेवकों को यह सम्मान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और देश में कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ अभियान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता या आशा स्वयंसेवक भारत सरकार से संबद्ध स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं जो ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करती हैं। भारत में कोरोना वायरस महामारी के चरम पर रहने के दौरान रोगियों का पता लगाने के लिए घर-घर जाकर जांच करने को लेकर आशा कार्यकर्ता विशेष तौर पर चर्चा में आईं। मोदी ने ट्वीट किया, आशा कार्यकर्ताओं के पूरे दल को डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक द्वारा ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड्स से सम्मानित किए जाने पर खुश हूं। उन्होंने कहा, सभी आशा कार्यकर्ताओं को बधाई। वे स्वस्थ भारत (का निर्माण) सुनिश्चित करने में अग्रणी हैं। उनका समर्पण एवं संकल्प सराहनीय है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेएसस ने रविवार को छह पुरस्कारों की घोषणा की। ए पुरस्कार वैश्विक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने, क्षेत्रीय स्वास्थ्य मुद्दों के लिए नेतृत्व और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करने के लिए दिए गए हैं। डब्ल्यूएचओ ने ट्वीट किया, भारत में 10 लाख से अधिक महिला स्वयंसेवक मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) को स्वास्थ्य प्रणाली से समुदाय को जोड़ने और गांवों में गरीबी में रह रहे लोगों की प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा तक पहुंच सुनिश्चित करने में अहम भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। उसने कहा, आशा का हिंदी में अर्थ है – उम्मीद। ए स्वास्थ्य कार्यकर्ता टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों के खिलाफ बच्चों के टीकाकरण एवं मातृ देखभाल, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभालअ उच्च रक्तचाप और तपेदिक के उपचार तथा पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन के लिए अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के मुख्य क्षेत्रों में काम करती हैं।



प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करते गृहमंत्री अमित शाह

## भाजपा गुजरात विस चुनाव से पहले व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात में** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य भर के करीब 51,000 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए अगले महीने व्यापक संपर्क अभियान शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुजरात भाजपा के महासचिव प्रदीप सिंह वाघेला ने कहा कि करीब 12,000 कार्यकर्ता 11, 12 और 13 जून को करीब 51,000 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क साधेंगे।

# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली अंतरराज्ईय परिषद का पुनर्गठन, शाह स्थाई समिति के अध्यक्ष

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए काम करने वाली अंतरराज्ईय परिषद का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अध्यक्ष और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री तथा छह केंद्रीय मंत्री सदस्य हैं। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, दस केंद्रीय मंत्री अंतरराज्ईय परिषद में स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे। सरकार ने अंतरराज्ईय परिषद की स्थाई समिति का भी पुनर्गठन किया है जिसके अध्यक्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे।

प्रधानमंत्री अंतरराज्ईय परिषद के अध्यक्ष हैं जबकि विधानसभा वाले सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों तथा बिना विधानसभा वाले केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को परिषद का सदस्य बनाया गया है। जिन केंद्रीय मंत्रियों को परिषद का सदस्य बनाया गया है, उनमें राजनाथ सिंह, अमित शाह, निर्मला सीतारमण, नरेंद्र सिंह तोमर, वीरेंद्र कुमार, हरदीप सिंह पुरी, नितिन गडकरी, एस जयशंकर, अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, प्रह्लाद जोशी, अश्विनी वैष्णव, गजेंद्र सिंह शेखावत, किरेन रीजीजू और भूपेंद्र यादव हैं। परिषद का काम देश में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने और सहयोग करने के लिए एक मजबूत संस्थागत ढांचा तैयार करना, इसकी नियमित बैठकों का आयोजन करके परिषद और क्षेत्रीय परिषदों को सक्रिय करना है। यह क्षेत्रीय परिषदों और अंतरराज्ईय परिषद द्वारा केंद्र-राज्य और अंतर-राज्य संबंधों के सभी लंबित और उभरते मुद्दों पर विचार करने की सुविधा प्रदान करती है। साथ ही, अंतरराज्ईय परिषद और क्षेत्रीय परिषदों की सिफारिशों के क्रियान्वयन की निगरानी की प्रणाली भी विकसित करती है।

## सोमैया की पत्नी ने संजय राउत के खिलाफ 100 करोड़ रुपए की मानहानि का मुकदमा दायर किया

**मुंबई।** भाजपा के नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया ने सोमवार को शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दायर किया और दंपत्ति पर गलत काम करने तथा शौचालय घोटाला में संलिप्तता का आरोप लगाने के मद्देनजर 100 करोड़ रुपए का हर्जाना मांगा। मेधा सोमैया ने अनुरोध किया है कि अदालत राउत को निर्देश दे कि या तो उन्हें 100 करोड़ रुपए का भुगतान करें या मुख्यमंत्री राहत कोष में राशि जमा करें। मेधा ने कहा कि राउत ने बार-बार उनके और उनके पति के खिलाफ खासकर 100 करोड़ रुपए के शौचालय घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के बारे में सार्वजनिक रूप से मानहानिकारक बयान दिए। मेधा सोमैया ने यह भी अनुरोध किया है कि अंतरिम राहत के रूप में राउत को उच्च न्यायालय द्वारा उनके और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ कोई भी सार्वजनिक बयान देने से रोका जाए।

# असम: थाने पर हमला करने वालों में शामिल ग्रामीणों के मकान ढहाए गए

**भाषा।** नगांव (असम)

**असम के** नगांव जिले में भीड़ द्वारा एक थाने को आग लगाए जाने के एक दिन बाद ऐसे कई लोगों के घरों को बुलडोजर से ढहा दिया गया जिनपर आगजनी की घटना में शामिल होने का संदेह था। इसके अलावा ढहाए गए मकानों के नीचे से हथियार-गोलाबारूद और मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि 21 मई को सालनाबोरी गांव में एक स्थानीय निवासी सफीकुल इस्लाम की कथित हिरासत में मौत के बाद बटाद्रवा थाने में आग लगा दी गई थी। इसके बाद गांव के कई निवासियों के घरों को बुलडोजर के जरिए ध्वस्त कर दिया गया।

नगांव की पुलिस अधीक्षक लीना डोले ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब हम कल तलाशी अभियान के लिए गए तो हमें सूचना मिली कि आरोपियों ने घरों के अंदर आग्नेयास्त्र और अपराध में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान जमीन के नीचे दबा दिया है। इसलिए, हमें जमीन खाली करनी पड़ी और घरों को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस को एक देशी रिवॉल्वर, नौ एमएम पिस्टल के चार कारतूस और घरों के अंदर जमीन में दबी 6,500 नाइट्रजेपम की गोलियां मिली हैं।डोले ने कहा, इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है। यहां तक कि उनके जमीन के दस्तावेज भी संदिग्ध हैं। हमने नगांव डीसी से जमीन के दस्तावेजों की पुष्टि के लिए पूरे इलाके का सर्वेक्षण करने को कहा है, क्योंकि ए फर्जी हो सकते हैं। वहीं, ग्रामीणों ने दावा किया कि इस्लाम के घर को भी ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि, जिला प्रशासन ने दावा किया कि उसने रविवार को गांव में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बेदखली अभियान शुरू किया था।विशेष पुलिस महानिदेशक जी. पी. सिंह ने कहा कि पुलिस स्टेशन में आगजनी में शामिल कई लोगों ने उस जमीन पर कब्जा कर रखा था, जिस पर वे रहते थे और स्वामित्व दिखाने के लिए उन्होंने जाली दस्तावेज बनवाए थे।पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने मामला दर्ज कर जिला प्रशासन को सतर्क किया, जिसने बेदखली अभियान चलाया। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि जिला प्रशासन ने छह घरों को ध्वस्त कर दिया।उन्होंने स्थानीय अधिकारियों पर इस्लाम के रिश्तेदारों के घरों को तोड़ने का भी आरोप लगाया। पुलिस थाने में आगजनी की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर रही है, जबकि इस्लाम की कथित हिरासत में मौत की अलग से जांच की जा रही है।

# भाजपा मुसलमानों का नरसंहार करने का मौका पाने के लिए उन्हें उकसा रही है: महबूबा

**भाषा।** श्रीनगर



**पीपल्स डेमोक्रेटिक** पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को आरोप लगाया कि देश की बुनियाद को हिलाया जा रहा है, संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और भाजपा के मंत्री मुसलमानों को प्रताड़ित करने के लिए आपस में होड़ कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने भाजपा पर मुसलमानों को भड़काने की कोशिश करने का आरोप लगाया ताकि उनके नरसंहार का मौका हासिल किया जा सके। मुफ्ती ने यह टिप्पणी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के उस बयान से संबंधित सवाल के जवाब में की है जिसमें उन्होंने कहा था कि मदरसों का अस्तित्व ही खत्म हो जाना चाहिए।

पीडीपी प्रमुख ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा, यह नया नहीं है। उनकी शाखाएं चल रही हैं, जहां तलवार धनुष-बाण से लड़ने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस बात की होड़ लगी हुई है कि क्या भारत को गुजरात मॉडल में बदला जाए या उत्तर प्रदेश मॉडल में। असम के मुख्यमंत्री उनसे कुछ कदम आगे निकलना चाहते हैं। मुफ्ती ने लोगों से गुजारिश की कि वे हाल में भाजपा शासित राज्यों में मुसलमानों के साथ हुए सलूक को याद करें। उन्होंने कहा, आपने देखा कि मध्य प्रदेश में क्या हुआ, जहां एक हिंदू को मुस्लिम होने के शक में पीट-पीटकर मार दिया गया। वे देश की नींव हिलाने की बात कर रहे हैं-धर्मनिरपेक्षता जिस पर यह देश बना था, संविधान जिस पर यह देश चल रहा था, वे उस संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। मुफ्ती ने कहा, वे पूरे मुल्क को गुजरात मॉडल, उत्तर प्रदेश मॉडल, असम मॉडल, मध्य प्रदेश मॉडल में बदलने की कोशिश कर रहे हैं और इन राज्यों के मुख्यमंत्री इस बात की होड़ में हैं कि कौन मुस्लिमों को ज्यादा प्रताड़ित करेगा और कौन, अल्लाह न करे, मुसलमानों का सफाया करेगा। पीडीपी प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा नेता और सदस्य मंदिर-मस्जिद जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठा रहे हैं ताकि मुस्लिमों को उकसाया और भड़काया जा सके। उन्होंने कहा, यह इसलिए किया जा रहा है ताकि वे (मुस्लिम) प्रतिक्रिया दें और उन्हें (भाजपा नेताओं को) गुजरात नरसंहार या जो उत्तर प्रदेश में हुआ या अन्य जगहों पर हुआ उसे दोहराने या (मुसलमानों) का नरसंहार करने का मौका मिल जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने देश की मौजूदा स्थिति की तुलना 1947 से पहले के हालात से की जब ब्रिटिश ने हिंदू और मुसलमानों को आपस में लड़ाया था। उन्होंने कहा, आज भाजपा, उनके मुख्यमंत्री, उनके मंत्री, ब्रिटिश का काम कर रहे हैं। मुफ्ती ने कहा, बदकिस्मती से, हमारे प्रधानमंत्री, जो हिंदुओं के, मुसलमानों के, सिखों के पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं इसे मूकदर्शक के तौर पर देख रहे हैं। उनकी खामोशी को उनकी पार्टी ने जो वे कर रहे हैं, उसकी स्वीकारोक्ति मान लिया है।

## क्विक न्यूज

### केरल में पीएफआई की रैली के दौरान भड़काऊ नारेबाजी के मामले में पुलिस की जांच शुरू

**अलप्पुझा (केरल)।** केरल पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने एक कथित वीडियो के मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की है जिसमें अलप्पुझा में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की रैली के दौरान एक नाबालिग लड़का भड़काऊनारेबाजी करता नजर आया। सोशल मीडिया पर पीएफआई द्वारा 21 मई को सेव द रिपब्लिक रैली का एक वीडियो सामने आया है। रैली के दौरान एक लड़का एक व्यक्ति के कंधे पर बैठा हुआ था और कथित तौर पर भड़काऊनारेबाजी कर रहा था। घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने कहा कि उसने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की है। पुलिस ने कहा, हालांकि अभी तक कोई शिकायत नही मिली है और कोई मामला दर्ज नही किया गया है। लड़के द्वारा भड़काऊनारेबाजी की विभिन्न हलकों में आलोचना की गई है। इस बीच, पीएफआई ने एक आंतरिक पत्र में कहा है कि इस तरह की नारेबाजी संगठन की नीति के खिलाफ है और वह इस मामले पर गौर करेगी। पीएफआई के प्रदेश सचिव सी ए रउफ ने इस पत्र में कहा है, हमने अलप्पुझा की रैली के लिए पहले से नारे तय कर रखे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ रैली में पार्टी के हजारों लोग और अन्य शामिल हुए। हमने नारेबाजी करने वाले लड़के का वीडियो देखा है। रैली के आयोजकों ने इन नारों की अनुमति नही दी थी। भड़काऊनारेबाजी करना हमारे संगठन की नीति नही है। रउफ ने कहा कि आगे से इस तरह की चीजे ना हो इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। पीएफआई की रैली के कुछ घंटे पहले बजरंग दल ने अलप्पुझा में शौर्य रैली निकाली जिसमें नारे लगाए गए कि देश को राष्ट्रविरोधियों और सांप्रदायिक सोच वालों के हवाले नही किया जा सकता।

### अदालत ने नफरती भाषण मामले में पी.सी. जॉर्ज को अंतरिम राहत प्रदान की

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को नफरती भाषण मामले में वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक पी.सी. जॉर्ज की गिरफ्तारी पर 26 मई तक रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने जॉर्ज की अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करते हुए शर्तों के साथ उन्हें अंतरिम राहत प्रदान की। मामले पर अगली सुनवाई बृहस्पतिवार (26 मई) को होगी। इससे कुछ दिन पहले तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। जॉर्ज ने उच्च न्यायालय में दाखिल जमानत याचिका में कहा कि अभियोजन पक्ष ने उनके 40 मिनट के भाषण में से चुनिंदा हिस्से को दिखाया। कोच्चि पुलिस ने भाषण के दौरान आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए 10 मई को जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जॉर्ज ने यह भाषण एर्नाकुलम जिले के वेनेला में मंदिर से संबंधित उत्सव के सिलसिले में दिया था। सत्र अदालत ने शनिवार को जॉर्ज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उनकी टिप्पणी प्रथम दृष्टया समुदायों के बीच वैमनस्य, घृणा और दुर्भावना को बढ़ावा देने वाली प्रतीत होती है। केरल कांग्रेस के पूर्व नेता जॉर्ज के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 295ए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### ओडिशा और पश्चिम बंगाल की नर्स को फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड

**बरहामपुरअलीपुरद्वार।** ओडिशा के बरहामपुर में स्थित सरकारी एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की नर्सिंग अधिकारी शिबानी दास तथा पश्चिम बंगाल के एक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत नर्स स्मिता कर को 2021 के राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड के लिए चुना गया है। अस्पताल के एक अधिकारी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सर्वोच्च नर्सिंग पुरस्कार के लिए चुनी गई स्मिता कर पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के फ्लकता ब्लॉक के तसाती चाय बागान में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत हैं। दास एवं कर को भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) द्वारा स्थापित देश के सर्वोच्च नर्सिंग सम्मान के लिए चुना गया है। एमकेसीजी अस्पताल के अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पचास वर्षीय दास को भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी) द्वारा उनकी सेवाओं के लिए, खास तौर से कोविड महामारी के दौरान उनकी सेवाओं के आलोक में देश के इस सर्वोच्च नर्सिंग पुरस्कार के लिए चुना गया है जो सेवा के प्रति उनकी समर्पण को रेखांकित करता है। दूसरी ओर, ड्यूटी समाप्त होने के बाद आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाने के लिए कर को इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एक समारोह में दास और कर को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसके लिए फिलहाल तारीख का अभी ऐलान नही किया गया है। इस पुरस्कार के लिए दास और कर के चयन के बारे में संबंधित स्वास्थ्य विभागों को सूचित कर दिया गया है। दास ने कहा, मै देश में सर्वोच्च नर्सिंग सम्मान के लिए चुने जाने पर बहुत खुश हूं। यह दूसरों को लोगों की अधिक सेवा करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कर ने कहा, मै अपने सहकर्मियों और परिवार को हमेशा मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद देती हूं।



कांग्रेसी नेता नवजोत सिंह सिद्धू को मेडिकल चेकअप के लिए ले जाते पुलिस कर्मी

## पुणे में मंदिर की जमीन पर बनाई गईं दो दरगाह: ज्ञानवापी विवाद के बीच मनसे का दावा

**पुणे।** ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के बीच, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के पुणे शहर में पुण्एश्वर मंदिर की जमीन पर दो दरगाह बनाई गई हैं। मनसे महासचिव अजय शिंदे ने रविवार को कहा कि उन्होंने पुण्एश्वर मुक्ति अभियान शुरू किया है और उन्होंने लोगों से इस कदम में राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी की लड़ाई का समर्थन करने की अपील की।

शिंदे ने ज्ञानवापी मस्जिद के हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि हिंदुत्व पर राज ठाकरे के रुख को देखते हुए सरकार की नींद टूटनी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा, हम ज्ञानवापी की तरह पुणे में पुण्एश्वर मंदिर के लिए भी लड़ रहे हैं। शिंदे ने दावा किया कि खिलजी वंश के शासक अलाउद्दीन खिलजी के एक कमांडर ने पुणे में पुण्एश्वर और नारायणेश्वर मंदिरों को ध्वस्त कर दिया था और बाद में इस जमीन पर दरगाहों का निर्माण किया गया था।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के पांच हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** श्रीनगर, बारामूला

**जम्मू-कश्मीर पुलिस** ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के पांच स्थानीय हाइब्रिड आतंकवादियों को सोमवार को गिरफ्तार किया। इनमें से दो को श्रीनगर से जबकि तीन को बारामूला जिले से पकड़ा गया। आतंकियों के पास हथियार एवं गोला-बारूद भी बरामद हुआ है।

पुलिस ने बताया कि बारामूला से पकड़े गए तीनों आतंकी अप्रैल में बारामूला जिले में हुई एक सरपंच की हत्या में शामिल थे। हाइब्रिड आतंकवादी दरअसल आतंकवादियों के रूप में अधिसूचित नहीं होते, लेकिन आतंकी मंसूबों के प्रति सहानुभूति रखते हैं और वे अपने आकाओं द्वारा दिए गए काम के अनुसार लक्षित हमले करने के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित होते हैं। आतंकवादी वारदात को अंजाम देने के बाद वे सामान्य जीवन जीने लगते हैं और अगला काम मिलने का इंतजार करते हैं। पुलिस के मुताबिक, श्रीनगर में गिरफ्तार आतंकियों की पहचान आमिर मुश्ताक गनी उर्फ मूसा और अज्लान अल्ताफ भट के रूप में हुई जोकि चानपोरा के निवासी हैं। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, श्रीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबाटीआरएफ के दो स्थानीय हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आपत्तिजनक सामग्री, 15 पिस्तौल, 30 मैगजीन और 300 गोलियों समेत कई हथियार व गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। टीआरएफ या द रेजिस्टेंस फ्रंट लश्कर से संबद्ध एक संगठन है। कुमार ने बताया कि एक मामला दर्ज किया गया है और जांच चल रही है। उन्होंने कहा, यह पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है। वहीं, बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रईस मोहम्मद बट ने पत्तन में संवाददाताओं से कहा कि पकड़े गए तीनों आतंकी अप्रैल में बारामूला जिले में हुई एक सरपंच की हत्या में शामिल थे। उन्होंने कहा, आतंकियों ने 15 अप्रैल को पत्तन कस्बे के वुस्सन इलाके में गौसबाग के सरपंच मंजूर अहमद बंगरू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान चलाया था और एक मुकदमा भी दर्ज किया गया था। बट ने कहा कि तकनीकी निगरानी और विभिन्न खुफिया सूचनाओं के आधार पर गहन जांच के बाद साजिश का खुलासा हो सका। उन्होंने कहा कि तीन हाइब्रिड आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जो करीब छह-सात महीने से साजिश रच रहे थे।

# हज सब्सिडी के नाम पर दशकों से सियासी छल चल रहा था: नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अल्पसंख्यक** कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि सब्सिडी के खात्मे के बावजूद हज यात्रियों पर आर्थिक बोझ ना पड़ना इस बात का प्रमाण है कि दशकों से हज सब्सिडी के बल पर सियासी छल चल रहा था।

उन्होंने यहां हज-2022 के लिए हज समन्वयकों, हज सहायकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के दौरान यह भी कहा कि मोदी सरकार ने ैसब्सिडी के सियासी छलै को ईमानदारी के बल से खत्म किया है। नकवी ने कहा कि हज 2022 के लिए हज कमेटी के माध्यम से हज यात्री 10 इम्बार्केशन पॉइंट्स (प्रस्थान स्थलों)- अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोच्चि, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और श्रीनगर से जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत से हज के लिए उड़ान चार जून से शुरू हो रही हैं। नकवी ने कहा, मोदी सरकार में संपूर्ण हज प्रक्रिया में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों से जहां एक तरफ हज प्रक्रिया पारदर्शी हुई है, वहीं दूसरी ओर दो वर्षों के बाद हज पर जा रहे हज यात्रियों पर गैर-जरूरी आर्थिक बोझ ना पड़े इसकी व्यवस्था की गई है। उनके मुताबिक, संपूर्ण हज प्रक्रिया के शत-प्रतिशत डिजिटल होने से भारतीय मुसलमानों के इज़ ऑफ डूइंग हज (हज करने में सुगमता) का सपना साकार हुआ है। डिजिटल हज, डिजिटल इंडियौ के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है। नकवी ने कहा, लोगों की सेहत, सुरक्षा, सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण सुधारों के साथ हज 2022 हो रहा है। हज 2022 की संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार और सऊदी अरब की सरकार द्वारा तय किए गए पात्रता, आयु, स्वास्थ्य मानदंडों एवं अन्य जरूरी कोरोना दिशानिर्देशों के अनुसार की गई है। उन्होंने बताया, इस साल भारत से 79,237 मुसलमान हज 2022 पर जाएंगें। इनमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। इनमें 56 हजार 601 हज यात्री, भारतीय हज कमेटी और 22,636 हज यात्री, हज ग्रुप ऑर्गनाइजर्स (एचजीओ) के माध्यम से जाएगें। बिना मेहरम (पुरुष रिश्तेदार) के लगभग 2000 मुस्लिम महिलाएं हज 2022 पर जाएंगी। इन्हें लॉटरी सिस्टम से बाहर रखा गया है।



## कांग्रेस का वजूद वेंटिलेटर पर, इसके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर पर: नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर से लंदन में की गई टिप्पणी को लेकर उन पर पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि कांग्रेस का वजूद वेंटिलेटर (जीवन रक्षक प्रणाली) पर है, लेकिन इसके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर पर है। उन्होंने यह दावा भी किया कि कांग्रेस के नेता विदेश जाकर देश को बदनाम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गत शुक्रवार को मोदी सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा था कि पाकिस्तान की तरह ही भारत में भी अदृश्य ताकतें देश को खोखला कर रही हैं। उन्होंने लंदन में थिंक टैंक (विचारक संस्था) ब्रिज इंडिया द्वारा आयोजित आइडियाज फॉर इंडिया सम्मेलन के एक संवाद-सत्र में यह दावा भी किया था कि भारत की आत्मा पर भाजपा का हमला हो रहा है और बिना आवाज की आत्मा का कोई मतलब नहीं है तथा जो हुआ है वह यह है कि भारत की आवाज को कुचल दिया गया है। राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता नकवी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस की इसी ैविकार धारौ ने कभी मुल्क की पार्टी कहे जाने वाले दल को ऐसा बना दिया जिसकी पूछ मोहल्ले में भी नहीं है। आज कांग्रेस का वजूद वेंटीलेटर पर है फिर भी इनके नेताओं की बेवकूफी एक्सेलरेटर (तेज रफ्तार) पर है। नकवी ने कहा कि इसी विकार धारौ का नतीजा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले की सनक, भारत को बदनाम करने की साजिश में बदल गई है।

# रूसी सैनिक को युद्ध अपराध में उम्र कैद

## यूक्रेन की अदालत का फैसला

भाषा। कीव

**यूक्रेन की** एक अदालत ने देश के एक नागरिक की हत्या करने के मामले में 21 वर्षीय एक रूसी सैनिक को सोमवार को उम्र कैद की सजा सुनाई। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण करने के बाद से युद्ध अपराधों को लेकर मुकदमे में पहली बार सजा सुनाई गई है। सार्जेंट वादिम शिशिमारिन पर युद्ध के शुरूआती दिनों में उत्तर पूर्वी सूमी क्षेत्र के एक गांव में एक यूक्रेनी नागरिक की गोली मार कर हत्या करने का आरोप है। रूसी सैनिक ने अपना दोष स्वीकार कर लिया और बयान दिया कि उसने यूक्रेनी नागरिक को गोली मारी क्योंकि उसे ऐसा करने का आदेश दिया गया था। उसने अदालत को बताया कि एक अधिकारी ने कहा कि अपने मोबाइल फोन पर बात कर रहा यह यूक्रेनी व्यक्ति उनकी मौजूदगी वाले स्थान की जानकारी यूक्रेनी सैनिकों को दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, यूक्रेन में तीन महीने से जारी युद्ध के चलते विश्व भर में विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या अपने रिकार्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है तथा विश्व भर में 10 करोड़ से अधिक लोगों को अपना घरबार छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने वीडियो लिंक के माध्यम से स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने सभी रूसी बैंकों पर प्रतिबंध, रूसी तेल के आयात पर रोक और रूस के साथ सभी व्यापार रोकने सहित रूस पर अधिकतम प्रतिबंध लगाए जाने की अपील की। उनके देश ने रूसी सैनिकों के आगे बढ़ने की गति को धीमा कर दिया है।

### यूक्रेन संकट के समाधान के लिए मध्यस्थता को तैयार है स्विट्जरलैंड : राष्ट्रपति कैसिस

**दावोस।** स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति इग्नेजियो कैसिस ने सोमवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन संकट के समाधान के लिए वार्ता कराने के वास्ते मध्यस्थ की भूमिका निभाने को तैयार है। उन्होंने एक संप्रभु राष्ट्र को तबाह करने और उसके शहरों को कब्रिस्तान में बदलने का आरोप लगाते हुए यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा की। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक 2022 को संबोधित करते हुए कैसिस ने कहा कि दावोस का शिखर सम्मेलन रोजमर्रा की जिंदगी से हटकर अलग पल है लेकिन रोजमर्रा के जीवन से हटने का मतलब वास्तविकता से पीछे हटना नहीं है। पीछे हटने के जरिए हम खुद को सोचने का वक्त देते हैं और इसके बदले में, ताजा समाधान मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, हम यहां उपस्थित हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि कई लोगों के लिए पिछले कई दशक उम्मीदों भरे रहे हैं। हालांकि, जिन आधार पर ए उम्मीदें टिकीं थीं, वो चरमराने लगीं क्योंकि पहले आर्थिक संकट, फिर जलवायु परिवर्तन और महामारी और अब यूक्रेन पर रूसी हमले ने आशाओं को धराशाई किया है।

### जिनेवा में संरा कार्यालय में तैनात रूसी राजनयिक ने इस्तीफा दिया

**दावोस।** जिनेवा स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में तैनात वरिष्ठ रूसी राजनयिक ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अपने इस्तीफे की घोषणा की है। रूसी राजनयिक बोरिस बोंडारेव (41) ने कहा कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में आक्रामक युद्ध छेड़ने के खिलाफ विदेशी सहयोगियों को पत्र भेजने से पहले अपना इस्तीफा सौंप दिया है। रूसी मिशन को सोमवार सुबह प्राप्त हुए एक पत्र में बोरिस ने अपने इस्तीफे की पुष्टि की है। बोरिस ने लिखा, बतौर राजनयिक मेरे 20 वर्ष लंबे करियर में मैंने विदेश नीति में कई बदलाव देखे।



जापान में गार्ड आफ आनर लेते अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन साथ जापान के पीएम किसिदा

## दो रेव पार्टी में शायद यौन गतिविधियों की वजह से यूरोप में फैला मंकीपॉक्स : विशेषज्ञ

भाषा। लंदन

**विश्व स्वास्थ्य संगठन** (डब्ल्यूएचओ) के एक प्रमुख सलाहकार ने विकसित देशों में दुर्लभ बीमारी मंकीपॉक्स के प्रकोप को अप्रत्याशित घटना के रूप में वर्णित किया। उन्होंने कहा कि यूरोप में हाल में दो रेव पार्टी में जोखिम भरे यौन व्यवहार के कारण संभवत: इसका प्रसार हुआ। डब्ल्यूएचओ के आपातकालीन विभाग के प्रमुख रहे डॉ. डेविड हेमन ने कहा कि सबसे मजबूत सिद्धांत यह है कि स्पेन और बेल्जियम में आयोजित दो रेव पार्टी में समलैंगिकों और अन्य लोगों के बीच यौन संबंधों की वजह से इस बीमारी का प्रसार हुआ है।

### मंकीपॉक्स प्रसार रोकने के लिए ब्रिटेन में पृथकवास उपाय

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने सोमवार को जारी अद्यतन सलाह में कहा कि ऐसा व्यक्ति जो मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति के सीधे सम्पर्क में आया है या किसी संक्रमित व्यक्ति के साथ किसी मकान में एकसाथ रहा है जिसके कारण उसके वायरस से संक्रमित होने का जोखिम है, उसे 21 दिनों तक पृथक रहने की सलाह दी जाती है। ब्रिटेन की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने कहा कि मंकीपॉक्स के पुष्ट मामले के साथ असुरक्षित प्रत्यक्ष संपर्क वाले किसी व्यक्ति के करीबी संपर्कों को सलाह दी जाती है कि वे अपना विवरण प्राधिकारियों को मुहैया कराएं, यात्रा नहीं करें और संक्रमण की चपेट में आने के जोखिम वाले व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और 12 वर्ष से बच्चों के संपर्क में आने से बचें।

### कोविड टीके की तीन खुराक से पांच साल से कम आयु के बच्चों को मिलेगी मजबूत प्रतिरक्षा :फाइजर

**वाशिंगटन।** फाइजर के कोविड-19 टीके की तीन खुराक पांच साल से कम आयु के बच्चों को मजबूत प्रतिरक्षा प्रदान कर सकती है। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा की। फाइजर की योजना छोटे बच्चों को टीके की खुराक दिलाने की दिशा में कदम उठाते हुए इस सप्ताहांत में अमेरिकी नियामकों को आंकड़े मुहैया करने की योजना है। अपने छोटे बच्चों और शिशुओं का, खासतौर पर कोविड-19 के मामले बढ़ने पर, टीकाकरण कराने के लिए माता-पिता के महीनों तक परेशान रहने तथा बेचैनी से प्रतीक्षा करने के बाद यह खबर आई है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने आठ और मंत्रियों को शपथ दिलाई

**भाषा।** कोलंबो,

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए सोमवार को आठ और मंत्रियों को इसमें शामिल किया, लेकिन संकटग्रस्त देश के आर्थिक मामलों को देखने के लिए उन्होंने किसी वित्त मंत्री की नियुक्ति नहीं की। नए मंत्री सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) और उसके सहयोगियों - एसएलएफपी और ईपीडीपी के हैं। राजपक्षे अपने बड़े भाई और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद से पांच बार अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल कर चुके हैं। मंत्री मौजूदा आर्थिक संकट से निपटने के उद्देश्य से गठित प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे के अंतरिम मंत्रिमंडल में काम करेंगे। इकोनॉमी नेक्स्ट समाचार पोर्टल ने ट्वीट किया कि मत्स्य पालन मंत्री के रूप में डगलस देवानंद, परिवहन एवं राजमार्ग और संचार मीडिया मंत्री के रूप में बंडुला गुणवर्धना, स्वास्थ्य एवं जल आपूर्ति

### हिंसा को रोक पाने में विफल रहने को लेकर श्रीलंका के शीर्ष नौकरशाह का इस्तीफा

**कोलंबो।** श्रीलंका में जनसुरक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष नौकरशाह ने नौ मई को हुई हिंसा को रोकने में विफल रहने को लेकर सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। वह पुलिस विभाग का जिम्मा संभाल रहे थे। श्रीलंका में नौ मई को तत्कालीन प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के समर्थकों और सरकार-विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़प में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई थी जबकि 200 से अधिक घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) जगत एल्विस ने जनसुरक्षा मंत्रालय के सचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। एल्विस ने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति

## संरा मानवाधिकार प्रमुख चीन दौरे पर, शिनजियांग पर रहेगा ध्यान

भाषा। बीजिंग

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी के सोमवार से शुरू हो रही चीन यात्रा के दौरान देश के पश्चिमोत्तर शिनजियांग क्षेत्र में मानव अधिकारों के उल्लंघन के आरोपों का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहेगा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैशलेट का यह दौरा 2005 के बाद देश में किसी शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी का पहला दौरा है। अधिकार समूहों ने हालांकि चेताया कि उसने (चीन ने) शिनजियांग में सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की ज्यादतियों को छिपा देने की बात की है। चीन ने अपने उइगर, कज़ाख और अन्य मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदायों के 10 लाख से अधिक सदस्यों को बंद कर दिया है तथा आलोचक इसे उनकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को मिटाने का अभियान करार देते हैं। चीन का कहना है कि उसके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वह शिनजियांग का दौरा करने तथा व्यवस्था और जातीय एकता को कायम रखने के लिए उसके द्वारा चलाए गए अभियान को देखने के लिए सभी का बिना किसी राजनीतिक पूर्वाग्रह के स्वागत करता है। बैशलेट दक्षिणी शहर ग्वांगझू से अपनी छह दिवसीय यात्रा की शुरुआत करेंगी।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को पार्टीगेट रिपोर्ट पर फैसले का इंतजार

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन उनके करियर के लिए खतरा बन गए पार्टीगेट कांड से महीनों से जूझ रहे हैं। हालांकि अभी तक वह बचे हुए हैं। इस सप्ताह उन्हें अपने राजनीतिक भविष्य के लिए एक और खतरे का सामना करना है: सरकारी कार्यालयों में लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन कर की गई पार्टियों की एक व्यापक रिपोर्ट अगले कुछ दिनों में प्रकाशित हो सकती है। यह पार्टीगेट कांड जॉनसन के 10 डाउनिंग स्ट्रीट स्थित निवास और आस-पास की इमारतों में एक दर्जन से अधिक सभाओं व पार्टी से संबंधित है।

## तुर्की की सुरक्षा मजबूत करे स्वीडन : एर्दोआन

**अंकारा।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में स्वीडन और फिनलैंड के शामिल होने का विरोध कर रहे तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन ने उनके देश की सुरक्षा चिंताओं को दूर करने वाले ठोस कदम उठाने की स्टॉकहोम से सोमवार को अपील की। तुर्की ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी और अंकारा द्वारा आतंकवादी समझे जाने वाले अन्य समूहों का स्वीडन तथा फिनलैंड द्वारा कथित समर्थन किए जाने का जिक्र करते हुए दोनों नॉर्डिक देशों की नाटो की सदस्यता का विरोध किया।

## अल्बानीस ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तोक्यो रवाना

भाषा। कैनबरा

**एंथनी अल्बानीस** ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, जिसके बाद वह जापान की राजधानी तोक्यो में मंगलवार को होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए रवाना हो गए। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया में अभी मतगणना जारी है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि अल्बानीस जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कठोर कार्वाई का आह्वान कर रही संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने लेबर पार्टी ने शनिवार को हुए चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन के नेतृत्व वाले कंजर्वेटिव गठबंधन को सत्ता से बाहर कर दिया है। इस गठबंधन के तहत पिछले नौ साल में तीन प्रधानमंत्री सत्ता में रहे। अल्बानीस ने अपने गृहनगर सिडनी में कहा, मैं ऐसी सरकार का नेतृत्व करना चाहता हूं, जिसमें आशावाद और उम्मीद की वही भावना हो, जो ऑस्ट्रेलियाई लोगों को परिभाषित करती है।

## विस्थापित लोगों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर पहुंची

**बर्लिन।** संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने सोमवार को कहा कि संघर्ष, हिंसा, मानवाधिकारों के उल्लंघन और उत्पीड़न से बचने के लिए दुनियाभर में 10 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध के कारण लाखों लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त फिलिपो ग्रैंडी ने कहा, विस्थापित लोगों की संख्या 10 करोड़ से पार हो गई है। यह एक रिकॉर्ड है जो कभी नहीं बनना चाहिए था।,


**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK LTD VS TARUN CHAUHAN, OA- 87/2019 | Vehicle No. DL6CM5155 Make and Model- BMW 520D Manu Year- 2013 | Rs. 4,80,000/- | Rs. 48,000/- |

**Note: DD/PO of EMD amount has to be made in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi.**
**Auction Date: June 08, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction**: Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec – 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person– Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi to participate in the auction..
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the Approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi- 110085** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


## धातु शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली से शुरुआती लाभ गंवाया

**टाटा स्टील 12.53 प्रतिशत टूटा**

भाष। मुंबई

**उतार-चढ़ाव भरे** कारोबार में शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। धातु कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से अंत में सेंसेक्स 38 अंक के नुकसान के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला लेकिन कारोबार के दौरान भारी बिकवाली के कारण 37.78 अंक यानी 0.07 प्रतिशत फिसलकर 54,288.61 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 51.45 अंक यानी 0.32 प्रतिशत टूटकर 16,214.70 अंक पर बंद हुआ। उल्लेखनीय है कि सरकार ने शनिवार को घरेलू उद्योगों को समर्थन देने के लिए लौह अयस्क के निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। वहीं आयरन पेलेट पर 45 प्रतिशत का शुल्क लगाया है। सरकार के इसक कदम से धातु कंपनियों के शेयरों को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील के शेयर में सबसे अधिक 12.53 प्रतिशत की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, पावर ग्रिड, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं, दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर चढ़ गए। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी एक बार फिर शुरुआती बढ़त गंवाने के बाद गिरावट में बंद हुआ। लौह अयस्क और कुछ इस्पात उत्पादों पर सप्ताहांत में निर्यात शुल्क लगाने के बाद धातु से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली हुई। इसके अलावा कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, अच्छी शुरुआत के बाद बाजारों ने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी।







### इस्पात पर उठाए कदमों का स्वागत किया

**नई दिल्ल।** उद्योग निकाय आईसीईएमए ने सोमवार को कहा कि इस्पात कीमतों में अप्रत्याशित तेजी पर काबू पाने के लिए सरकार ने सही समय पर कदम उठाए है क्योंकि इस्पात के दामो में तेजी से समूचे ढांचागत क्षेत्र को नुकसान हो रहा था। भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ (आईसीईएमए) ने एक बयान मे कहा कि इस्पात की कीमतो मे पिछले कुछ महीनो से लगातार तेजी रहने से उद्योग पर काफी दबाव पड़ रहा था। ऐसे मे सरकार ने घरेलू इस्पात कीमतो को काबू मे लाने के लिए सही समय पर कदम उठाए है। आईसीईएमए के अध्यक्ष दिमित्रोव कृष्णन ने बयान मे कहा, सरकार की तरफ से उठाए गए हालिया कदमों का उद्देश्य लागत मे कमी लाना और घरेलू विनिर्माताओं के लिए इस्पात की उपलब्धता बढ़ाने की पुरानी मांगो को पूरा करना है। उद्योग जगत पिछले दो वर्षो मे इस्पात की कीमतें बढ़ने से काफी दबाव मे था।

### अमेरिकन ईगल भारत में करेगा विस्तार

**अहमदाबाद।** अमेरिका के पसंदीदा जींस ब्रांड अमेरिकन ईगल की योजना पूरे भारत में अपने रिटेल फुटप्रिंट का विस्तार करने की है, जिससे ग्राहकों के लिए खरीदारी का अनुभव और भी सुविधाजनक हो जाएगा। अमेरिकन ईगल ग्राहकों को उनके पसंदीदा कपड़े खोजने में मदद करने के लिए बना है। यह जींस के नवीनतम रुझानों की पेशकश करता है। जिसमें विभिन्न साइज शामिल है। महिलाओं के लिए 24.36 इंच और पुरुषों के लिए 29.38 इंच तक की साइज यहां मिल जाएंगी। इंडिया के ब्रांड हेड आशीष मुकुल ने कहा कि यह एक आइकॉनिक ग्लोबल ब्रांड है, अब हम अगले तीन वर्षो के दौरान प्रमुख फ्रेंचाइजी भागीदारों के साथ मिलकर देश भर में ब्रांड की पहुंच बढ़ाने के इरादे से 50 और स्टोर खोलने की योजना बना रहे हैं।

## रुपया 15 पैसे की तेजी के साथ 77.55 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के रुख तथा भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के बढ़ती मुद्रास्फीति को थामने के लिए जून में फिर से ब्याज दर बढ़ाने का संकेत देने के बाद विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे की तेजी के साथ 77.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.69 पर खुला और दिन के कारोबार में 77.51 से लेकर 77.69 के दायरे में रहा। रुपए में पिछले तीन सत्रों से जारी गिरावट थम गई और यह अमेरिकी डॉलर के अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 15 पैसों की तेजी के साथ 77.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया 77.70 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक, श्रीराम अय्यर ने कहा कि रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की टिप्पणियों के बाद डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत हुआ।

## लंबे समय तक उच्च तापमान से महंगाई, वृद्धि पर असर : मूडीज

**नई दिल्ली।** मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि लंबे समय तक उच्च तापमान भारत के लिए नुकसानदेह है, क्योंकि इससे महंगाई बढ़ सकती है और वृद्धि प्रभावित हो सकती है। मूडीज के मुताबिक दीर्घावधि में, भौतिक जलवायु जोखिमों के प्रति भारत के अत्यधिक नकारात्मक ऋण जोखिम का मतलब है कि इसकी आर्थिक बढ़त का अस्थिर होना। भारत को लगातार जलवायु संबंधी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैसे तो भारत में गर्मी की लहर काफी आम हैं।

## अब व्हॉट्सएप के जरिए माईगव हेल्पडेस्क पर डिजिलॉकर सेवाओं का लाभ ले सकेंगे लोग

भाषा। नई दिल्ली

माईगव ने सोमवार को कहा कि नागरिक अब व्हॉट्सएप के जरिए माईगव हेल्पडेस्क पर डिजिलॉकर सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। इस पहल का मकसद सरकारी सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सुगम करना है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख पहल- डिजिलॉकर का उद्देश्य लोगों को उनके डिजिटल दस्तावेज वॉलेट के जरिए प्रामाणिक दस्तावेजों तक पहुंच देना है। डिजिलॉकर प्रणाली में सुरक्षित रखे गए दस्तावेजों को मूल भौतिक दस्तावेजों के समान माना जाता है। एक बयान के अनुसार, नागरिक अब व्हॉट्एप पर माईगव हेल्पडेस्क के जरिए डिजिलॉकर सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं... डिजिलॉकर, व्हॉट्सएप पर माईगव द्वारा दी जाने वाली एक महत्वपूर्ण नागरिक सेवा होगी। इन सेवाओं में डिजिलॉकर खाते को बनाना और प्रमाणित करना, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज डाउनलोड करना शामिल है।

## इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास कंपनियां बढ़ाएंगी खर्च : सर्वे

**नई दिल्ली।** भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) चला रही और इंजीनियरिंग सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों में से 70 प्रतिशत से अधिक इस साल अपने बजट में 10 से 25 प्रतिशत वृद्धि की योजना बना रही हैं। डेलॉयट और उद्योग संगठन नैसकॉम के एक संयुक्त सर्वेक्षण में यह कहा गया है। इसमें कहा गया है कि देश में जीसीसी चलाने वाली इकाइयों में वाहन और परिवहन तथा औद्योगिक क्षेत्रों में इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास (ईआर एंड डी) पर खर्च सबसे अधिक 10 से 25 प्रतिशत रहने की संभावना है।

## भारत और अमेरिका ने नए निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए

भाषा। तोक्यो

भारत और अमेरिका ने सोमवार को एक नए निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से अतिरिक्त निवेश सहायता कार्यक्रम मसलन ऋण, इक्विटी निवेश, निवेश गारंटी, निवेश बीमा और संभावित परियोजनाओं और अनुदानों के लिए व्यवहार्यता अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा। क्वाड शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक से पहले विदेश सचिव विनय क्वात्रा और अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त निगम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्कॉट नैथन ने भारत-अमेरिका निवेश प्रोत्साहन समझौते (आईआईए) पर हस्ताक्षर किए।




जापान के टाप कंपनियों के सीईओ के साथ पीएम मोदी


THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Insha D/o, Mohd Shakeel** R/o D-6, D-Block, New Seelampur, Garhi Mendu, North East Delhi, Delhi-110053 have changed my Father Name Shakeel Ahmad for all purposes.
PD(9096)A

PUBLIC NOTICE

मैं रणबीर सिंह पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी म.न. 24 हेली वाले पाना, गांव निजामपुर, दिल्ली -110081 घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का संजीव छिल्लर मेरे कहने सुनने से बाहर है, इसलिए मैं इसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में संजीव छिल्लर अपने लेन-देन व अन्य प्रकार की मेरी व मेरे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that **Akash Devender Nath** (hereinafter referred to as the said Mortgagors/ Borrowers) is purchasing Third Floor with Roof Rights, Property Bearing No. 94, area measuring 62.70 Sq. Mtrs., i.e., 75 Sq. Yds., out of Khasra No. 436, 450 and 451, Situated in the area of Village Sikdar Pur, in the abadi of Durga Puri, Illaqa Shahdara, Delhi from Mr. Sumer Dutt Sharma and Legatees of Late Madhu Sharma i.e. Sumer Dutt Sharma (husband as per SMC Certificate no. 90660000147018 dated 19.05.2022). Mr. Sumer Dutt Sharma and Mrs. Madhu Sharma were joint owners of the said floor vide Sale Deed dated 22.01.2018, Doc. No. 418 and Now, Mr. Sumer Dutt Sharma has become sole owner of the said floor. Now, **Mr. Akash Devender Nath** has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our client **IDFC FIRST Bank Limited**. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client **& in case anyone has any objection, the** same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172 /9818228636(M).

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and "AS IS WHAT IS BASIS" for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DHARMENDER, CS (COMM) 52/20 | Vehicle No. HR38Z5502 Make and Model - TATA WINGER, Manu Year - 2019 |
| ICICI BANK LTD VS RIZOO SOOD, CS (Comm) No. 798/2019 | Vehicle No. UP14ET9537 Make and Model - GENERAL MOTORS SAIL, Manu Year - 2015 |
| ICICI BANK LTD VS RANJEET JHA, Suit No.1044/18 | Vehicle No. DL1ZB2790 Make and Model - GENERAL MOTORS SAIL, Manu Year - 2017 |
| ICICI BANK LTD VS VINOD GIRI, CS (COMM) No. 1168/2019 | Vehicle No. DL5CQ0140, Make and Model – MARUTI SUZUKI Wagon R, Manu Year - 2018 |
| ICICI BANK LTD VS NASEEM KHAN, CS NO. 424/18 | Vehicle No- DL3SDM9022, Make & Model - HERO SPLENDOR PLUS, Manu Year-2016, Reserve Price: Rs. 13,000/- EMD Amount Rs.2000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC |
| ICICI BANK LTD VS MARC ANATONIO XAVIER, Suit No. 42/2018 | Vehicle No- DL2CAT8986, Make & Model -MARUTI SUZUKI CIAZ ZDI, Manu Year-2015, Reserve Price: Rs. 2,20,000/- EMD Amount Rs.22000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original EMD at site with KYC |
| ICICI BANK LTD VS MOHINDER PAL KAUSHAL, CS No.3191/18 | Vehicle No. DL1RTA1662, Make and Model- MARUTI SUZUKI RITZ, Manu Year- 2015 |
| ICICI Bank Ltd. Vs. SOBHA RAM, C.S. NO 3168/19 | Vehicle No- UP16ET0758, Make & Model - HYUNDAI XCENT, Manu. Year-2016 |

**Auction Date: June 08, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram - 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI Bank Ltd. Vs. Babar & Anr., CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No - UP14JT1939, Make & Model - ASHOK LEYLAND GURU 1010, Manu. Year- 2019 |

**Auction Date : June 08, 2022 From 11:00 a.m. to 2:00 p.m.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking Yard, Khasra No. 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP- 201102
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the Approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No- 7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for etails and inspection of the said hypothecated vehicles.

## जिलाधिकारी ने पंचायत सहायकों का एक दिन का रोका मानदेय, मांगा स्पष्टीकरण

**गाजीपुर।** भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत जिसके लिए शासन के द्वारा 4 मई से 18 मई तक की विशेष आयुष्मान भारत पखवाडा चलाया गया। जिसमें जनपद गाजीपुर प्रदेश में प्रथम आया। वहीं अब जिलाधिकारी ने इस पखवाड़े को 31 मई तक बढ़ा दिया है। ताकि अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके। जिसको लेकर वह प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जूम मीटिंग पर कार्यक्रम की समीक्षा भी कर रहे हैं। एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि रविवार की शाम उन्होंने जूम मीटिंग पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा किया। जिसमें उन्होंने सदर ब्लॉक के पंचायत सहायकों के द्वारा कार्ड बनाए जाने में रूचि नहीं लेने पर सदर ब्लाक के सभी पंचायत सहायकों का 1 दिन का मानदेय रोकने का आदेश दिया साथ चिकित्सा अधीक्षक कासिमाबाद और बीडीओ कासिमाबाद से आयुष्मान कार्ड कि प्रगति पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## सती अनुसूया शिक्षा निकेतन के बच्चों ने सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को किया जागरूक

**गाजीपुर।** जनपद के सुहवल थाना अंतर्गत मेदनीपुर गांव में सती अनसूया शिक्षा निकेतन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा पोस्टर चिपका कर व हैंड बिल बांट कर लोगों को जागरूक किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक कमलेश प्रकाश सिंह ने सड़क पर चलने के नियमों जैसे कि सड़क के बाये पटरियों पर चलनाए सड़क पार करते समय दाएं बाएं देखकर पार करनाएदो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना एवं चार पहिया वाहन मे सीट बेल्ट के प्रति सभी को सजग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रागिनी सिंह ने कहा कि यदि सभी लोग सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें तो सड़कों पर कोई दुर्घटना नहीं होगी और सभी का जीवन सुरक्षित हो सकेगा। इस अवसर पर संतोष सिंह यादव नीरज सिंह नीरज गुप्ता रितेश कुमार सिंह दीपशिखा सिंह एवं श्रुति श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड पखवाड़े में मोहमदाबाद रहा प्रथम

**गाजीपुर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चलने वाले सभी तरह के योजनाए चाहे वह कोविड.19 टीकाकरण का हो या फिर अन्य किसी योजना का। लेकिन सभी योजना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहमदाबाद हमेशा से अव्वल आता रहा है। जिसको लेकर जिलाधिकारी भी कई बार अपनी बैठकों में इस बात को कह चुके हैं और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षक को मोहमदाबाद की कार्यप्रणाली से सबक लेने की बात कह चुके हैं। वहीं अब एक बार फिर से 4 मई से 18 मई तक चले विशेष आयुष्मान कार्ड पखवाड़ा में मोहमदाबाद ने अपना स्थान बरकरार रखते हुए जनपद में डंका बजाया है। एसीएमओ डॉ डीपी सिन्हा ने बताया कि 18 मई को बीते आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए चल रहे विशेष पखवाड़ा का समापन होने के बाद जो रिपोर्ट स्टेट से प्राप्त हुई उसके अनुसार जनपद में 96243 परिवार का 46718 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिसके आधार पर जनपद प्रदेश में प्रथम रहा। वहीं अगर हम जनपद गाजीपुर के समस्त ब्लॉकों की बात करें तो मोहम्मदाबाद 4227 कार्ड बनाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भावर कोल 3751 कार्ड बना कर दूसरे स्थान पर और बाराचवर 3724 कार्ड बनाकर तीसरे स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि टॉप 4 ब्लॉकों के चिकित्सा अधीक्षक और बीडियो को प्रशस्ति पत्र देकर विभाग के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## धोखाधड़ी और जबरन वसूली के मामले में सपा नेता समेत नौ के खिलाफ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाने मे पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के एक स्थानीय नेता और एक गैंगस्टर समेत नौ लोगो के खिलाफ धोखाधड़ी व जबरन वसूली का मामला दर्ज किया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अर्पित विजय के मुताबिक, आरोपियो ने कथित तौर पर एक स्थानीय व्यापारी मनीष गुप्ता को बंदी बनाकर उसे जमीन के एक मूल्यवान भूखंड की डीड स्थानांतरित करने को मजबूर किया। उन्होने बताया कि पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर रविवार को नई मंडी थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 342 (गलत तरीके से प्रतिबंधित करना), 386 (जबरन वसूली), 392 (लूट), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत सभी नौ आरोपियो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। विजय के अनसार, आरोपियों में से एक सौरभ अग्रवाल सपा की जिला इकाई का पदाधिकारी है, जबकि एक अन्य आरोपी संजीव माहेश्वरी गैंगस्टर है और वह इस समय आपराधिक मामले में लखनऊ की जेल में बंद है। शिकायत के मुताबिक, घटना पिछले साल की है। मनीष गुप्ता का आरोप है कि घटना के बाद डर की वजह से वह जिला छोड़कर चला गया था और हाल ही में वापस लौटा है।

# महानंदा को पलटाने की साजिश नाकाम

## ट्रेन डीरेल कराने की दो हफ्ते में दूसरी कोशिश, रेलगाड़ी का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

संवाददाता। गाजीपुर



**जनपद** के शिवराई थाना अंतर्गत गहमर में दानापुर रेल मंडल के बकैनिया गांव के पास अलीपुर जंक्शन के निकट सिक्किम जा रही महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन को पलटने की साजिश शनिवार देर रात नाकाम हो गई। अराजकतत्वों ने बकैनिया गांव के पास डाउन ट्रैक पर सीमेंट का स्लीपर डालकर उसे डिरेल करने की कोशिश की। जिससे एक बड़ा ट्रेन हादसा टल गया। लोको पायलट की सूझबूझ ने कई लोगों की जान बच गई। स?थानीय लोगों के अनुसार पटरी पर सीमेंट का खंभा रखकर ट्रेन को पलटने की साजिश थी। लोकोपायलट ने खतरा भांप लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दिया। विभागीय सूत्रों के अनुसार ट्रेन दिल्ली से आ रही थी। अप डिस्टेंस बी डब्ल्यू एच सिंगनल के पास किमी 686ध्31.32 पर 15484 महानंदा एक्सप्रेस को पलटने की बड़ी साजिश थी। गहमर रेल पथ निरीक्षक द्वारा जर्जर रेल पटरियों को बदलने के बाद बड़े पैमाना पर सीमेंट के रेल पटरियों को रेलवे ट्रैक के किनारे छोड़ दिया गया है। यहीं से सीमेंट का एक स?लीपर उठा कर ट्रैक पर रख दिया गया था। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बाद भी ट्रेन सिमेंट के स?लीपर से टकरा गयी लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं जिस ट्रैक पर सीमेंट का स?लीपर रखा गया था वहां पर ट्रैक पर गहरा निशान बन गया है। शनिवार की रात लगभग 10रू27 बजे दिल्ली से सिक्किम जाने वाली 15484 महानंदा एक्सप्रेस भदौरा स्टेशन व करहिया हाल्ट स्टेशन के बीच किमी संख्या 686ध्31.32 के पास पहुंची थी कि लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक के ऊपर सीमेंट का स?लीपर रखा देख एमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। जिसके बाद भी ट्रेन काफी करीब से स?लीपर से टकरा गयी। जिससे ट्रेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन के पायलट ने पटरी पर रखे सीमेंट के रेल स्लिपर से इंजन को टकराने की जानकारी भदौरा स्टेशन मास्टर व दानापुर नियंत्रण कक्ष को दी। जिससे रेल महकमे में हड़कंप मच गया। इस दौरान मौकेपर ट्रेन रात 10रू27 बजे से 10रू44 बजे तक लगभग 18 मिनट खड़ी रही। कंट्रोल की सूचना पर रेल कर्मचारी मौके पर पहुंचकर डाउन रेल पटरी से क्षतिग्रस्त सीमेंट के स्लीपर को हटाया गया तथा रेल कर्मचारियों द्वारा ट्रेन के इंजन के जांच पड़ताल के बाद गंतव्य के लिए रवाना किया गया। सूचना पाकर आरपीएफ थाना दिलदारनगर के उपनिरीक्षक नवीन कुमार भी मौके पर पहुंच गए इसके बाद आरपीएफ रेल पथ विभाग व रेल पुलिस के अधिकारी जांच में जुट गए। आखिरकार किसने इस घटना को अंजाम दिया इसकी पड़ताल जारी है। आरपीएफ वरीय सुरक्षा आयुक्त दानापुर प्रकाश कुमार पंडा ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ रेलवे एक्ट की विभिन्न घराओं में मुकदमा दर्जकर विभिन्न एंगल से जांच किया जा रहा है।वही जनपद में पिछले हफ्ते मंगलवार 10 मई की देर रात भी बड़ा ट्रेन हादसा टल गया था। दानापुर मंडल के गहमर रेलवे स्टेशन के पश्चिम तरफ अराजकतत्वों ने अप रेलवे पटरी पर दो जगहों गार्डर रखकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने का प्रयास किया था। संयोगवश डाउन लाइन में जा रही 13202 कुर्ला राजेंद्रनगर एक्सप्रेस ट्रेन के लोको पायलट की नजर अप रेलवे पटरी पर रखे गए गार्डर पर पड़ गई। लोको पायलट ने दानापुर रेल कंट्रोल के साथ गहमर स्टेशन को इसकी जानकारी दी। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई थी ऐसी घटनाएं लगातार इस क्षेत्र में हो रही है 2019 में भी ऐसी घटना हो चुकी हैं फिर भी प्रशासन इस पर कोई बड़ा एक्शन नहीं ले पा रहा है। यह जांच का विषय है कि ऐसी घटना क्षेत्र में बार.बार क्यों हो रही है। आखिर जिम्मेदार अधिकारी कर क्या रहे हैं यह तो अब जांच का ही विषय है।

## आगरा में यमुना नदी में नहाने गए तीन साथी डूबे, हुई मौत

भाषा। आगरा

**आगरा के** बटेश्वर में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। भगवान शिव के दर्शन से पहले यमुना नदी में स्नान करने के लिए कूदे तीन दोस्त डूब गए, जिससे तीनों की मौत हो गई।

थाना बाह निरीक्षक संदीप शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर गोताखोरों ने यमुना में तलाश शुरू की। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आयुष (18) और कन्हैया (25) को गोताखोरों ने निकाल लिया। पुलिस ने बताया कि तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी, इसके करीब आधा घंटे बाद सौरभ (19) का शव भी मिला। बटेश्वर में सोमवार सुबह फतेहाबाद के पीताबाई पोखर निवासी 18 वर्षीय आयुष पुत्र सितारी, फतेहाबाद के कछयाई निवासी 19 वर्षीय सौरभ पुत्र पूरन और 25 वर्षीय बोदला निवासी कन्हैया पुत्र बंटू वहां पहुंचे थे। बताया गया है कि बटेश्वर में भगवान शिव के दर्शन से पहले तीनों युवक यमुना में स्नान कर रहे थे। सबसे पहले आयुष ने यमुना में छलांग लगाई। वह गहरे पानी में पहुंचकर डूबने लगा। उसे बचाने के लिए सौरभ और कन्हैया ने भी यमुना में छलांग लगाई।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राम वनगमन मार्ग से संबंधित जनहित याचिका कर दी खारिज

भाषा। प्रयागराज (उप्र),

**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने राम वनगमन मार्ग का निर्माण इतिहास के मुताबिक करने के लिए केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश जारी करने के अनुरोध संबंधी जनहित याचिका खारिज कर दी है।



कौशांबी के रजनीश कुमार पांडेय नाम के व्यक्ति द्वारा दायर इस जनहित याचिका में उन सभी स्थानों को जोड़ने का अनुरोध किया गया था जहां भगवान राम ने वनगमन के दौरान रात्रि में विश्राम किया। मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसे राजनीतिक मंशा से दायर किया गया है। अदालत ने पिछले सप्ताह याचिका खारिज करते हुए दो कारण गिनाए थे। अदालत ने पहला कारण बताते हुए कहा कि याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय, नियम 1952 के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया है क्योंकि याचिकाकर्ता ने अपने परिचय का उल्लेख नहीं किया है। अदालत ने कहा कि यहां केवल यह उल्लेख किया गया है कि याचिकाकर्ता एक सामाजिक कार्यकर्ता है। हालांकि सुनवाई के दौरान उसके वकील ने बताया कि याचिकाकर्ता एक राजनीतिक व्यक्ति है। अदालत ने कहा कि दूसरा कारण यह है कि इस याचिका में जिस मुद्दे को उठाया गया है, उसके बारे में याचिकाकर्ता एक राजनीतिक व्यक्ति होने के नाते कुछ नहीं जानता। अदालत ने कहा कि वस्तुत: यह याचिका गुप्त उद्देश्य से दायर की गई है और राज्य सरकार ने इस परियोजना पर निर्णय से पहले गहन अनुसंधान जरूर किया होगा। अदालत ने कहा कि राम वनगमन मार्ग में परिवर्तन के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में भगवान राम ने अयोध्या से अपनी यात्रा शुरू की थी और वह प्रतापगढ़, प्रयागराज और कौशांबी होते हुए चित्रकूट गए थे। इस पथ को राम वनगमन मार्ग कहा जाता है और इसकी लंबाई लगभग 177 किलोमीटर है।

## बांदा में फिर कोरोना का खौफ

# दो लोगों की जा चुकी है जान, कई संक्रमित

### नगर में चौथी लहर की दस्तक से दहशत का माहौल, शनिवार को 8 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई- शहर में 41 सक्रिय मरीज, सीएमओ ने लोगों को किया आगाह, कहा अभी सावधानी नहीं बरती तो घातक हो सकता है कोविड का ये अटैक

संवाददाता। बांदा




**कोरोना** संक्रमण से दो लोगों की मौत को लेकर फिर सनसनी फैल गई। स्वास्थ्य विभाग ने इससे बचाव के प्रति पूरी तरह सचेत रहने की अपील की है। घटनाक्रम के अनुसार संक्रमित एक वृद्धा की मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं दूसरे मामले में नरैनी रोड में वृद्धा आश्रम में 62 वर्षीय बुजुर्ग की जान चली गई। कोविड महामारी कीी एक बार फिर बांदा नगर में दस्तक से दहशत का माहौल है। शनिवार को 8 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है शहर में 41 सक्रिय मरीज है इसमें 9 मेडिकल कॉलेज के कोविड वार्ड में भर्ती हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के श्रीवास्तव के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र में कटरा निवासी 66 वर्षीय बुजुर्ग 13 मई को टीवी के इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था द्य14 मई को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थीद्य 18 मई की रात उनकी मौत हो गई वहीं 19 मई को वृद्ध आश्रम नरैनी रोड से 68 वर्षीय बुजुर्ग को सांस लेने में दिक्कत हुई 20 मई को अपराहन 3रू15 बजे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया द्यशनिवार दोपहर 1 बजे उनकी मौत हो गई। सीएमओ ने बताया कि को रोना नगर में घर कर रहा है इसके लिए जरूरी है कि बिना मास घर से ना निकले भीड़भाड़ से बचें सैनिटाइजर का प्रयोग करें बचाव ही पहला इलाज संक्रमण से बचाव को लेकर अनदेखी की जा रही हैद्य जिसके चलते रेलवे स्टेशन व रोडवेज में भी जांच के नाम पर खानापूरी की जा रही है। लोग खुद भी बचाव के उपायों का पालन नहीं कर रहे इसमें संक्रमण के फैलाव का खतरा बढ़ सकता है द्यबचाव के लिए मांस का इस्तेमाल करें भीड़ की जगह जाने से बचे संक्रमण के लक्षण समझ में आने पर जांच कराएं रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर मुकेश कुमार यादव ने जनता से अपील की है को रोना फिर से अपने पैर पसार रहा हैद्य अब मंडल वासियों के चारों जनपदों की जनता से अपील हैद्य प्रथम मास्क जरूर लगाएं घर से निकलते ही मास्क लगा ले और हाथ में सैनिटाइजर की बोतल रखे छोटी हो या बड़ी भीड़.भाड़ इलाके में यदि जरूरी ना हो तो ना जाए क्योंकि यह कीटाणु फिर से अटैक की पोजीशन में हैद्य यदि हम यह तो सावधानी करेंगे तो हर हाल में जान बचेगी कोरूणा को हराना है तो हमें इन दोनों बातों का ध्यान रखना पड़ेगा साथ में यदि आपको कोई खांसी जुखाम बुखार के लक्षण दिखते हैं द्यतो तत्काल टेस्टिंग कराये इस परिस्थिति में कतई भीड़.भाड़ इलाके में मत जाएं क्योंकि इससे और भी फैलने की आशंका हो जाती हैद्य जिला अधिकारी अनुराग पटेल बांदा ने मीडिया के माध्यम से संपूर्ण जनपद वासियों से अपील की हैद्य सभी व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें साथ में सैनिटाइजर भी प्रयोग करें भीड़ भाड़ इलाके में ज्यादा ना जाएं घर से अभी निकले जब कोई जरूरी कार्य हो और फ्रिज का पानी ठंडा ना पिए थोड़ा गुनगुना पानी पिए बहुत ठंडी चीजों का इस्तेमाल ना करें कोरोना को हराना है तो कुछ नियमों का ध्यान जमीनी तौर पर रखना पड़ेगा और स्वयं उसको पालन करना पड़ेगा जिन व्यक्तियों ने कोरोना का टीका ना लगवाया हो वह जरूर लगवा ले आप तो सरकार ने 18 साल से नीचे वालों को भी लगवा रही है सभी स्वास्थ्य केंद्रों में टीका उपलब्ध है फ्री आपको सरकार सभी सुविधाएं फ्री में दे रही हैद्य आप लोग सचेत हो जाइए और सावधान हो जाइए डरने की जरूरत नहीं हैद्य लेकिन सावधानी जरूरी है।

# भांजे की हत्या की फिर खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर थाने पहुंचा

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में सोमवार को एक व्यक्ति ने अपने ही भांजे की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी और खुद ही थाने पहुंच गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोमवार की सुबह ग्राम दरिया नगला निवासी सूरजपाल हाथ में खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर सौरिख थाने में पहुंचा। सूरजपाल ने थानाध्यक्ष को बताया कि उसने विवाद में अपने भांजे सुनील कुमार (32) की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार सुनील कुमार मैनपुरी जिले के एलाऊ थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी भीकम सिंह का पुत्र था। आरोपी सूरजपाल के हवाले से पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार बचपन से ही अपने ननिहाल में था और उसका पिता भीकम सिंह अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। पुलिस ने बताया कि भीकम सिंह की तबीयत खराब होने की वजह से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसे सूरजपाल देखने जाना चाहता था, लेकिन सुनील ने उसे रोक दिया। पुलिस के मुताबिक इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई हुई और मामा ने अपने भांजे की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद वह थाने पहुंचा और खुद घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ घटनास्थल का भी दौरा किया।

## जमीन की लालच में भाई की हत्या, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर।** जिले के मंडावली थाना इलाके में जमीन की लालच में बड़े भाई ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि थाना मंडावली के जंगल ग्राम रामनगर में 20 मई को एक युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त थाना बिजनौर के गांव रशीदपुर गढ़ी के लवी(20) के रूप मे हुई थी। लवी के दादा ने थाना मंडावली में अपने ही पोते शोभित (28) आदि के विरुद्ध लवी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी शोभित और उसके साथी वासु व गजेंद्र को रविवार को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कार, गमछा और मोबाइल बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने शोभित से की गई पूछताछ के हवाले से बताया कि शोभित और उसके छोटे भाई लवी के हिस्से में साढ़े आठसाढ़े आठ बीघा जमीन आई थी। नशे के लती शोभित ने अपनी जमीन बेच दी और सारा पैसा खर्च कर दिया। शोभित ने अपने भाई लवी की जमीन हड़पने की लालच में अपने दोस्तों के साथ मिलकर भाई की हत्या की योजना बनाई। उसने अपने दोस्तों को 25-25 हजार रुपए की पेशगी दी और डेढ़ लाख रुपए हत्या के बाद देने का वादा किया। उसने अपने दोस्तों को 25-25 हजार रुपए की पेशगी दी और डेढ़ लाख रुपए हत्या के बाद देने का वादा किया। इसके बाद योजना के तहत 19 मई को शोभित, वासु और गजेंद्र ने लवी को हरिद्वार घुमाने के लिए कार से लेकर चल दिए। रास्ते में लकड़हान नदी के किनारे सभी ने मिलकर शराब पिए और जब लवी नशे में हो गया तो तीनों ने गमछे से उसका गला घोंट दिया। तीनों हत्या करने के बाद शव फेंककर फरार हो गए।

# महिला और बच्चे की तालाब में डूबने से मौत

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के कोखराज क्षेत्र में सोमवार दोपहर तालाब में सेहरा प्रवाहित करने के दौरान तालाब में डूबने से एक महिला और बच्चे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद नगर निवासी शानू के बेटे असद की पिछले दिनों एक रस्म हुई थी। उस दौरान उसे पहनाए गए सेहरे के फूलों को पास के ही एक तालाब में प्रवाहित करने के लिए परिवार के सदस्य तथा कुछ पड़ोसी लोग गए थे। उन्होंने बताया कि फूल प्रवाहित करने के दौरान पैर फिसलने से शाहबाज (13) और पड़ोस में रहने वाली महिला शाहीन (50) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तालाब में डूबने से दो छात्रों की जान गई

**प्रतापगढ़।** जिले के आसपुर थाना इलाके में सोमवार को तालाब में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के विनैका गांव में सोमवार को तालाब में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई। थाना आसपुर देवसरा के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश सिंह ने बताया कि विनैका गांव के कक्षा तीन का छात्र जिग्नेश गुप्ता (आठ) और शनि (नौ) घर के समीप तालाब में अचानक पैर फिसलने से डूब गए। दोनों को बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

## कलश विसर्जन के दौरान गंगा में डूबकर दो युवकों की मौत

बदायूं। बदायूं जिले के उसहैत थाना क्षेत्र में कलश विसर्जन करने पहुंचे एटा निवासी दो युवकों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रवीण सिंह चौहान के मुताबिक, खैरपुर गांव निवासी चार दोस्त जयदेव, गुलशन, शिवम और अभय प्रताप सिंह कलश विसर्जन के लिए उसहैत थाना क्षेत्र के अटैना गंगा घाट पर आए थे। उन्होंने बताया कि कलश विसर्जन के दौरान अचानक तेज बहाव के कारण चारों गंगा में बहने लगे। चौहान के अनुसार, चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने जयदेव और गुलशन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, मगर अभय प्रताप सिंह (22) और शिवम (21) डूब गए। उन्होंने बताया कि लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद देर रात गोताखोरों ने दोनों के शव नदी से निकाल लिए। चौहान के मुताबिक, पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## डीएम ने अफसरों के संग चन्द्रावल नदी के जीर्णोद्धार कार्य का लिया गहन जायजा



संवाददाता। बांदा

**तहसील** पैलानी क्षेत्र मेंगरजते बादलों, कड़कती बिजली एवं बारिश की पहली फुहारों के बीच पैलानी तहसील दिवस के बाद जिलाधिकारी अनुराग पटेल ने चंद्रावल नदी के बाँदा जनपद में एंट्री प्वाइंट कैथी गांव ;हमीरपुर तथा बाँदा जनपद के गडरिया गांवएविकासखंड जसपुरा में चल रहे चन्द्रावल नदी के जीर्णोद्धार कार्य का अधिकारियों के साथ निरीक्षण एवं जीर्णोद्धार कार्य को 15 जून तक पूरा करने के साथ उसपर चर्चा की। चंद्रावल कीजलपरीकेसाथअधिकारियों ने प्यार. दुलार भी किया। बताते चलें कि जिला कलेक्टर बांदा ने यह बीड़ा उठा रखा है जल संचय कराना विलुप्त हुई नदियों को पुन: अपने आकार में लाना उनका जीर्णोद्धार करना इसी परिपेक्ष में कलेक्टर बांदा अनुराग पटेल पैलानी तहसील की चंद्रावल नदी जो विलुप्त हो रही है उसका जीर्णोद्धार कराने का पूरा प्रयास कर रहे हैं मनरेगा के जरिए लोगों को कार्य भी मिलना है और नदी का जीर्णोद्धार हो रहा है उसमें पुणे पानी का सैलाब भरने का भागीरथी प्रयास चल रहा है आज इस प्रकार से समाधान दिवस के बाद सभी अधिकारी सभी विभागों के तथा एसडीएम महोदय सीडीओ मनरेगा इंचार्ज लो लश्कर के साथ थे लगभग 5किमी पैदल चलकर देखा चंदरवाल विलुप्त होती नदी का सच।

# रॉयल्स पर टाइटंस का पलड़ा रहेगा भारी

## ● पहले क्वालीफायर का मुकाबला आज

भाषा। कोलकाता





**घातक गेंदबाजी** आक्रमण और कई फिनिशर की मौजूदगी वाली पदार्पण सत्र में खेल रही गुजरात टाइटंस की टीम मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में पूर्व चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। फिट होकर वापसी करने वाले हार्दिक पंड्या पहली बार आईपीएल में किसी टीम की अगुआई कर रहे हैं और उन्होंने गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते हुए टाइटंस को लीग चरण में शीर्ष पर जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। चौथे नंबर पर कुछ उम्दा पारियां खेलने के अलावा पंड्या ने अपने खिलाड़ियों का अच्छा इस्तेमाल किया, फिर यह चाहे डेथ ओवरों में राशिद खान की चतुराई भरी गेंदबाजी हो या इस स्टार की डेविड मिलर और राहुल तेवतिया की आक्रामक जोड़ी के साथ तूफानी बल्लेबाजी। टीम का कमजोर पक्ष उसकी शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी रही है। शुभमन गिल से सभी को काफी उम्मीद हैं लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे हैं लेकिन अनुभवी रिद्धिमान साहा को शीर्ष क्रम पर उतारने का टीम को काफी फायदा मिला। भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज साहा ने नौ मैच में तीन अर्धशतक जड़कर शीर्ष क्रम में गिल के लचर प्रदर्शन की भरपाई की। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद ने मध्य और डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी की जबकि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई हैं और मौजूदा सत्र में वह पावर प्ले में 11 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं। भारतीय टीम से बाहर होने के बाद से सुर्खियों में रहे साहा एक बार फिर बंगाल टीम के अपने साथी शमी के साथ अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। प्ले आफ मुकाबले नए विकेट पर खेले जाएंगे जिससे तेज गेंदबाजों पर नजरें रहेंगी। पंड्या ऐसे में लॉकी फर्ग्युसन और शमी के साथ अल्जारी जोसेफ को तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। टाइटंस ने लीग चरण में रॉयल्स को 37 रन से हराया था लेकिन पहले टूर्नामेंट के चैंपियन के पास कुछ शीर्ष स्पिनर मौजूद हैं और अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में वे कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं। टाइटंस की टीम हालांकि पिछले कुछ मैच में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे पिछले पांच मैच में तीन हार का सामना करना पड़ा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आठ विकेट की हार भी शामिल है। टाइटंस ने चार में से तीन मुकाबले जबकि रॉयल्स ने पांच में से चार मुकाबले पहले बल्लेबाजी करते हुए गंवाए जिसके कारण टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। संजू सैमसन की टीम में मौजूदा सत्र में आरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे जोस बटलर और युजवेंद्र चहल शामिल हैं। आरेंज कैप सबसे सफल बल्लेबाज जबकि पर्पल कैप सबसे सफल गेंदबाज को दी जाती है। इसके अलावा टीम के पास रविचंद्रन अश्विन का अनुभव है जिन्होंने सत्र के दूसरे हाफ में अपनी विविधता से प्रभावित किया है और अपनी बल्लेबाजी से भी बड़ा अंतर पैदा किया। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ नियमित बल्लेबाजों शिमरोन हेटमायर और रियान पराग से पहले पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अश्विन ने 23 गेंद में नाबाद 40 रन की पारी खेलकर टीम को पांच विकेट की जीत दिलाई और टीम का शीर्ष दो में रहना सुनिश्चित किया। लेकिन अगर टीम को 2008 के आईपीएल जीतने के प्रदर्शन को दोहराना है तो सिर्फ अश्विन ही नहीं बल्कि शीर्ष क्रम को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। टीम के शीर्ष स्कोरर बटलर टूर्नामेंट के अंतिम चरण में निराश कर रहे हैं और पिछले तीन मैच में दो, दो और सात रन की पारियों से 11 रन ही जुटा पाए हैं। इंग्लैंड के बटलर ने मौजूदा सत्र में तीन शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं लेकिन पिछली पांच पारियों में वह 50 रन के आंकड़े को छूने में विफल रहे है और टीम को उम्मीद होगी कि उनकी यह रन मशीन एक बार फिर बड़ी पारी खेलेगी।

### व्यवधान की स्थिति में सुपर ओवर से हो सकता है विजेता का फैसला

**नई दिल्ली।** अगर बारिश का खलल पड़ता है और नियमित समय मे खेल संभव नही हो पाता तो इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सत्र के विजेता का फैसला सुपर ओवर से हो सकता है। आईपीएल के दिशानिर्देशो के अनुसार एक भी ओवर संभव नही हो पाता तो लीग की तालिका का सहारा लिया जाएगा और उसमे स्थिति के आधार पर विजेता का फैसला होगा। यह नियम क्वालीफायर एक, एलिमिनेटर, क्वालीफायर दो पर भी लागू होंगे जिनके लिए कोई रिजर्व दिन नही रखे गए हैं। खिताबी मुकाबले के लिए 30 मई को रिजर्व दिन रखा गया है। यह मुकाबला रात आठ बजे से खेला जाएगा। आईपीएल के प्ले आफ मुकाबलों की शुरुआत कोलकाता मे होगी जहां खराब मौसम की भविष्यवाणी की गई है और ऐसे मे बारिश के कारण मैच मे व्यवधान की आशंका को देखते हुए आईपीएल ने दिशानिर्देश जारी किए है। मंगलवार को पहले क्वालीफायर मे राजस्थान रॉयल्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस से होगी जबकि अगले दिन इसी स्थान पर एलिमिनेटर मे लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की टीम आमने सामने होंगी। दूसरा क्वालीफायर और फाइनल अहमदाबाद मे क्रमशः शुक्रवार और रविवार को खेला जाना है। आईपीएल दिशानिर्देशो के अनुसार, प्रत्येक प्ले आफ मैच मे जरूरत पड़ने पर मैच के ओवरो की संख्या को प्रत्येक टीम के लिए कम से कम पांच ओवर की बल्लेबाजी तक कम किया जा सकता है। इसमे कहा गया, एलिमिनेटर और प्रत्येक क्वालीफायर मे, अगर अतिरिक्त समय के बाद भी पांच ओवर का खेल पूरा नही हो पाता तो अगर हालात साथ देते है तो संबंधित एलिमिनेटर या क्वालीफायर मुकाबले के विजेता का फैसला सुपर ओवर के जरिए होगा। दिशानिर्देशों मे कहा गया, अगर सुपर ओवर संभव नही होता है तो 70 मैच के नियमित सत्र के बाद अंक तालिका मे बेहतर स्थिति मे रहने वाली टीम को संबंधित प्ले आफ मुकाबले या फाइनल मे विजेता घोषित किया गया। अगर 29 मई को फाइनल शुरू होता है और एक भी गेंद फेंकी जाती है तो मैच अगले दिन वही से शुरू होगा जहां रुका था।

## इंग्लैंड का सामना करेंगे तो काउंटी क्रिकेट में खेलने का फायदा मिलेगा : पुजारा

भाषा। नई दिल्ली

**काउंटी क्रिकेट** में सफलता के बाद एजबस्टन टेस्ट के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ भारत जब एकमात्र टेस्ट के लिए उतरेगा तो उन्हें ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट खेलने का फायदा मिलेगा। चौंतीस साल के पुजारा ने ससेक्स की ओर से डिवीजन दो के पांच मैच में दो दोहरे शतक और दो शतक की मदद से 720 रन बनाए जिसके बाद चयनकर्ताओं ने पिछले साल हुई टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें भारतीय टीम में जगह दी। मुझे खुशी है कि मुझे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए चुना गया और हाल में काउंटी में मेरे प्रदर्शन पर गौर किया गया। काउंटी मुकाबलों के दौरान क्रीज पर समय बिताने के बाद मेरा मानना है कि मुझे इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में इसका फायदा मिलेगा। हमेशा की तरह दौरे से पहले अच्छी तैयारी और ट्रेनिंग को लेकर उत्सुक हूं तथा उम्मीद करता हूं कि भारतीय टीम में योगदान देना जारी रखूंगा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल स्थगित किया गया पांचवां टेस्ट बर्मिंघम में एक से पांच जुलाई तक खेला जाएगा।

# सुपरनोवाज को ट्रेलब्लेजर्स ने 163 रन पर आउट किया

भाषा। पुणे



सुपरनोवाज ने महिला टी20 चैलेंज में सर्वोच्च स्कोर बनाते हुए गत चैम्पियन ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ सत्र के पहले मैच में 163 रन जोड़े। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया और 29 गेंद में 37 रन बनाए। हरलीन देयोल ने 35 और डिएंड्रा डोटिन ने 32 रन की पारी खेली। आखिरी दो ओवर में हालांकि टीम ने आठ रन के भीतर नाटकीय ढंग से पांच विकेट गंवा दिए। हेली मैथ्यूज ने ट्रेलब्लेजर्स के लिए 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि सलमा खातून ने 30 रन देकर दो विकेट लिए। सुपरनोवाज ने शुरूआत अच्छी की और पावरप्ले में 58 रन जोड़े। डोटिन ने 17 गेंद में 32 रन बनाए। उन्होंने रेणुका सिंह को तीसरे ओवर में तीन चौके जड़े और इस ओवर में 14 रन निकाले। वह पांचवें ओवर में रन आउट हो गए लेकिन अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्का लगाया। सलामी बल्लेबाज प्रिया पूनिया (22) आठवें ओवर में आउट हुई। देयोल ने तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत के साथ 37 रन जोड़े। उन्होंने मैथ्यूज को आठवें ओवर में लगातार दो चौके लगाए लेकिन अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सकी। पूनिया के आउट होने के बाद आई कौर ने दूसरे छोर से विकेटों के पतझड़ के बीच रनगति को बढाए रखा। सुने लूस (10) को राजेश्वरी गायकवाड़ ने 15वें ओवर में आउट किया जबकि अलाना किंग को खातून ने पांच के स्कोर पर पवेलियन भेजा। पूजा वस्त्राकर और हरमनप्रीत 19वें ओवर में तीन गेंद के भीतर आउट हो गई ।

**स्कोरबोर्ड : सुपरनोवाज पारीः** पूनिया बो मैथ्यूज 22, डॉटिन रन आउट (शर्मीन अख्तर) 32, देओल पगबाधा सलमा 35, हरमनप्रीत रन आउट (अरुंधति 37,सुने लूस का रेणुका बो राजेश्वरी 10, किंग का स्मृति बो सलमा 5,वस्त्रकर का रिचा बो पूनम 14, एकलस्टन पगबाधा मैथ्यूज 05,भाटिया नाबाद 01,मेघना रन आउट (डंकली घोष) 02, वी चंदू पगबाधा मैथ्यूज 00, **अतिरिक्त** : 00, कुल योगः (20 ओर मे सभी आउट) 163 रन, **विकेट पतनः** I-50, 2-63, 3-100, 4-121, 5-128, 6-155 , 7-160 , 8-160, 9-163, **गेंदबाजीः** रेणुका 2-0-22-0 , राजेश्वरी 4-0-34-I, अरुंधति 2-0-19-0,मैथ्यूज 4-0-29-3, पूनम 4-0-29-I ,सलमा 4-0-30-2

## भारत को राष्ट्रमंडल खेलों के बहिष्कार पर विचार करना चाहिए : मनु भाकर

**नई दिल्ली।** पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रमंडल खेलो से निशानेबाजी स्पर्धा को हटाए जाने के विरोध मे भारतीय टीम को इन खेलो के बहिष्कार पर विचार करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया मे 2026 मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों से निशानेबाजी के साथ कुश्ती और तीरंदाजी को खेलो की प्रारंभिक सूची से हटाने से भारत को बड़ा झटका लगा है। राष्ट्रमंडल खलो के पिछले कुछ आयोजनों मे भारतीय खिलाड़ियों का इन खेलो मे शानदार प्रदर्शन किए है।

## गोकुलम व एटीकेएमबी की नजरें नॉकआउट चरण में पहुंचने पर

**कोलकाता।** एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) और गोकुलम केरल की टीमें मंगलवार को यहां जब एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) कप के ग्रुप चरण के अपने-अपने आखिरी मैच के लिए मैदान मे उतरेंगी तो उनकी नजरे जीत के साथ नॉक-आउट चरण के लिए क्वालीफाई करने पर होगी। पिछले मैच मे बड़ी जीत करने के बाद एटीकेएमबी के पास लय है, तो वही गोकुलम केरल की टीम पिछली हार को भुला कर इस मैच मे वापसी करना चाहेगी।

## मेंडिस को मैच के दौरान सीने में दर्द के बाद अस्पताल ले जाया गया

**ढाका।** श्रीलंका के बल्लेबाज कुसल मेंडिस को सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन सीने मे दर्द के बाद ढाका के एक अस्पताल मे ले जाया गया। लंच से पहले आखिरी ओवर के दौरान मेंडिस असहज महसूस कर रहे थे और मैदान पर लेट गए। टीम के चिकित्साकर्मियों ने उनका इलाज किया, लेकिन वह कुछ ही देर बाद सीने पर हाथ रखकर मैदान से बाहर चले गए। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चिकित्सक मंजूर हसन चौधरी ने कहा, मेंडिस को उचित इलाज और बेहतर देखभाल के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा।

## सालाह, सोन ईपीएल में शीर्ष गोल स्कोरर

**लंदन।** मोहम्मद सालाह और सोन ह्युंग मिन दोनों 23 गोल मे साथ इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल)फुटबॉल टूर्नामेंट मे शीर्ष गोल स्कोरर रहे। सालाह लीग मे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को दिए जाने वाला गोल्डन बूट पुरस्कार अब तीन बार अपने नाम कर चुके है। उन्होने 2017-18 मे अकेले यह खिताब जीता था जबकि 2018-19 और हाल मे संपन्न सत्र मे उन्होने यह खिताब साझा किया। सोन पहली बार लीग मे सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

## जस्टिन थॉमस ने दूसरा पीजीए खिताब जीता

**टुल्सा (अमेरिका)।** अमेरिका के जस्टिन थॉमस ने सात शॉट से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जीता। थॉमस ने अंतिम दौर मे तीन अंडर 67 के स्कोर के साथ वापसी की। उनका कुल स्कोर पांच अंडर 275 रहा। उन्होंने अपने हमवतन विल जेलाटोरिस को तीन होल के प्ले आफ मे पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। थॉमस का यह दूसरा पीजीए खिताब है। चिली के 27 साल के मिटो परेरा के लिए अंतिम कुछ लम्हें दिल तोड़ने वाले रहे।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



भाषा। चेन्नई

**युवा भारतीय** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती को हराकर मेल्टवाटर चैंपियन्स शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 आनलाइन शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रविवार को शुरुआती चरण के 15वें और अंतिम दौर में जीत के साथ प्रज्ञानानंदा ने विदित को नॉकआउट की दौड़ से बाहर कर दिया। क्वार्टर फाइनल में 16 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना चीन के वेई ई से होगा। छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराने वाले प्रज्ञानानंदा 25 अंक जुटाकर नीदरलैंड के अनीष गिरी (29), कार्लसन (28) और चीन के डिंग लिरेन (25) के बाद चौथे स्थान पर रहे।

# ओसाका पहले दौर में अनिसिमोवा से हारी

## ● फ्रेंच ओपन : थीम लगातार 10वीं हार के साथ बाहर

भाषा। पेरिस





**चार बार की** चैम्पियन नाओमी ओसाका की फ्रेंच ओपन में वापसी सोमवार को यहां पहले दौर में हार के साथ समाप्त हो गई है। शीर्ष रैंकिंग पर रह चुकी यह खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से अपना पहला मैच 7-5, 6-4 से हार गईं। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन ओसाका ने पिछले सत्र में दो बार मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर ब्रेक लिया था। उन्होंने इसमें से एक ब्रेक पिछले साल के फ्रेंच ओपन के दौरान भी लिया था। अमेरिका की 20 साल की अनिसिमोवाप 2019 में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में भी ओसाका को हराया था। ओसाका ने दोनों सेट में ब्रेक प्वाइंट पर दो बार डबल फॉल्ट किया। ओसाका ने अपने बाएं पैर के निचले हिस्से पर टेप लगाकर खेल रही थी। दूसरे गेम के सातवें सेट में जब वह पिछड़ रही थी तब गुस्से से अपने बाएं पैर से दाएं पैर पर मार रही थी। इससे पहले दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी आस्ट्रिया के थामीनिक थीम रविवार को लगातार 10वीं हार के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के पहले दौर से ही बाहर हो गए। दुनिया के 194वें नंबर के खिलाड़ी 28 साल के थीम को ह्युगो डेलियन के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 2-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। विश्व रैंकिंग गिरने और लगातार 10वीं हार के बाद संभवत: समय आ गया है कि थीम निचले स्तर के चैलेंजर टूर्नामेंट में खेलकर जीत दर्ज करें और आत्मविश्वास हासिल करें। पेरिस में 2018 में रफेल नडाल के खिलाफ और 2020 में आस्ट्रेलिया ओपन में नोवाक जोकोविच के खिलाफ उप विजेता रहे थीम ने एटीपी टूर पर पिछली जीत मई 2021 में दर्ज की थी। साल के दूसरे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के पहले दिन आसमान में बादल छाए रहे और कुछ मौकों पर हल्की बारिश भी हुई। महामारी के बाद स्टेडियम की क्षमता के शत प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम में आने की स्वीकृति दी गई और स्टैंड में दर्शकों का मास्क पहनना भी अनिवार्य नहीं था। स्पेन के 19 साल के छठे वरीय कार्लोस अल्कारेज ने युआन इग्नेसियो लोंडेरो को 6-4, 6-2, 6-0 से हराया। अमेरिका की 18 साल की कोको गॉफ ने भी कनाडा की क्वालीफायर रेबेका मारिनो को 7-5, 6-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पोलैंड की 56वीं रैंकिंग की माग्दा लिनेट ने छठी वरीय ट्यूनीशिया की ओन्स जेबुर को 3-6, 7-6 (4), 7-5 से हराकर बाहर कर दिया। शीर्ष 10 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में शामिल और 2016 की चैंपियन गरबाइन मुगुरुजा को एस्टोनिया की दुनिया की 46वें नंबर की खिलाड़ी काइया केनेपी ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया। मुगुरुजा को पेरिस में लगातार दूसरे साल पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में नौवें वरीय फेलिक्स आगर एलियासिम ने फ्रेंच ओपन में तीसरे प्रयास में पहले दो सेट गंवाने के बाद पहली जीत दर्ज की। कनाडा के 20 साल के एलियासिम ने पदार्पण कर रहे पेरू के क्वालीफायर युआन पाब्लो वेरिलास को 2-6, 2-6, 6-I, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में अमेरिकी ओपन 2017 चैंपियन स्लोएन स्टीफंस, दुनिया की 23वें नंबर की खिलाड़ी जिल टिचमैन, 26वें नंबर की खिलाड़ी सोराना क्रिस्टिया जबकि पुरुष वर्ग में तीसरे नंबर के एलेक्सांद्र ज्वेरेव, 18वें नंबर के ग्रिगोर दिमित्रोव, 23वें नंबर के जॉन इसनर और 26वें नंबर के बोटिन वेन डि जेंडशल्प भी जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## ज्योति ने ब्रिटेन में 100 मीटर बाधा दौड़ का अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

भाषा। नई दिल्ली

**भारत की** ज्योति याराजी ने ब्रिटेन में लोगबोरो में अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स मीट में खिताब के दौरान दो हफ्ते से कम समय में दूसरी बार महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। आंध्र प्रदेश की 22 साल की ज्योति ने रविवार को 13.11 सेकेंड के समय के साथ 13.23 सेकेंड के अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो सुधार किया जो उन्होंने 10 मई को लिमासोल में साइप्रस अंतरराष्ट्रीय मीट के दौरान बनाया था। भुवनेश्वर में रिलायंस फाउंडेशन ओडिशा एथलेटिक्स हाई परफोर्मेंस केंद्र में जेम्स हिलियर के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग करने वाली ज्योति ने अनुराधा बिस्वाल के 13.38 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जो 2002 में बना था। ज्योति ने पिछले महीने कोझीकोड में फेडरेशन कप में भी 13.09 सेकेंड का समय लिया था लेकिन तब हवा समय रिकॉर्ड करने के लिए वैध सीमा से अधिक तेज चल रही थी इसलिए उनका समय रिकॉर्ड नहीं किया गया और इसे राष्ट्रीय रिकॉर्ड नहीं माना गया।

# आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर भारत ने पाक से ड्रॉ खेला

## ● एशिया कप हॉकी

भाषा। जकार्ता



**गत चैम्पियन** भारत ने आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर एशिया कप पुरूष हॉकी टूर्नामेंट में पूल ए के पहले मैच में पाकिस्तान से 1-1 से ड्रॉ खेला।

भारत ने नौवें मिनट में कार्ति सेल्वम के गोल की मदद से बढत बना ली थी लेकिन पाकिस्तान के लिए अब्दुल राणा ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दागा। भारत का सामना मंगलवार को जापान से होगा। पाकिस्तान को तीसरे ही मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला था लेकिन वह गोल नहीं कर सके। कुछ सेकंड बाद भारत ने भी जवाबी हमले में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन नीलम संजीप सेस के शॉट को पाकिस्तानी गोलकीपर अकमल हुसैन ने बचा लिया। भारत ने पाकिस्तानी डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा और पहले क्वार्टर में दो और पेनल्टी कॉर्नर बनाए। कार्ति ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल नौवें मिनट में किया। इस बीच पाकिस्तान को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सफलता नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत में पाकिस्तानी गोलकीपर हुसैन ने शानदार बचाव करके पवन राजभर को गोल नहीं करने दिया। भारत को 21वें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर भी बेकार गया। हाफटाइम से दो मिनट पहले पाकिस्तान को बराबरी का गोल करने का मौका मिला लेकिन एक बार फिर उसका पेनल्टी कॉर्नर बर्बाद हुआ। दूसरे हाफ में पाकिस्तान ने आक्रामक हॉकी खेली और तीसरा पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन रिजवान अली का शॉट बाहर निकल गया। इसके कुछ मिनट बाद भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने अब्दुल राणा का करीबी शॉट बचाया और रिबाउंड पर अफराज को भी गोल नहीं करने दिया। भारत के लिए भी राजभर और उत्तम सिंह ने मौके बनाए लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर हुसैन काफी मुस्तैद थे। आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षापंक्ति को एकाग्रता भंग होने का खामियाजा भुगतना पड़ा और पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिल गया। गोल लाइन पर यशदीप सिवाच ने बचाव किया लेकिन राणा ने रिबाउंड पर गोल करके पाकिस्तान को बराबरी दिला दी। दिन के अन्य मैचों में मलेशिया ने ओमान को 7-0 से , कोरिया ने बांग्लादेश को 6-। से और जापान ने इंडोनेशिया को 9- 0 से हराया।

## लिटन और मुशफिकुर के शतक से बांग्लादेश की जोरदार वापसी

भाषा। ढाका

**लिटन दास** और मुशफिकुर रहीम के नाबाद शतक और दोनों के बीच रिकॉर्ड साझेदारी से बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन सोमवार को यहां बेहद खराब शुरुआत से उबरते हुए पांच विकेट पर 277 रन बनाए। लिटन ने 221 गेंद में 16 चौकों और एक छक्के से नाबाद 135 रन की पारी खेलने के अलावा मुशफिकुर (नाबाद 115) के साथ छठे विकेट के लिए 253 रन की अटूट साझेदारी की। बांग्लादेश की ओर से छठे विकेट के लिए यह पहली दोहरी शतकीय साझेदारी है। मुशफिकुर 252 गेंद की अपनी पारी में अब तक 13 चौके जड़ चके हैं।

## पावरप्ले में सही जगह पर गेंद डालना महत्वपूर्ण : शमी

**कोलकाता।** इस सत्र में आईपीएल में पावरप्ले के ओवरों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारत और गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को कहा कि उनकी सफलता का राज सही जगहों पर गेंद डालना है। शमी ने पावरप्ले के ओवरों में 11 विकेट लिए हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले क्वालीफायर से पूर्व उन्होंने वर्चुअल बातचीत में कहा , टी20 क्रिकेट में हमारा फोकस विविधता पर होता है। धीमी गेंद, बाउंसर। लेकिन मेरा मानना है कि सही जगह पर गेंद डालने से रन बनाना मुश्किल हो जाता है। मेरी हमेशा यही रणनीति रहती है। कुछ ओवरों के बाद सफेद गेंद स्विंग नहीं लेती है।

## ईडन गार्डन नहीं, मोटेरा मेरा घरेलू मैदानः साहा

**कोलकाता।** घरेलू क्रिकेट में अब तक बंगाल का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने सोमवार को कहा कि उनका नया घरेलू मैदान ऐतिहासिक ईडन गार्डन नहीं, बल्कि गुजरात का मोटेरा स्टेडियम है। इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटन्स का प्रतिनिधित्व कर रहे इस अनुभवी विकेटकीपर ने 2007 में अपने पदार्पण रणजी मैच में शतक लगाया था। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अधिकारियों के साथ मन मुटाव के बाद उन्होंने हालांकि अब इस राज्य का प्रतिनिधित्व नहीं करने का फैसला किया है। सीएबी के एक अधिकारी द्वारा राज्य रणजी टीम के लिए उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाने के बाद साहा ने घरेलू किकेट में बंगाल को छोड़ने का मन बनाया है। साहा ने आईपीएल के क्वालीपायर मैच से पहले ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं यहां गुजरात का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, इसलिए मेरा घरेलू मैदान मोटेरा स्टेडियम है।

## पिछले कुछ मुकाबलों में प्रदर्शन से निराश हूंः बटलर

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर पिछले कुछ मुकाबलों में अपने प्रदर्शन से निराश हैं लेकिन उन्होंने कहा कि वह प्ले आफ में जगह बनाने से पहले टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में अपनी बड़ी पारियों से आत्मविश्वास हासिल करेंगे। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज बटलर ने मौजूदा सत्र में तीन शतक और तीन अर्धशतक की मदद से 147 के स्ट्राइक रेट के साथ 629 रन बनाए हैं लेकिन पिछले तीन मैच में वह दो, दो और सात रन की पारियों के साथ केवल 11 रन बना पाए हैं। बटलर ने मंगलवार को ईडन गार्डन्स में टाइटंस के खिलाफ होने वाले पहले क्वालीफायर से पूर्व कहा, बेशक मैं आईपीएल में अपनी फॉर्म को लेकर रोमांचित था लेकिन पिछले कुछ मैच के प्रदर्शन से निराश हूं।

## पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी करने से सटीक यॉर्कर फेंकने में मदद मिलीः अर्शदीप

**मुंबई।** पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने से खुश बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि पंजाब किंग्स के बड़े शॉट खेलने में समक्ष बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी करने से उन्हें अपने यॉर्कर सटीक करने में मदद मिली। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले 23 साल के अर्शदीप ने अपने अभियान का अंत 10 विकेट के साथ किया लेकिन इस दौरान उन्होंने 7.70 की इकोनॉमी दर से रन दिए।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए कादिर, आसिफ और हैदर को पाकिस्तान टीम में जगह नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए लेग स्पिनर उस्मान कादिर और आक्रामक बल्लेबाज आसिफ अली और हैदर अली को सोमवार को चुनी गई टीम से बाहर कर दिया। मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम ने कहा, उस्मान, आसिफ और हैदर खेल के सबसे छोटे प्रारूप के लिए हमारी योजना में बने हुए हैं। इस साल हमें टी20 विश्व कप सहित इस प्रारूप की कई श्रृंखलाओं में भाग लेना हैं। वसीम ने कहा कि उप-कप्तान शादाब खान और मोहम्मद नवाज की चोट से वापसी के कारण उस्मान एकदिवसीय श्रृंखला की टीम में जगह बरकरार नहीं रख सके।

# मैनचेस्टर सिटी ने 11 साल में छठा ईपीएल खिताब जीता

भाषा। मैनचेस्टर




**मैनचेस्टर सिटी** ने दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां पांच मिनट में तीन गोल दागकर एस्टन विला को 3-2 से हराकर 11 सत्र में छठी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

मैनचेस्टर सिटी ने खिताब की दौड़ में लीवरपूल को एक अंक से पछाड़ा। लीवरपूल ने भी प्रतियोगिता के अंतिम दिन वोल्वरहैम्पटन को 3-। से शिकस्त दी। एस्टन विला ने मैटी कैश (37वें मिनट) और फिलिप कोटिन्हो (69वें मिनट) के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बना ली थी लेकिन पांच मिनट के भीतर इकाय गुनडोगन (76वें और 81वें मिनट) ने दो और रोड्री (78वें मिनट) ने एक गोल दागकर मैनचेस्टर सिटी को जीत और खिताब दिला दिया। इससे पहले लग रहा था कि खिताब लीवरपूल जीत लेगा जिसने पेड्रो नेटो के तीसरे मिनट में दागे गोल से पिछड़ने के बाद सादियो माने (24वें मिनट), मोहम्मद सालाह (84वें मिनट) और एंड्रयू रॉबर्टसन (89वें मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 38 मैच में 93 अंक के साथ खिताब जीतने में सफल रही जबकि लीवरपूल को इतने ही मैच में 92 अंक के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

## पेनल्टी पर चूकने के बाद ग्रेनाडा निचली लीग में खिसका

**मैड्रिड।** दूसरे हाफ मे पेनल्टी पर गोल करने से चूकने के कारण ग्रेनाडा की टीम इस्पानयोल के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर शीर्ष ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट से निचली लीग मे खिसक गई। केडिंज की टीम हालांकि अपने अंतिम मुकाबले मे अलावेस को I-0 से हराकर स्पेन की शीर्ष लीग मे अपनी जगह बरकरार रखने मे सफल रही। जॉर्ज मोलिना को इस्पानयोल के खिलाफ 72वे मिनट मे पेनल्टी पर गोल करने का मौका मिला लेकिन वह चूक गए और टीम को निचली लीग मे खिसकना पड़ा। मोलिना अगर गोल कर देते तो टीम ला लीगा मे बरकरार रहती। केडिंज ने एंथोनी लोजानो के गोल की बदौलत अलावेस को हराकर ला लीगा मे अपनी जगह बरकरार रखी।